आज का तापमान

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 22°C | 11°C |

इनसाइड न्यूज

सूडा कार्यालय में हड़कंप! जन एक्सप्रेस की दस्तक से कांपा...

उत्तर प्रदेश पेज : 03

लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस

शुक्रवार 06 फरवरी, 2026 | पेज : 12 | मूल्य : ₹ 3.00/- लखनऊ | वर्ष : 17, अंक : 116 | www.janexpresslive.com/epaper



'किसानों के हित पूरी तरह से सुरक्षित' 12

# पीएम के साथ हो सकती थी अप्रत्याशित घटनाः ओम बिरला

## लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने कहा, मैंने पीएम को लोकसभा न आने का आग्रह किया, स्पीच टाली, विपक्षी महिला सांसदों ने कुर्सी घेरी थी

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने गुरुवार को कहा कि बुधवार को लोकसभा में पीएम मोदी के साथ अप्रत्याशित घटना हो सकती थी। इसलिए उनकी कल शाम 5 बजे होने वाली स्पीच टालनी पड़ी। आशंका के चलते मैंने ही उनसे न आने का आग्रह किया था। दरअसल, पीएम मोदी 5 फरवरी को लोकसभा में शाम 5 बजे धन्यवाद प्रस्ताव पर जवाब देने वाले थे, लेकिन विपक्ष की महिला सांसदों के हंगामे के चलते स्पीकर संध्या राय ने कार्यवाही अगले दिन तक स्थगित कर दी। इससे पीएम नरेंद्र मोदी का संबोधन भी टल गया था। वहीं, धन्यवाद प्रस्ताव को हंगामे के बीच गुरुवार पास कराया गया। 2004 के बाद पहली बार यह प्रस्ताव प्रधानमंत्री के भाषण के बिना पास हुआ है।



### पीएम ने स्पीकर के आग्रह को माना

ओम बिरला ने बताया कि सदन के नेता होने के बावजूद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनके आग्रह को स्वीकार किया और सदन में नहीं आए। उन्होंने इसके लिए प्रधानमंत्री का आभार जताते हुए कहा कि इससे एक बड़े अप्रिय दृश्य को टालने में मदद मिली और सदन की गरिमा बनी रही। स्पीकर ने दोहराया कि सदन के अध्यक्ष के रूप में उनकी यह संवैधानिक जिम्मेदारी है कि वे लोकसभा की उच्च परंपराओं और मर्यादा की रक्षा करें।

### सुरक्षा को लेकर जताई चिंता

स्पीकर ओम बिरला ने सदन में यह भी खुलासा किया कि जब प्रधानमंत्री को राष्ट्रपति के अभिभाषण पर जवाब देना था, तब उन्हें पुख्ता जानकारी मिली थी कि कांग्रेस के कुछ सदस्य प्रधानमंत्री के आसन तक पहुंचने की कोशिश कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि उन्होंने स्वयं सदन में ऐसे दृश्य देखे, जिससे स्थिति अत्यंत गंभीर हो गई थी। स्पीकर ने कहा कि यदि ऐसा होता तो यह न केवल अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण होता, बल्कि देश की लोकतांत्रिक परंपराओं को भी गहरा आघात पहुंचता। इसी आशंका को देखते हुए उन्होंने एहतियातन प्रधानमंत्री से सदन में न आने का अनुरोध किया।

### विपक्षी व्यवहार को बताया अभूतपूर्व

ओम बिरला ने सदन को बताया कि लोकसभा के इतिहास में पहली बार उन्होंने इस तरह का आचरण देखा है। उन्होंने कहा कि कुछ सदस्यों ने न केवल सदन के भीतर बल्कि अध्यक्ष के कार्यालय में भी जिस प्रकार का व्यवहार किया, वह संसदीय परंपराओं के अनुरूप नहीं था। स्पीकर ने इसे संसदीय व्यवस्था पर काला धब्बा बताया और कहा कि अब तक राजनीतिक मतभेदों को कभी भी अध्यक्ष के कार्यालय तक नहीं ले जाया गया। उन्होंने सभी दलों से अपील की कि मतभेद लोकतंत्र का हिस्सा हैं, लेकिन सदन को सुचारू रूप से चलाने में सभी सांसदों का सहयोग आवश्यक है।

### सदन में बने थे असाधारण हालात

बुधवार को लोकसभा में उस समय असामान्य दृश्य देखने को मिले, जब विपक्ष की महिला सांसद प्रधानमंत्री के संभावित भाषण से पहले बैनर लेकर उनके आसन की ओर बढ़ने लगीं। उस वक्त प्रधानमंत्री सदन में मौजूद नहीं थे और भाजपा सांसद पी.पी. चौधरी राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर अपनी बात रख रहे थे। हालात बिगड़ते देख सदन की कार्यवाही पूरे दिन के लिए स्थगित करनी पड़ी।

> सरकार स्पीकर से यह सब कहलवा रही है, बुधवार को प्रधानमंत्री में सदन में आने की हिम्मत नहीं थी। प्रधानमंत्री को नुकसान पहुंचाने या ऐसी किसी भी बात का सवाल ही नहीं उठता। ऐसी कोई योजना थी ही नहीं। उन्होंने आगे कहा कि यदि सत्तापक्ष अपने सदस्यों को मनमानी करने, किताबें कोट करने और अनर्गल बातें कहने की छूट देगा, तो विपक्ष विरोध करेगा।
>
> –प्रियंका गांधी वाड्रा

### हंगामे के बीच बिना पीएम भाषण के पारित हुआ धन्यवाद प्रस्ताव

गुरुवार को बजट सत्र के चौथे दिन भी संसद के दोनों सदनों में टकराव का माहौल बना रहा। लोकसभा में विपक्ष के हंगामे के बीच राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव प्रधानमंत्री के भाषण के बिना ही ध्वनिमत से पारित कर दिया गया। प्रधानमंत्री सदन में मौजूद थे और बोलने वाले भी थे, लेकिन लगातार व्यवधान के चलते अंततः सत्ता पक्ष ने ध्वनिमत से प्रस्ताव पारित करने का निर्णय लिया। यह 2004 के बाद पहला मौका रहा, जब लोकसभा में प्रधानमंत्री के संबोधन के बिना धन्यवाद प्रस्ताव पारित हुआ।

## राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर बोले पीएम मोदी

# देश तेज़ी से प्रगति कर रहा है

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

संसद के बजट सत्र के दौरान राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा जारी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी धन्यवाद प्रस्ताव पर धन्यवाद प्रस्ताव पर राज्यसभा को संबोधित कर रहे हैं। विपक्ष की जोरदार नारेबाजी के बीच उन्होंने कहा, धन्यवाद प्रस्ताव पर समर्थन के लिए इस सदन में अपनी भावनाओं को व्यक्त करना मैं अपना सौभाग्य मानता हूं। देश आज तेज प्रगति कर रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा, मेरी एक प्रार्थना है। आदरणीय खरगे जी की उम्र को देखते हुए, अगर वे बैठकर भी नारे बोलना चाहें तो बोल सकते हैं। पीछे कई सारे युवा नेता हैं। उन्होंने कहा, राष्ट्रपति जी ने देश के मध्यम वर्ग, इस देश के निम्न–मध्यम वर्ग, गरीब, गांव, किसान, महिलाएं, विज्ञान हो, प्रौद्योगिकी हो, बहुत ही विस्तार से भारत के प्रगति का एक स्वर संसद में गूंजा है। देश के नौजवान भारत के सामर्थ्य को कैसे आगे बढ़ा रहे हैं, इसकी भी विस्तार से चर्चा की गई है। राष्ट्रपति जी ने भारत के उज्ज्वल भविष्य के प्रति भी विश्वास व्यक्त किया है। यह हम सबके लिए प्रेरक है। उन्होंने कहा, पिछली शताब्दी में भारत की आजादी की जंग में दूसरा क्वार्टर बहुत ही निर्णायक बना था। मैं साफ देख रहा हूं कि विकसित भारत के निर्माण की दिशा में यह दूसरा क्वार्टर उतना ही सामर्थ्यवान होने वाला है और उतना ही तेजी से आगे बढ़ने वाला है। राष्ट्र का हर व्यक्ति यह महसूस कर रहा है कि एक अहम पड़ाव पर हम पहुंच चुके हैं। न हमें रुकना है, न हमें पीछे मुड़कर देखना है। हम आगे ही आगे देखना है और लक्ष्य को प्राप्त कर के ही हमें सांस लेनी है। उस दिशा में हम आगे बढ़ रहे हैं।



### भारत की अर्थव्यवस्था पर क्या बोले पीएम मोदी?

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि 2014 में जब हम सत्ता में आए, जब देश आजाद हुआ, तब देश छठी नंबर की अर्थव्यवस्था था। आज हम दुनिया की तीसरे नंबर की अर्थव्यवस्था बनने के करीब हैं।
- उन्होंने कहा कि आज भारत हर क्षेत्र में एक आत्मविश्वास के साथ बढ़ रहा है। कोविड के बाद जो स्थितियां पैदा हुईं, आज दुनिया संभल नहीं पा रही है।
- उन्होंने आगे कहा कि सभी यह स्पष्ट समझ आ रहा है कि दुनिया एक नई विश्व व्यवस्था की तरफ बढ़ रही है। दूसरे विश्व युद्ध के बाद एक विश्व व्यवस्था बनी थी। अब एक नए विश्व व्यवस्था की तरफ देश बढ़ रहा है।
- पीएम मोदी ने कहा कि सारी वर्तमान घटनाओं का अराजनीतिक तरीके से विश्लेषण करेंगे तो झुकाव भारत की तरफ होगा। विश्व बंधु के तौर पर आज भारत दुनिया के कई देशों का भरोसेमंद साझेदार बना है। हम कंधे से कंधा मिलाकर विश्व कल्याण की दिशा में बढ़ रहे हैं।

### 'युवा होता जा रहा हमारा देश'

अपने संबोधन में पीएम मोदी ने आगे कहा, वर्तमान में हम देखें तो भारत के भाग्य के अनेक संयोग एक साथ हमें नसीब हुए हैं। ये अपने आप में बहुत ही उत्तम संयोग है। सबसे बड़ी बात है कि विश्व के समृद्ध से समृद्ध देश भी बुजुर्ग होते जा रहे हैं। वहां की आबादी उम्र के उस पड़ाव पर पहुंची है, जिन्हें हम बुजुर्ग के रूप में जानते हैं। हमारा देश ऐसा है, जो विकास की नई ऊंचाइयां छू रहा है, वैसे ही देश हमारा युवा होता जा रहा है। युवा आबादी वाला देश बनता जा रहा है।

### भारत के प्रति बढ़ा दुनिया का आकर्षण

उन्होंने कहा, दूसरी तरफ मैं देख रहा हूं जिस प्रकार विश्व का भारत के प्रति आकर्षण बढ़ा है। विश्व भारत के टैलेंट का महत्व समझ रहा है। हमारे पास आज दुनिया का बहुत ही अहम टैलेंट पूल है। युवा टैलेंट पूल है, जिसके पास सपने, संकल्प और सामर्थ्य है। यानी शक्ति का आशीर्वाद हमारे साथ है।

### 'दुनिया की चुनौतियों को समाधान दे रहा भारत'

प्रधानमंत्री ने कहा, भारत आज विश्व में जो चुनौतियां पैदा हो रही हैं, उनका समाधान देने वाला देश, आशा की किरण देने वाला देश बना हुआ है और हम समाधान दे रहे हैं। आज अहम अर्थव्यवस्थाओं में भारत का ग्रोथ काफी ऊंचा है। ऊंची विकास दर और कम महंगाई एक अनोखी उपलब्धि है।

### पीएम मोदी ने खरगे की उम्र को लेकर कसा तंज

प्रधानमंत्री मोदी ने विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे की उम्र को लेकर भी तंज कसा। उन्होंने कहा, आदरणीय खरगे जी की उम्र को देखते हुए, अगर वे बैठकर भी नारे बोलना चाहें तो बोल सकते हैं। पीछे कई सारे युवा नेता हैं।

### यूरोपीय संघ के साथ एफटीए पर क्या कहा?

उन्होंने कहा, आज पूरा विश्व वैश्विक दक्षिण की चर्चा करता है, लेकिन उस चर्चा के सूत्रधार के रूप में आज भारत वैश्विक मंचों पर वैश्विक दक्षिण की बुलंद आवाज बन गया है। अनेक देशों के साथ आज भारत फ्यूचर रेडी ट्रेड डील कर रहा है। पिछले कुछ ही समय में दुनिया के अहम नौ बड़े ट्रेड डील हुए हैं। उसमें मदर ऑफ ऑल ट्रेड डील (एक साथ 27 देशों के साथ) यूरोपीय संघ के साथ हुई।

### 'रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म पर जोर दिया'

उन्होंने कहा, हमारी काफी शक्ति उनकी गलतियों को ठीक करने में जा रही है। दुनिया के मन में उनके समय की जो छवि है उसको धोने में मेरी ताकत लगती है। इस काम के लिए हमने फ्यूचर रेडी पॉलिसी पर बल दिया है। देश नीति के आधार पर चल रहा है। विश्व का विश्वास बन रहा है। हमने रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म पर जोर दिया और आज देश रिफॉर्म एक्सप्रेस पर सवार हो चुका है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज दुनिया भारत के उद्यमियों को समानता के भाव से देखती है।

### उनके भाषण की प्रमुख बातें...

**हंगामे पर**

प्रधानमंत्री ने भाषण की शुरुआत के दौरान कहा, ''मेरी एक प्रार्थना है। आदरणीय खरगे जी की उम्र को देखते हुए अगर वे बैठकर भी नारे लगाना चाहें तो लगा सकते हैं। पीछे कुछ युवा नेता भी हैं...।''

**राजा असमानता की बात करे तो...**

प्रधानमंत्री ने कहा, ''कल मैं एक माननीय सदस्य को सुन रहा था। यू तो वे अपने आप को राजा कहलाने में गर्व महसूस करते हैं, लेकिन कल आर्थिक असमानता की बात कर रहे थे। कोई अपने आप को राजा कहे और आर्थिक असमानता की बात करे तो क्या कहेंगे?''

**जो थक गए, वो चले गए**

पीएम ने कहा, ''जो लोग थक गए, वो बेचारे चले गए, लेकिन इनको जवाब देना पड़ेगा कि देश को ऐसी हालत कैसे बना रखी थी कि दुनिया का कोई देश हमसे समझौता करने नहीं आना चाहता था।''

**पूर्व प्रधानमंत्रियों के भाषण**

उन्होंने कहा, ''अब जहां तक कांग्रेस का सवाल है, मैं साफ कहना चाहता हूं कि कुछ मत करो। सिर्फ लाल किले से कांग्रेस के प्रधानमंत्रियों के जो भाषण हैं, उनका विश्लेषण कर लो। आपको साफ लगेगा कि न उनके पास कोई सोच थी, न उनके पास विजन था, न ही इच्छा शक्ति थी। इसका नतीजा देश को भुगतना पड़ा।''

**निर्ममता के नए पैरामीटर**

प्रधानमंत्री मोदी ने तृणमूल कांग्रेस पर भी जमकर निशाना साधा और कहा, ''हमारे तृणमूल कांग्रेस के साथियों ने बहुत कुछ कहा। निर्मम सरकार और उसके पतन के जितने भी पैरामीटर्स हैं, उन सब में वे नए रिकॉर्ड बना रहे हैं और यहां उपदेश दे रहे हैं। (बंगाल में) क्या हाल किया है। ऐसी निर्मम सरकारें से भारत का भविष्य डूब रहा है। उनके लिए महिलाओं पर अत्याचार होता है तो होते रहे, सत्ता नीति के अलावा कुछ करना नहीं है। वे हमें यहां उपदेश दे रहे हैं। ऐसे मुद्दों पर आंखें मूंदकर बैठे हुए लोग हैं।''

**जिनकी सरकार शराब में डूब गई**

''एक हमारे माननीय सदस्य यहां बैठे बोल रहे थे। जिनकी सरकार शराब में डूब गई। जिनका शीशमहल हर एक की आंखों में बैठ गया। ऐसे सभी साथियों से मैं कहूंगा कि तुम कितना दुनिया को धोखा दोगे, आईना देख लिया तो अपनी सच्चाई कहां छिपाओगे?''

**सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों पर**

प्रधानमंत्री ने कहा, ''ये लोग पीएसयू को लेकर कितनी गलत बातें फैलाते रहे। यह अर्बन नक्सल की तरह पीएसयू के बाहर मजदूरों को भड़काने–गुमराह करने का काम करते थे। इन्होंने स्टेट बैंक, एलआईसी, एचएएल को भद्दे तरीके से संभाला। वे अपनी सरकार में इन्हें संभाल नहीं पाते थे, लेकिन हमने पीएसयू के लिए रिफॉर्म्स किए। जिन पीएसयू पर कांग्रेस के ताला ताले लगवाने वाले थे और उसी पर अपनी राजनीतिक रोटी सेंकते थे, आज हमारे वही पीएसयू रिकॉर्ड लाभ में हैं।''

## बीजापुर में 46 लाख के इनामी 12 माओवादी ने किया आत्मसमर्पण, आठ महिला नक्सली शामिल




जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में कुल 46 लाख रुपये के इनामी 12 नक्सलियों ने गुरुवार को पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। यह जानकारी एक वरिष्ठ अधिकारी ने दी। पुलिस अधीक्षक जितेंद्र कुमार यादव ने बताया कि इनमें आठ महिलाएं भी शामिल हैं। ये सभी माओवादी संगठन के 'साउथ सब जोनल ब्यूरो' से जुड़े थे। इन्होंने बस्तर पुलिस की 'पूना मर्जेम' (पुनर्वास से सामाजिक पुनर्स्थापन) पहल के तहत वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के सामने सरेंडर किया। अधिकारी ने बताया कि राज्य सरकार की आत्मसमर्पण और पुनर्वास नीति से प्रभावित होकर इन्होंने मुख्यधारा में लौटने का फैसला लिया। इनमें सोमडू मड़काम (42) डिविजनल कमेटी मेंबर और कटेकल्याण एरिया कमेटी प्रभारी, हुंगी कुंजाम (19) और पायकी कुंजाम (22) शामिल हैं, जो अलग अलग यूनिट के पार्टी मेंबर थे। इन तीनों पर आठ-आठ लाख रुपये का इनाम घोषित था। इसके अलावा तीन अन्य नक्सलियों पर पांच-पांच लाख रुपये, एक पर दो लाख रुपये और पांच पर एक-एक लाख रुपये का इनाम घोषित था। आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों ने एक एके 47 राइफल, दो सेल्फ लोडिंग राइफल (एसएलआर), 250 जिलेटिन स्टिक, 400 डेटोनेटर, बारूद से भरा एक प्लास्टिक ड्रम और कॉर्डेक्स वायर का एक बंडल भी पुलिस को सौंपा। अधिकारी ने बताया कि सभी आत्मसमर्पित नक्सलियों को तत्काल 5- 50 हजार रुपये की सहायता दी जाएगी और सरकार की नीति के तहत उनका पुनर्वास किया जाएगा।

### 2024 से अब तक 888 नक्सलियों ने मुख्यधारा में की वापसी

पुलिस के अनुसार, बीजापुर जिले में एक जनवरी 2024 से अब तक 888 नक्सलियों ने हिंसा छोड़कर मुख्यधारा में वापसी की है, जबकि 1,163 गिरफ्तार हुए और अलग अलग मुठभेड़ों में 231 मारे गए हैं। बस्तर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पट्टिलिंगम ने कहा कि माओवादी संगठन तेजी से अपने अंत की ओर बढ़ रहा है। सुदूर और दुर्गम इलाकों में सुरक्षा कैंप स्थापित होने, सड़क संपर्क बेहतर होने, लगातार सफल नक्सल विरोधी अभियानों और विकास योजनाओं की प्रभावी पहुंच से संगठन का आधार क्षेत्र लगातार सिमट रहा है। उन्होंने शेष नक्सली कैडरों से आत्मसमर्पण की अपील करते हुए कहा कि हिंसा का रास्ता केवल विनाश, पीड़ा और अंधकार की ओर ले जाता है, जबकि 'पूना मर्जेम' अभियान शांति, सम्मानजनक जीवन और सकारात्मक भविष्य का मार्ग प्रशस्त करता है। उन्होंने कहा, हथियार छोड़कर मुख्यधारा में लौटें। सुरक्षित भविष्य और नए जीवन के निर्माण की जिम्मेदारी सरकार और समाज दोनों की है। इस आत्मसमर्पण के साथ ही इस वर्ष अब तक राज्य में 220 से अधिक नक्सली हथियार छोड़ चुके हैं। 15 जनवरी को बीजापुर जिले में ही 52 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया था, जबकि पिछले वर्ष राज्य में 1,500 से अधिक नक्सलियों ने सरेंडर किया था। केंद्र सरकार ने इस वर्ष 31 मार्च तक देश से नक्सलवाद समाप्त करने का संकल्प लिया है।

## पहली सरकारी कैब सर्विस भारत टैक्सी लॉन्च

### ओला-उबर की तरह ड्राइवर को कमीशन नहीं देना होगा, पीक आवर में किराया नहीं बढ़ेगा




जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

देश की पहली सहकारी कैब टैक्सी सर्विस 'भारत टैक्सी' आज से दिल्ली और गुजरात के कुछ शहरों में शुरू हो गई है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दिल्ली में इस एप को लॉन्च किया। इस मौके पर गृह मंत्री ने कहा कि, 'सर्विस की सबसे बड़ी खासियत यह है कि इसमें ड्राइवरों से कोई कमीशन नहीं लिया जाएगा और वे खुद इस प्लेटफॉर्म के हिस्सेदार या मालिक होंगे। इसके अलावा, पीक आवर्स में यूजर्स को सर्ज प्राइस (ज्यादा किराया) भी नहीं देना होगा। भारत टैक्सी' का उद्देश्य ड्राइवरों को निजी एग्रीगेटर कंपनियों के मॉडल से आजादी दिलाना है।' टैक्सी का ट्रायल 2 दिसंबर को दिल्ली और गुजरात के राजकोट में शुरू किया गया था, जो सफल रहा है।

### रिटायरमेंट सेविंग्स और ड्राइवर सपोर्ट सिस्टम मिलेगा

लॉन्चिंग के दौरान अमित शाह एप के ट्रायल में बेहतर प्रदर्शन करने वाले 6 ड्राइवर्स (जिन्हें 'सारथी' कहा गया है) को सम्मानित किया। इन ड्राइवर्स को कंपनी के शेयर सर्टिफिकेट बांटे गए। सम्मानित होने वाले ड्राइवर्स को 5 लाख रुपए का एक्सिडेंटल और 5 लाख रुपए का फैमिली हेल्थ इंश्योरेंस कवर दिया गया। इसके अलावा, प्लेटफॉर्म से जुड़ने वाले सभी ड्राइवर्स के लिए रिटायरमेंट सेविंग्स और ड्राइवर सपोर्ट सिस्टम जैसी सुविधाएं भी जोड़ी गई।

### जीरो कमीशन और सर्ज-प्राइसिंग से राहत मिलेगी

निजी कंपनियां जैसे ओला और उबर आमतौर पर ड्राइवरों की कमाई से 20% से 30% तक कमीशन वसूलती हैं। इसके उलट, भारत टैक्सी 'जीरो-कमीशन' मॉडल पर काम करेगी। यानी ड्राइवर जितनी कमाई करेगा, वह सीधे उसके पास जाएगी। इसके साथ ही, ग्राहकों के लिए भी राहत की बात यह है कि इसमें 'सर्ज-प्राइसिंग' (पीक ऑवर्स में ज्यादा किराया) का सिस्टम नहीं होगा। इससे यात्रियों को भी किफायती दरों पर टैक्सी मिल सकेगी।

### अगले 2 साल में हर शहर तक पहुंचने का टारगेट

भारत टैक्सी को अगले दो साल में देश के सभी राज्यों और प्रमुख शहरों में शुरू करने का टारगेट है। इसके लिए सरकार के डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ इसे इंटीग्रेट किया जाएगा। दिल्ली के 7 प्रमुख स्थानों पर ड्राइवरों के लिए सपोर्ट सेंटर भी शुरू किए गए हैं।

## अलंकार अग्निहोत्री ने राजनीति में उतरने का दिया संकेत, कहा, विकल्प की तैयारी

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

बरेली के सिटी मजिस्ट्रेट रहे निलंबित पीसीएस अधिकारी अलंकार अग्निहोत्री ने कहा कि यूजीसी के नए नियमों के खिलाफ जनप्रतिनिधि आवाज नहीं उठा रहे हैं। खासतौर पर ऐसे नेता जो केवल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चेहरे पर चुनाव लड़कर जीते हैं। अपने व्यक्तिगत जनाधार वाले नेता ब्रजभूषण सिंह और राजा भैया ने जरूर आवाज उठाई है। अलंकार अग्निहोत्री ने भाजपा को ईस्ट इंडिया कंपनी बताया। उन्होंने एससी-एसटी एक्ट का भी विरोध किया। बृहस्पतिवार को शाहजहांपुर पहुंचे अलंकार अग्निहोत्री ने परशुराम धाम पहुंचकर दर्शन किए। इसके बाद एक कैफे में प्रेसवार्ता के दौरान उन्होंने कहा कि लोकतंत्र विफल होता दिख रहा है, इस वजह से उन्हें इस्तीफा देना पड़ा। वह अपने लोगों से लड़ने नहीं आए हैं। इस समय हालात बहुत खराब हो रहे हैं। आने वाले समय में हालात और खराब होंगे।


### अलंकार ने दिया यह बयान

एक सवाल के जवाब में अलंकार अग्निहोत्री ने कहा कि एक विकल्प की तैयारी चल रही है। जल्दी इसकी सूचना दी जाएगी। सामान्य वर्ग की जो दुर्गति हो रही है, उसमें ओबीसी वर्ग भी शामिल है। इन सभी को लेकर एक विकल्प देने जा रहे हैं। इस बयान से अलंकार अग्निहोत्री के राजनीति में उतरने की चर्चाएं शुरू हो गई हैं।

### हिंदू-मुस्लिम के नाम पर चुनाव जीतते हैं नेताः अलंकार

अलंकार अग्निहोत्री कहा कि यूजीसी के नए नियमों के बाद पूरे देश में आग लगी हुई है लेकिन जनप्रतिनिधि कुछ नहीं बोल रहे हैं। ये नेता केवल नरेंद्र मोदी के नाम पर टिकट ले आते हैं और बाद में हिंदू-मुस्लिम ध्रुवीकरण कर चुनाव जीत जाते हैं। इन नेताओं के पास व्यक्तिगत जनाधार नहीं है। जो नेता ब्राह्मण चेहरे हैं, वे थोड़ी सी शर्म, हया और कुल गौरव का ध्यान रखें और इसके खिलाफ आवाज उठाएं। उनको विरोध करना चाहिए। इस दौरान कांग्रेस के युवा जिलाध्यक्ष रामजी अवस्थी, जिला महामंत्री गौरव त्रिपाठी समेत कुछ लोग उनके साथ रहे।

## भारत में अचानक डाउन हुआ एक्स, दिल्ली-मुंबई समेत कई शहरों में सर्विस ठप, यूजर्स परेशान



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

गुरुवार, 5 फरवरी को भारत में लोकप्रिय सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पूर्व में ट्विटर) शाम 4 बजे अचानक डाउन हो गया। डाउन रिपोर्ट्स पर नजर रखने वाली वेबसाइट डाउन डिटेक्टर के मुताबिक, एक्स वेबसाइट यूजर्स इस समस्या से सबसे ज्यादा परेशान हैं, वहीं कुछ यूजर्स को ये दिक्कतें एप में आ रही हैं।

### वेबसाइट यूजर्स परेशान

डाउन डिटेक्टर के अनुसार, लगभग 64 फीसदी यूजर्स ने वेबसाइट में समस्या रिपोर्ट की है, जबकि 23% यूजर्स ने एप में परेशानी की बात कही है। वहीं, 13% लोगों का कहना है कि उन्हें लॉगिन या लॉगआउट में दिक्कतें आ रही हैं। भारत में एक्स के डाउन होने की सबसे ज्यादा रिपोर्ट्स दिल्ली, मुंबई, हैदराबाद और बंगलूरू और चेन्नई से दर्ज कराई गई हैं। एक्स वेबसाइट पर पेज रिफ्रेश होने में समस्या आ रही है। यूजर्स के मुताबिक, पेज रिफ्रेश करने पर 'Something went wrong. Try reloading' का मैसेज दिख रहा है।

### इंस्टाग्राम भी हुआ डाउन

बता दें कि 5 फरवरी की सुबह, इंस्टाग्राम भी कुछ देर के लिए दुनियाभर में डाउन रहा। इस आउटेज का सबसे ज्यादा असर उन लोगों पर देखा गया जो कंप्यूटर या ब्राउजर के जरिए इंस्टाग्राम चलाने की कोशिश कर रहे थे। ट्रैकिंग वेबसाइट 'डाउनडिटेक्टर' के आंकड़ों के अनुसार, भारतीय समयानुसार गुरुवार सुबह 7:00 बजे तक करीब 10,000 से अधिक यूजर्स इस समस्या की शिकायत दर्ज करा चुके थे। हालांकि इस मामले में इंस्टाग्राम की पैरेंट कंपनी मेटा की ओर से अभी तक खराबी के कारण को लेकर कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है।

### इंस्टाग्राम के वेबसाइट पर दिखा असर

रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह समस्या इंस्टाग्राम के मोबाइल एप और वेबसाइट दोनों पर दिख रही थी। हालांकि, ब्राउजर पर चलने वाली वेबसाइट पूरी तरह बंद हो गई थी। कई लोगों ने वेबसाइट में लॉगइन एरर और फीड पर दिख रहे 'सॉरी, समथिंग वेंट रॉन्ग' के मैसेज का स्क्रीन शॉट शेयर कर हाल बयां किया।

# हम किसानों की मांगे पूरी हों,चाहे जो मजबूरी हों: किसान नेता मनोज द्विवेदी

**जन एक्सप्रेस । बांदा**



पैलानी तहसील अंतर्गत अलोना गांव में पांचवे दिन भी भारतीय किसान यूनियन के जिला महासचिव मनोज द्विवेदी की अगुवाई में किसानों की मूलभूत समस्याओं अन्ना मवेशियों द्वारा किसानों भोला प्रजापति,अनूप सिंह, सत्यगोपाल आदि आधा दर्जन किसानों को घायल कर देने के बाद मुआवजा दिलाए जाने, सैकड़ो की तादाद में अन्ना मवेशियों द्वारा किसानों की फसलें चट कर लेने उन्हें संरक्षित करने, एक करोड़ 60 लाख की बनी नई गौशाला में लोहे के तार की जाली लगाऐ जाने समेत अन्य समस्याओं को लेकर किसान आज पांचवे दिन धरने पर बैठा है ना तो यहां तहसील स्तर व जिला स्तर का कोई अधिकारी आ रहा है और ना ही कोई सांसद, मंत्री या ब्लॉक प्रमुख से लेकर अन्य एमएलसी भी किसानों की जुनूनी समस्या से लगातार पल्ला झाड़े हुए हैं।भारतीय किसान यूनियन के जिला महासचिव मनोज द्विवेदी की अगुवाई में किसानों के साथ नारा लगाते हुए चाहे जो मजबूरी हो, हमारी मांगे पूरी हो को लेकर आवाज बुलंद की। जिला महासचिव मनोज द्विवेदी ने बताया कि अलोना गांव में किसानों की बड़ी गंभीर समस्या है यहां पर अन्ना मवेशियों के कारण करीब 3000 बीघा जमीन परती पड़ने के साथ ही साथ प्रतिदिन करीब सैकड़ो की तादाद में अन्ना मवेशी किसानों की फसलें चट कर रहे है जिससे किसान भुखमरी की कगार पर है ऐसे में उन्होंने जिला अधिकारी जे रीभा को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि यहां के किसान 24 जनवरी को जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर अन्ना मवेशियों से छुटकारा दिलाए जाने व अन्य समस्याओं को लेकर मांग की थी वहीं जिलाधिकारी ने आश्वासन भी दिया था लेकिन अभी तक कोई अधिकारी यहां नहीं पहुंचा और न ही समस्या से निजात मिली यह अपने आप में बहुत बड़ी गंभीर समस्या है। अपर आयुक्त ने तहसील में किया निरीक्षण नहीं पहुंचे अलोना गांवरू अपर आयुक्त अमरपाल सिंह ने आज पैलानी तहसील परिसर में निरीक्षण करने के साथ ही साथ जसपुरा ब्लाक एवं सिंधन कला गांव में इंटरलॉकिंग का निरीक्षण करने गए लेकिन लगातार मीडिया में छप रही खबरों से अनभिज्ञ होकर अपर आयुक्त ने अधिकारियों के साथ अलोना गांव पहुंचकर किसानों की कोई सुधि न लेना अपने आप में एक बड़ा सवाल है वही आगे कहा कि एक दिन पहले खंड विकास अधिकारी तिंदवारी रमेश कुमार द्वारा किसानों को ही चंदा से दूसरी गौशाला बनवा जाने को लेकर बेतुके बोल पर कहा कि यहां अधिकारी मस्त है और किसान त्रस्त है। पांचवें दिन आमरण अनशन पर किसान विकास टेलर, ऋषि सिंह, बल्ला साहू ,मनोज कुमार, शिव शरण सिंह ,सभाजीत, अंकुश ,अशोक, श्याम करण साहू ,बद्री साहू, गुरु वर्मा ,भोला चुन्नू भाटपाल शिव शरण सिंह, योगेंद्र, जय सिंह, राम सिंह, मंगल सिंह, रामकृष्ण लखेरा, भोला, अंकुल सोनी ,रामबाबू, विक्रम साहू, सभाजीत, राम बहादुर सिंह ,सिद्धू सिंह, संतू खान, लालाराम वर्मा, धर्मेंद्र वर्मा, शिव गोपाल वर्मा समेत दर्जनों किसान मौजूद रहे।

# डीएम ने नगर क्षेत्र के आंगनवाड़ी केन्द्रों का किया औचक निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने गुरुवार को नगर क्षेत्र कर्वी के आंगनवाड़ी केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया। यहां डीएम ने आधारभूत सुविधाओं, दैनिक गतिविधियों तथा पंजीकृत बच्चों, महिलाओं व किशोरियों की जानकारी लेकर सैम-मैम बच्चों की संख्या शून्य पर लाने के निर्देश दिए। डीएम ने सर्वप्रथम आंगनवाडी केन्द्र शत्रुघ्नपुरी प्रथम वार्ड नं दो का निरीक्षण किया। यहां आंगनवाडी कार्यकत्री सपना ने बताया कि केन्द्र में तीन से छह वर्ष के 85 बच्चे, 16 गर्भवती एवं 19 धात्री माताएं तथा 29 किशोरियां पंजीकृत है। इस दौरान मौके पर 15 बच्चे व 12 महिलाएं उपस्थित पाई गईं। केन्द्र में तीन सैम श्रेणी एवं 23 मैम श्रेणी के बच्चे पंजीकृत पाए जाने पर डीएम ने निर्देश दिए कि व्यक्तिगत रूचि लेते हुए सैम-मैम श्रेणी के बच्चों की संख्या शून्य पर लाई जाए। दैनिक गतिविधियों की जानकारी करने पर आंगनवाड़ी कार्यकत्री ने बताया कि गुरुवार को बच्चों को भावगीत और अक्षर ज्ञान कराया गया है। आंगनवाड़ी केन्द्र प्राइवेट भवन में संचालित होते पाए जाने पर डीएम ने प्रभारी जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देश दिए कि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से समन्वय कर आंगनवाडी केन्द्र को प्राथमिक विद्यालय सोनेपुर में स्थानान्तरित कर संचालित कराया जाये। साथ ही अधिशासी अधिकारी नगर पालिका कर्वी को निर्देश दिए कि प्राथमिक विद्यालय की बाउण्ड्रीवाल को निर्मित कराने के लिए शीघ्र कार्यवाही सुनिश्चित की जाये।

इसके बाद डीएम ने आंगनवाड़ी केन्द्र भरतपुरी प्रथम वार्ड नं0 15 का निरीक्षण किया गया। यहां आंगनवाडी कार्यकत्री रजुली पाण्डेय ने बताया कि केन्द्र पर तीन से छह वर्ष के 67 बच्चे, नौ गर्भवती, छह धात्री माताएं तथा 19 किशोरियां पंजीकृत है। मौके पर 10 बच्चे व छह महिलाएं उपस्थित पाई गईं। यहां भी सैम-मैम श्रेणी में एक-एक बच्चे के पंजीकृत पाए जाने पर उनकी संख्या शून्य पर लाने के निर्देश दिए। दैनिक गतिविधियों के सम्बन्ध में संतोषजनक उत्तर न मिलने पर डीएम ने कार्यवाही की चेतावनी देते हुए आंगनवाडी कार्यकत्री को कार्यशैली में सुधार लाने तथा कलेण्डर के अनुसार दैनिक गतिविधयॉ आयोजित कराने के निर्देश दिए। इसी प्रकार आंगनवाड़ी केन्द्र अम्बिकाकुंज द्वितीय वार्ड नं 13 के निरीक्षण के दौरान आंगनवाडी कार्यकत्री पूजा सोनी ने बताया कि केन्द्र पर तीन से छह वर्ष के 42 बच्चे, 14 गर्भवती एवं एक धात्री माताएं तथा 20 किशोरियां पंजीकृत है। मौके पर 22 बच्चे उपस्थित पाए गए। केन्द्र पर आधारभूत सुविधाएं संतोषजनक पायी गई। यहां भी एक सैम व छह मैम श्रेणी के बच्चों के पंजीकृत पाए जाने पर उनकी संख्या शून्य पर लाने के निर्देश दिए।

# डीएम ने कोचिंग केन्द्र का निरीक्षण कर विद्यार्थियों से की वार्ता, जानी समस्याएं

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने गुरुवार को राजकीय जिला पुस्तकालय में संचालित मुख्यमंत्री अभ्युदय निःशुल्क कोचिंग केन्द्र का निरीक्षण किया। यहां डीएम ने अध्ययनरत विद्यार्थियों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनी तथा सम्बन्धितों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने अभ्युदय कोचिंग में नीट की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों से संवाद किया और उन्हें परीक्षा की बेहतर तैयारी के लिए विगत पंद्रह वर्षों के प्रश्नपत्रों को नियमित रूप से हल करने की सलाह दी। कहा कि जनपद से अधिक से अधिक छात्र मेडिकल क्षेत्र में चयनित हों और पढ़ाई पूरी करने के बाद पुनः जनपद में आकर सेवा दें। विद्यार्थियों की मांग पर डीएम ने नीट की तैयारी के लिए प्रतिदिन तीन कक्षाएं संचालित करने के निर्देश जिला समाज कल्याण अधिकारी को दिए। इसी प्रकार कोचिंग में अध्ययनरत विद्यार्थियों द्वारा जगह की कमी की समस्या से अवगत कराने पर डीएम ने अभ्युदय हाल के ऊपर एक अतिरिक्त हाल निर्माण की अनुमति प्रदान की तथा सचिव विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण को शीघ्र आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। केन्द्र में जनपद के सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों के अध्ययनरत होने की जानकारी मिलने पर डीएम ने ऐसी ही लाइब्रेरी एवं कोचिंग व्यवस्था जनपद की अन्य तहसील मुख्यालयों में भी स्थापित करने के निर्देश दिए। इसके लिए उन्होंने सर्वप्रथम मऊ तहसील में नीट की कक्षाओं के संचालन के लिए योग्य शिक्षकों के इम्पैनलमेंट की कार्यवाही शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस दौरान मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी ने भी नीट की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों से संवाद किया और उन्हें एमसीक्यू टेस्ट पर विशेष ध्यान देने तथा निरंतर मेहनत से अध्ययन करने के लिए प्रेरित किया।

# साइबर अपराधों की रोकथाम, आर्टिफ़िशियल इंटेलिजेंस व बेसिक नेटवर्किंग की दी जानकारी



**जन एक्सप्रेस । बांदा**

पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम राजेश एस व पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के अनुपालन में 05 दिवसीय साइबर प्रशिक्षण कार्यक्रम के दूसरे दिन अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज द्वारा कम्प्यूटर आपरेटरर्स को प्रशिक्षण के बारे में जानकारी दी गई।प्रशिक्षण के दौरान साइबर सिक्योरिटी,नेटवर्किंग के मूलभूत सिद्धांतों तथा आर्टिफ़िशियल इंटेलिजेंस के विषय में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य साइबर अपराधों की पहचान,उनकी रोकथाम,डिजिटल साक्ष्यों के संरक्षण तथा तकनीकी माध्यम से पुलिस को साइबर अपराध नियंत्रण की क्षमता को सुदृढ़ करना है।साइबर सिक्योरिटी के अंतर्गत सोशल मीडिया फ्राड,ऑनलाइन ठगी,फिशिंग,डेटा चोरी,डिजिटल अरेस्ट,फ्राड,बैंकिंग से संबंधित साइबर अपराधों के तरीकों तथा उनसे बचाव के उपायों के बारे में बताया गया।साथ ही नेटवर्किंग बेसिक के अंतर्गत कंप्यूटर नेटवर्क की संरचना,इंटरनेट की कार्यप्रणाली,एड्रेस,सर्वर एवं सुरक्षित नेटवर्क उपयोग की मूलभूत जानकारी दी गई।और प्रशिक्षण के दौरान आर्टिफ़िशियल इंटेलिजेंस के माध्यम से के वर्तमान उपयोग अपराध विश्लेषण,फेस रिकग्निशन, डेटा एनालिटिक्स, ट्रैफिक मैनेजमेंट एवं भविष्य में पुलिसिंग में की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में जानकारी दी गई।

# उप निरीक्षक से निरीक्षक बनने पर एसपी ने स्टार लगाकर दी बधाई व शुभकामनाएं

**जन एक्सप्रेस । बांदा**



गुरूवार को पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल द्वारा थाना मरका में तैनात उपनिरीक्षक राजेश कुमार मिश्र के निरीक्षक पद पर पदोन्नत होने पर स्टार लगाकर बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कार्य क्षेत्र में आने वाली नवीन चुनौतियों के बारे में अवगत कराया गया साथ ही उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज,सहायक पुलिस अधीक्षक मेविस टॉक,प्रशिक्षु सहायक पुलिस अधीक्षक श्लोक गौतम व क्षेत्राधिकारी कार्यालय अखिलेश राजन आदि मौजूद रहे।बता दें कि नि0 राजेश कुमार मिश्र मूल रुप से प्रतापगढ़ के रहने वाले है तथा वर्ष 1992 में जनपद सीतापुर से उत्तर-प्रदेश पुलिस सेवा में भर्ती हुए थे।

## आईडीए अभियान फरवरी 2026 को लेकर द्वितीय अंतरविभागीय बैठक संपन्न

**चित्रकूट।** राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत प्रस्तावित आईडीए अभियान फरवरी 2026 को प्रभावी एवं सफल बनाने के उद्देश्य से गुरुवार को द्वितीय अंतरविभागीय बैठक मुख्य विकास अधिकारी डी.पी. पाल की अध्यक्षता में कलेक्टरेट सभागार में आयोजित की गई। बैठक में आईडीए अभियान के प्रभावी संचालन के लिए विभिन्न विभागों की भूमिका, दायित्वों तथा आपसी समन्वय पर विस्तार से चर्चा की गई। सीडीओ ने निर्देशित किया कि अभियान के दौरान लक्षित आबादी तक फाइलेरिया रोधी दवाओं की शत-प्रतिशत पहुंच सुनिश्चित की जाए ताकि जिले को फाइलेरिया मुक्त बनाने के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सके। कहा कि दवा सेवन के साथ जनसामान्य को फाइलेरिया के प्रति जागरूक करना अत्यंत आवश्यक है। इसके लिए प्रचार-प्रसार एवं जागरूकता गतिविधियों को भी प्रभावी ढंग से संचालित करने पर विशेष ध्यान दिया जाए, जिससे लोग बिना किसी भ्रांति के दवाओं का सेवन करें। इस मौके पर स्वास्थ्य विभाग सहित शिक्षा, पंचायत, महिला एवं बाल विकास तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# आयोजित हुई फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के संबंध की बैठक

**जन एक्सप्रेस । बांदा**



मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में विकास भवन में जनपद के विकास खण्ड नरैनी के कालिंजर क्षेत्र में फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम संचालित करने के सम्बन्ध में बैठक सम्पन्न हुई।बैठक में उन्होंने सम्बन्धित समन्वय विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि स्वास्थ्य विभाग के साथ समन्वय करते हुए 10 फरवरी से 28 फरवरी तक विकास खण्ड नरैनी के कालिंजर क्षेत्र में संचालित किये जाने वाले फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम में अपने विभागों से सम्बन्धित कार्यों को सम्पादित करायें।बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 विजेन्द्र सिंह ने बताया कि फाइलेरिया का रोग क्लूकस नाम के मादा मच्छर के काटने से होता है।यह रोग मच्छर के काटने के 5-7 वर्ष बाद भी रोग पनप सकता है। इसलिए इस रोग की रोकथाम हेतु स्वास्थ्य विभाग द्वारा दिनांक 10 फरवरी से दवाओं का वितरण सम्बन्धित कालिंजर क्षेत्र में किया जायेगा।जिसका सभी लोग आवश्यक रूप से दवा लेकर रोग का बचाव कर सकते हैं।उन्होंने बताया कि इस रोग का उपचार दवा खाकर ही किया जा सकता है।फाइलेरिया रोग फैलने के बाद बचाव में अत्यन्त मुश्किल होती है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के संचालन हेतु माइक्रोप्लान तैयार कर लिया गया है तथा रैपिड रिसपान्स टीम का गठन भी किया गया है।उन्होंने कहा कि फाइलेरिया रोग से बचाव हेतु अभियान के अन्तर्गत सम्बन्धित क्षेत्र के शतप्रतिशत लोग दवा का अवश्य सेवन करें।यह दवा दो वर्ष से ऊपर के लोगों को दी जायेगी।बैठक में उन्होंने सम्बन्धित ग्राम प्रधान,राशन कोटेदार,आंगनबाडी आशा,एएनएम, नगरपालिका के द्वारा इस अभियान में आवश्यक सहयोग प्रदान करने हेतु अनुरोध किया है।बैठक में जिला बेसिक शिक्षाधिकारी,जिला कार्यक्रम अधिकारी,अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# अपर आयुक्त ने तहसील, ब्लाक व आवास और खरंजा का किया निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस । बांदा**



अपर आयुक्त अमरपाल प्रशासक ने आज पैलानी तहसील में पहुंचकर तहसील न्यायालय आरके ऑफिस,संग्रह कार्यालय,भूलेख कार्यालय,तहसीलदार न्यायालय,उप जिलाधिकारी न्यालय,चकबंदी न्यायालय आदि व जसपुरा ब्लॉक का निरीक्षण किया वहीं सिंधन कलां मे देखा वहीं अपर आयुक्त ने तहसीलदार न्यायालय के निरीक्षण में 3 वर्ष से अधिक एवं पांच वर्ष से अधिक का कोई भी वाद लंबी नहीं पाया गया धारा 67 के अंतर्गत कोई विवाद 3 वर्ष एवं 5 वर्ष से अधिक नहीं मिला वही कहा कि 1 वर्ष से अधिक लंबित वादों को शीघ्र निस्तारण करने के लिए कहा वही कहा कि संबंधित खातों में समायोजन हेतु निर्देशित किया वही बताया कि रजिस्टर में अंकित किया जाए साथ ही मांग पत्रों की वसूली से प्राप्त धनराशि को पोर्टल पर दर्ज करें वही तहसील परिषद में साफ सफाई की व्यवस्था देखी वही जसपुरा ब्लॉक में पहुंचकर ब्लॉक का निरीक्षण किया सभी रजिस्टरों को चेक किया वहीं सिंधन कला पहुंचकर शीलू देवी पत्नी धरमपाल के घर जाकर आवास चेक किया वहीं सिंधन कलां के मजरा रामदयाल पुरवा मे पहुच कर खरंजा चेक किया वही सिंधन कला के पंचायत भवन में पहुंचकर बैठक की उपाधिकारी अंकित वर्मा तहसीलदार राधेश्याम सिंह ने पहुंचकर सभी अभिलेखों की जानकारी दी।

## अमेरिका के डॉ प्रकाश डी शाह हृदय रोग विशेषज्ञ कैंप में देगे अपनी सेवा

**चित्रकूट।** धर्मनगरी स्थित जानकीकुंड चिकित्सालय में आगामी आठ से 13 फरवरी तक विशाल हृदय रोग कैंप का आयोजन किया जाएगा। जिसमे अमेरिका के डॉ प्रकाश डी शाह धर्मनगरी के हृदय रोगियों को अपनी सेवा देंगे। जानकीकुण्ड चिकित्सालय की जनरल वरिष्ठ सर्जन डॉ पूनम अडवाणी और डॉ दीपक शर्मा ने बताया कि ग्रामीण अंचलों में चिकित्सा सेवाओं के अभाव के चलते सदगुरू सेवा संघ ट्रस्ट एवं चिकित्सालय टीम द्वारा टीबी कैंप, न्यूरो कैंप, नाक कान गला कैंप सहित अन्य तमाम कैंप आम जनमानस को लाभ पहुंचाने के लिए आयोजित किए जाते है। बताया कि वर्तमान में हृदय रोगियों की बढ़ती संख्या के तहत चिकित्सालय टीम द्वारा हृदय रोग कैंप भी लगाने का निर्णय लिया गया है, जो आठ से 13 फरवरी तक लगेगा। जिसमें अमेरिका के हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ प्रकाश डी शाह हृदय रोगियों को देखेगे। ट्रस्ट के ट्रस्टी डॉ इलेश जैन ने बताया कि ट्रस्ट के अध्यक्ष विशद भाई मफतलाल व उनकी धर्मपत्नी रूपल बहन द्वारा मानव सेवा के लिए समर्पित होकर कार्य करते हुए प्रत्येक रोग के चिकित्सक बुलाकर एवं शिविर आदि के माध्यम से लोगों को बेहतर चिकित्सा उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है।

# जीपीएल कप में 19 रनों से मौदहा ने अद्री बांदा को हराकर फाईनल मैच में लहराया परचम

**जन एक्सप्रेस । हमीरपुर**



मौदहा में चल रहे जीपीएल कप में 19 रनों से मौदहा ने अद्री बांदा को हराकर फाईनल मैच में लहराया अपना परचम। मौदहा के गुसियारी में एपीजे अब्दुल कलाम खेल मैदान में जीपीएल कप सीजन 19 का फाइनल मुकाबला अद्री बांदा वा के. जी. एन. मौदहा के बीच मैच खेला गया। जिसमें अद्रि बांदा ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया। पहले बल्ले बाजी करने उतरी के.जी.एन. मौदहा ने निर्धारित 15 ओवर में 7 विकेट खोकर 129 रन बनाए, जबकि मौदहा की तरफ से सबसे ज्यादा शाहबाज पासा ने 32 बोलो में 74 रनों की पारी खेली, जवाब में उतरी अद्री बांदा ने 15 ओवर में 9 विकेट खोकर 110 रन ही बना सकी, जबकि इस फाइनल मैच की जीत का सेहरा जी एन मौदहा के सर पर उस वक्त बंधा, जब जी एन मौदहा ने 19 रनों से फाईनल मैच को बेहतरीन बैटिंग के बाद जीत लिया। इस मैच के चीफ गेस्ट क्षेत्रा अधिकारी सी.ओ. मौदहा, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली सहित कोतवाली मौदहा का स्टाफ मौजूद रहा। वही फाइनल मैच के मैंन ऑफ द मैच शाहबाज पासा रहे।

मैन ऑफ द सीरीज मोहम्मद आमिर मुरादाबादी रहे। जिन्होंने पूरे टूर्नामेंट में 113 रन बनाए। जबकि 7 विकेट लिए। जबकि मैच के दौरान ग्राम प्रधान गुसियारी असरार अहमद खान, अच्छन भइया निहालुद्दीन भइया कमेरु भइया मलकू मामू सलीम भइया अब्दुल सज्जाद अच्छे भइया कदीर भइया गामा भइया नन्हू भइया घपलू भइया हनीफ भइया व समस्त ग्रामवासी सहित जी पी एल कमेटी मौजूद रही आज के मैच के अंपायर सहगल खान वा रहे स्कोरर जावेद अहमद सहित तौसीफ खान रहे मिथुन यादव कुश सिंह यादव रहे कॉमेंटेटर सरदार इरशाद खान व इरशाद खान आबिद जमाल आदिल जमाल रहे। लाइव मैच जैम मालिक ने दिखाया। इस मौके पर कमेटी के अली आमिर शेख हसन इदरीश फैय्याज साहिल कुलदीप सिंह पप्पू ठाकुर हातिम शाह करिया बाबू सहित बड़ी तादाद में दर्शक मौजूद रहे।

## रामनगर ब्लॉक में प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा को मिली नई दिशा

**चित्रकूट।** रामनगर ब्लॉक की सभी 38 ग्राम पंचायतों में पानी संस्थान द्वारा ओरेकल सीएसआर के सहयोग से प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा तथा खाद्य सुरक्षा परियोजना का सफल संचालन किया जा रहा है। जिसके तहत तीन से छह वर्ष आयु वर्ग के कुल 1,934 बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, पोषण और सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इस परियोजना के लिए आंगनवाड़ी केंद्रों के चयन की प्रक्रिया में जिला प्रशासन की अहम भूमिका रही। वहीं डीपीओ एवं सीडीओ के निर्देशानुसार टीएलएम (शिक्षण-अधिगम सामग्री) के साथ बच्चों के ग्रोथ मॉनिटरिंग उपकरण को जोड़कर उनकी शारीरिक वृद्धि की समय पर निगरानी की जा रही है। परियोजना के तहत रामनगर ब्लॉक के 47 आंगनवाड़ी केंद्रों का जीर्णोद्धार किया गया है। इसमें दीवार, छत और फर्श की मरम्मत के साथ खिड़की एवं दरवाजों को दुरुस्त किया गया है।

# गुंडे और बदमाश किस्म के सात लोगों के खिलाफ की गई जिलाबदर की कार्यवाही

**जन एक्सप्रेस । हमीरपुर**

अपराधों की रोकथाम जबकि अपराधियों की धरपकड़ के लिये चलाये जा रहे अभियान के तहत अदालत अपर जिला मजिस्ट्रेट राकेश कुमार ने थाना बिवांर, कोतवाली नगर, सुमेरपुर, राठ के गुण्डे और अपराधी किस्म के सात अभियुक्तो के खिलाफ जिला बदर की कार्यवाही को अंजाम दिया गया है। अपने आदेश में

अपर मजिस्ट्रेट राकेश कुमार ने कहा कि 6 महीने के लिये जिलाबदर किये गये सातों अपराधी इस दौरान अपने साथ किसी तरह का शस्त्र और अग्नेयास्त्र लेकर नहीं चलेंगे, साथ ही 6 महीने की अवधि तक जिले की सीमा में प्रवेश नहीं करेंगे। जबकि इस दौरान अपने रहने की जगह की जानकारी अदालत के साथ ही लोकल पुलिस को भी देंगे। जबकि




जिलाबदर किये गये अभियुक्त पुत्र दयाशंकर निवासी चन्दुलीतीर, सदर कोतवाली,वही मोनू निषाद पुत्र आशाराम निषाद निवासी कुछेछा सदर कोतवाली,वही बलवीर पुत्र दयाशंकर निषाद निवासी चन्दुलीतीर कोतवाली सदर,वही आशीष उर्फ अन्शु तिवारी पुत्र हरिओम तिवारी निवासी झण्डा मैदान सुमेरपुर,

सुजीत सिंह चौहान पुत्र नवल सिंह उर्फ पप्पू चौहान निवासी ग्राम सायर बिवांर, आशीष राजपूत उर्फ डबूला पुत्र रज्जू उर्फ राजेन्द्र कुमार निवासी ग्राम कुर्रा राठ सहित महेश राजपूत पुत्र मियाजी लाल निवासी ग्राम औडेरा राठ खासतौर से शामिल हैं।

# मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना बनी किसानों व उनके आश्रितों का वरदान

**जन एक्सप्रेस । बांदा**

मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना किसानों व उनके परिवारों का बड़ा सहारा बनी है।इस योजना के जरिए योगी सरकार दुर्घटनाग्रस्त किसानो की मृत्यु या उनकी विकलांगता के बाद किसानों व उनके आश्रित परिवारों को तत्काल वित्तीय मदद पहुंचाने का कार्य कर रही है।इस योजना के अंतर्गत मृत्यु व पूर्ण विकलांगता पर सरकार 5 लाख रुपए की आर्थिक सहायता दे रही है। जनपद में लगभग 1000 लाभार्थियों को इस योजना के तहत सरकार ने मदद देकर मरहम लगाने का काम किया है।जिले में मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के अंतर्गत 14 सितंबर 2019 से अब तक 1562 दावे किए गए।जिसमें 1068 दावों को स्वीकृत किया गया।जिसमें 964 पीड़ित परिवारों को लगभग 45 करोड रुपए का भुगतान किया गया है।वहीं शेष लाभार्थियों को जल्द ही इस योजना के अंतर्गत आर्थिक मदद देने का काम किया जाएगा।इस योजना में किसान की मृत्यु या पूर्ण विकलांगता पर सरकार 5 लाख रुपये की आर्थिक सहायता देती है।वही 25त्न से 50त्न के बीच विकलांगता पर एक से दो लाख रुपये और 50त्न से अधिक विकलांगता पर अनुपातिक सहायता दी जाती है।सदर तहसील क्षेत्र के दतरौली गांव की रहने वाली सुनीता देवी के पति कमल सिंह की अप्रैल 2024 में सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई।जिसके बाद मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के अंतर्गत इन्हें 5 लाख रुपए की आर्थिक मदद सरकार से मिली।सुनीता ने बताया कि आर्थिक मदद में जो पैसे मुझे मिले हैं उनको मैंने अपने बैंक के खाते में जमा कर रखा है और अपनी बेटी प्रांशु कि मैं उन पैसों से शादी करूंगी।इन्होंने बताया कि पति की मौत के बाद मेरे सामने बड़ा आर्थिक संकट खड़ा हो गया था।और सबसे बड़ी समस्या यह थी कि अपनी



बेटी की शादी में कैसे करूंगी।वही सरकार से जब 5 लाख रुपये का चेक मिला तो बेटी की शादी के लिए पैसों को इकट्ठे करने की मेरी चिंता खत्म हो गई।सदर तहसील क्षेत्र के गोधनी गांव की रहने वाली मालती के बेटे राहुल की मार्च 2023 में सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी।जिसके बाद इन्हें भी सरकार से 5 लाख रुपए की आर्थिक मदद मिली।मालती ने बताया कि मेरा बड़ा बेटा मनोज किडनी की बीमारी से पीड़ित है। मुझे आर्थिक मदद के रूप में जो पैसे मिले हैं उनसे मैं अपने बेटे का इलाज करा रही हूं।इन्होंने बताया कि मेरे छोटे बेटे राहुल की तो सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी।वहीं बड़ा बेटा बीमार था और मैं उसका इलाज नहीं करा पा रही थी और बहुत परेशान थी। वहीं आर्थिक मदद में जो पैसे मिले हैं उससे मैं अपने बेटे का इलाज कर रही हूं और मेरा बेटा अब सुरक्षित है। डिप्टी कलेक्टर इरफान उल्लाह खां ने बताया कि किसानों व उनके परिवार वालों के लिए उत्तर प्रदेश सरकार की यह बहुत हितकारी योजना है।इन्होंने बताया कि किसान की दुर्घटना में मृत्यु होने पर या विकलांगता होने पर इस योजना के अंतर्गत 5 लाख रुपए तक आर्थिक मदद प्रदान की जाती है।



**विशेष गहन पुनरीक्षण में तेजी, मतदाताओं की...**

विकासखंड कदौरा में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान की प्रगति का जायजा लेने हेतु जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने गुरुवार को निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पुनरीक्षण... पढ़ें पेज 08 पर...

# चाइनीज मांझे से मौत पर सख्त योगी सरकार

## सीएम योगी ने प्रदेश में चाइनीज मांझे पर लगाई पूर्ण रोक, मौत को माना जाएगा हत्या

- लखनऊ के बाजारखाला में युवक की दर्दनाक मौत के बाद प्रशासन हरकत में, राजधानी समेत पूरे प्रदेश में छापेमारी के निर्देश

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के बाजारखाला इलाके में चाइनीज मांझे की चपेट में आकर एक युवक की दर्दनाक मौत ने पूरे प्रदेश को झकझोर कर रख दिया है। बुधवार को पतंग उड़ाते समय हवा में फैले चाइनीज मांझे ने अचानक एक युवक के गले को अपनी चपेट में ले लिया। तेज और धारदार मांझे से युवक की गर्दन की नस कट गई, जिससे कुछ ही क्षणों में उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया।

### योगी का सख्त संदेश

घटना की जानकारी मिलते ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इसे बेहद गंभीरता से लिया। गुरुवार को उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि प्रदेश में चाइनीज मांझे का इस्तेमाल किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने तत्काल प्रभाव से पूरे उत्तर प्रदेश में चाइनीज मांझे के निर्माण, बिक्री और इस्तेमाल पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का आदेश दिया।

### अब हत्या की श्रेणी में गिनी जाएगी मौत

सीएम योगी ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि चाइनीज मांझे के कारण अगर किसी व्यक्ति की जान जाती है, तो उस मामले को हत्या की श्रेणी में दर्ज किया जाएगा। उन्होंने साफ किया कि यह लापरवाही नहीं, बल्कि जानबूझकर किया गया अपराध माना जाएगा। दोषियों के खिलाफ सख्त धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कड़ी से कड़ी सजा दिलाई जाएगी।



### पूरे प्रदेश में छापेमारी के निर्देश

मुख्यमंत्री ने पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देश दिए कि राज्य के सभी जिलों में विशेष अभियान चलाकर चाइनीज मांझा बेचने वालों के खिलाफ छापेमारी की जाए। उन्होंने कहा कि केवल चेतावनी देकर छोड़ना पर्याप्त नहीं है, बल्कि ऐसे लोगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई होनी चाहिए, ताकि भविष्य में कोई भी इस तरह की खतरनाक गतिविधि करने की हिम्मत न कर सके।

### उच्चस्तरीय समीक्षा का आदेश

सीएम योगी ने यह भी निर्देश दिया कि प्रदेशभर में की जाने वाली कार्रवाई की उच्चस्तर पर नियमित समीक्षा की जाएगी। जिलाधिकारियों और पुलिस कप्तानों को व्यक्तिगत जिम्मेदारी सौंपी गई है कि उनके क्षेत्र में चाइनीज मांझे का इस्तेमाल पूरी तरह से रोका जाए। किसी भी तरह की लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों पर भी कार्रवाई की जाएगी।

### लखनऊ में तुरंत एक्शन, कई इलाकों में रेड

मुख्यमंत्री के आदेश के बाद राजधानी लखनऊ में प्रशासन पूरी तरह हरकत में आ गया। शहर के हैदरगंज, मोतीझील और बाजारखाला समेत कई इलाकों में पतंग और मांझा बेचने वाली दुकानों पर छापेमारी की गई।
मोतीझील इलाके में डीसीपी विश्वजीत श्रीवास्तव, एडीसीपी धनंजय सिंह विक्रम और बाजारखाला थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए कई दुकानों की जांच की और संदिग्ध मांझे को जब्त किया।

### पहले भी सामने आ चुकी हैं खतरनाक घटनाएं

यह पहली बार नहीं है जब चाइनीज मांझे से जानलेवा हादसा हुआ हो। इससे पहले भी प्रदेश के कई जिलों में दोपहिया वाहन चालकों, बच्चों और राहगीरों के गले कटने की घटनाएं सामने आ चुकी हैं। कई मामलों में लोग गंभीर रूप से घायल हुए, तो कुछ की जान भी चली गई।

### मेट्रो सेवा तक हुई थी प्रभावित

कुछ दिन पहले लखनऊ में चाइनीज मांझे से जुड़ी एक और गंभीर घटना सामने आई थी, जब हवा में उड़ती पतंग का तार हाईटेंशन लाइन पर जा गिरा। इसके कारण मेट्रो की बिजली आपूर्ति प्रभावित हुई और मेट्रो ट्रेनें जहां की तहां रुक गईं। इससे सैकड़ों यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा और सुरक्षा को लेकर भी सवाल खड़े हुए।

### पुलिस और प्रशासन की जिम्मेदारी बढ़ी

मुख्यमंत्री के आदेश के बाद पुलिस विभाग पर बड़ी जिम्मेदारी आ गई है। अब केवल त्योहारों के समय ही नहीं, बल्कि सालभर निगरानी रखने के निर्देश दिए गए हैं। पुलिस को यह सुनिश्चित करना होगा कि न तो कहीं चाइनीज मांझा बिके और न ही उसका इस्तेमाल हो।

### जनता से भी सहयोग की अपील

प्रशासन की ओर से आम जनता से भी अपील की गई है कि यदि कहीं चाइनीज मांझा बिकता या इस्तेमाल होता दिखे, तो इसकी जानकारी तुरंत पुलिस को दें। लोगों से कहा गया है कि वे खुद भी सुरक्षित मांझे का इस्तेमाल करें और दूसरों को भी इसके लिए जागरूक करें।

### सरकार का स्पष्ट संदेश

योगी सरकार के इस फैसले से साफ हो गया है कि प्रदेश में अब किसी भी तरह से आम लोगों की जान से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। चाइनीज मांझे पर सख्त प्रतिबंध लगाकर सरकार ने यह संदेश दे दिया है कि सुरक्षा से समझौता करने वालों के खिलाफ कानून का डंडा पूरी सख्ती से चलेगा।

### भविष्य में और सख्ती के संकेत

सरकारी सूत्रों के अनुसार आने वाले दिनों में चाइनीज मांझे के खिलाफ और भी सख्त नियम बनाए जा सकते हैं। इसमें भारी जुर्माना, लंबी जेल और लाइसेंस रद्द करने जैसे प्रावधान शामिल हो सकते हैं।

# सूडा कार्यालय में हड़कंप! जन एक्सप्रेस की दस्तक से कांपा सिस्टम, फाइलें समेटी गईं, अफसरों के फोन बंद

जन एक्सप्रेस फॉलोअप

लखनऊ



**गरीबों के मकानों पर अधिकारियों का डांका!**

प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत सामने आए कथित 2500 करोड़ रुपये के महाघोटाले ने अब प्रशासनिक गलियारों में खुली घबराहट पैदा कर दी है। जैसे ही जन एक्सप्रेस की टीम इस गंभीर मामले की पड़ताल के लिए आज सूडा (राज्य नगरीय विकास अभिकरण) कार्यालय पहुंची, पूरा दफ्तर अचानक अफरातफरी और बेचैनी के माहौल में डूब गया। सूत्रों के मुताबिक, टीम के कार्यालय में प्रवेश करते ही कई अधिकारी अपने-अपने कक्षों से बाहर निकलते नजर आए। कुछ जगहों पर फाइलें आनन-फानन में अलमारियों में बंद की गईं, तो कई अफसरों के मोबाइल फोन एक साथ 'नेटवर्क से बाहर' या 'व्यस्त' हो गए। जिन अधिकारियों से सीधे सवाल पूछे जाने थे, वे या तो मीटिंग का हवाला देकर गायब हो गए या जवाब देने से साफ तौर पर बचते दिखाई दिए। सबसे ज्यादा चौंकाने वाला दृश्य लेखा शाखा और वित्त अनुभाग में देखने को मिला, जहां असामान्य सन्नाटा पसरा था। कर्मचारियों के चेहरों पर तनाव और आपसी फुसफुसाहट साफ संकेत दे रही थी कि मामला सिर्फ कागजों तक सीमित नहीं है, बल्कि किसी बड़े खेल की परतें खुलने का डर भीतर तक समाया हुआ है।

जन एक्सप्रेस को यह भी जानकारी मिली है कि टीम की मौजूदगी के दौरान कुछ संवेदनशील फाइलों को इधर-उधर करने की कोशिश की गई और बाहरी लोगों की एंट्री पर अचानक सख्ती बढ़ा दी गई। सवाल यह है कि अगर सब कुछ नियमों के मुताबिक है, तो यह हड़बड़ी क्यों? यह पूरा घटनाक्रम उस समय सामने आया है जब प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 2500 करोड़ रुपये के भुगतान, 35 प्रतिशत कथित कमीशन, और 31 मार्च की रात कथित तौर पर किए गए 200 करोड़ रुपये के संदिग्ध भुगतान को लेकर लगातार गंभीर सवाल उठ रहे हैं।

### सवाल जो सूडा के गलियारों में गूंज रहे हैं

- आज सूडा कार्यालय में आखिर क्या छिपाने की कोशिश हुई?
- कौन-कौन से अधिकारी सवालों से बचते नजर आए?
- किसके इशारे पर फाइलें समेटी गईं और फोन बंद हुए? क्या यह सब सबूत मिटाने की तैयारी थी?
- जन एक्सप्रेस के पास इस पूरे घटनाक्रम से जुड़े अहम इनपुट, दस्तावेजी संकेत और प्रत्यक्षदर्शियों की ठोस जानकारियां मौजूद हैं, जो इस कथित महाघोटाले की जड़ तक पहुंचने की क्षमता रखती हैं।
- इस पूरे खेल का परत-दर-परत खुलासा जल्द ही जन एक्सप्रेस में।
- प्रदेश की जनता जानना चाहती है- गरीबों के घर के नाम पर लूट किसने की? और प्रशासन आखिर किसे बचाने में जुटा है?
- जन एक्सप्रेस सच की लड़ाई में पीछे नहीं हटेगा।

# लखनऊ में पहली बार होगी राष्ट्रीय महिला तीरंदाजी प्रतियोगिता, 28 फरवरी और एक मार्च को होगा आयोजन



जन एक्सप्रेस। लखनऊ

पूर्व विश्व चैंपियन और चार ओलंपिक खेलने वाली एकमात्र भारतीय दीपिका कुमारी, पेरिस पैरालंपिक गेम्स की कांस्य पदक विजेता शीतल देवी, ओलंपियन भजन कौर और अंकिता भगत। विश्वस्तर पर भारत का परचम लहराने वाली ये सभी तीरंदाज लखनऊ में पदक पर निशाना लगाने उतरेंगी। बात हो रही है शहर में पहली बार होने वाली राष्ट्रीय महिला तीरंदाजी प्रतियोगिता की, जहां देशभर से तकरीबन 350 खिलाड़ी भाग लेंगी। केडी सिंह बाबू स्टेडियम में 28 फरवरी और एक मार्च को होने वाली प्रतियोगिता सब जूनियर, जूनियर और सीनियर वर्ग में खेली जाएगी। इसमें भाग लेने वाले यूपी टीम का चयन जल्द होगा। एसोसिएशन से मिली जानकारी के अनुसार प्रतियोगिता में गाजियाबाद की साक्षी चौधरी, मथुरा की वरन्या राणा, बिजनौर की निष्ठा गुप्ता और बागपत की मधु वेदवाल का यूपी टीम में चयन होना तय है। यूपी आर्चरी एसोसिएशन के संयुक्त सचिव योगेंद्र सिंह राणा ने बताया कि यूपी में पहले भी तीरंदाजी की राष्ट्रीय प्रतियोगिताएं हो चुकी हैं, लेकिन लखनऊ पहली बार तीरंदाजी में राष्ट्रीय स्तर के आयोजन की मेजबानी कर रहा है। दीपिका, शीतल देवी और भजन कौर जैसी दिग्गज खिलाड़ियों के भाग लेने से स्तर और भी बढ़ गया है।

### शहर में एक वर्ष पहले शुरू हुई आर्चरी अकादमी

एक वर्ष पहले शहर में तीरंदाजी के प्रोत्साहन के लिए 1090 चौराहे पर एलडीए आर्चरी अकादमी शुरू हुई। कुछ ही समय के बाद रेंज में खेल विभाग की ओर से अक्तूबर माह से सहायक प्रशिक्षक विकास पांडेय को तैनात किया गया। धीरे-धीरे करके यहां प्रशिक्षण ने जोर पकड़ा। आज यहां पर तकरीबन 15 से 20 खिलाड़ी ट्रेनिंग ले रहे हैं। इनकी उम्र सात से 15 वर्ष के बीच है। अभी प्रशिक्षुओं की संख्या कम है, लेकिन राष्ट्रीय महिला तीरंदाजी के आयोजन के बाद सेंटर की लोकप्रियता में इजाफा होना तय है।

### दो वर्ग में होंगे मुकाबले

दो दिवसीय प्रतियोगिता के दौरान रिकर्व और कंपाउंड वर्ग में मुकाबले होंगे। एक ओर जहां रिकर्व स्पर्धा (दूरी 70 मीटर) ओलंपिक में शामिल है, वहीं दूसरी ओर कंपाउंड इवेंट (दूरी 50 मीटर) को पहली बार लॉस एंजिल्स में वर्ष 2028 में होने वाले ओलंपिक खेलों में शामिल किया गया है। ऐसे में लखनऊ में होने वाली राष्ट्रीय महिला तीरंदाजी प्रतियोगिता कई मायनों में अहम हो जाएगी। बाबू स्टेडियम के पूरे मैदान को इस प्रतियोगिता के लिए उपयोग में लाया जाएगा। स्टेडियम में बनी क्रिकेट पिच के एक तरफ रिकर्व और दूसरी तरफ कंपाउंड के मुकाबले होंगे। दोनों ही स्थानों पर 15 से 20 टारगेट लगाए जाएंगे।

# मांझे से हुई मौत: मृतक के परिवार को मुआवजा देने की मांग

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

लखनऊ में मांझे से हुई दर्दनाक घटना पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए राष्ट्रीय लोकदल उत्तर प्रदेश के मीडिया प्रभारी मयंक त्रिवेदी ने मुख्यमंत्री से पतंगबाज़ी को लेकर सख़्त कदम उठाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि मनोरंजन और शौक़ के नाम पर हो रही लापरवाही अब लोगों की जान ले रही है, जो किसी भी रूप में स्वीकार्य नहीं है। मयंक त्रिवेदी ने कहा कि पतंग उड़ाने पर या तो पूरी तरह रोक लगाई जाए या फिर इसे केवल खुले और सुरक्षित मैदानों तक सीमित किया जाए, ताकि सड़क पर चलने वाले राहगीर, दोपहिया वाहन सवार और आम नागरिक इस तरह की जानलेवा घटनाओं का शिकार न हों। उन्होंने स्पष्ट कहा कि चाइनीज़ और कांच लगे खतरनाक मांझे पर सख़्ती से प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए।

# फ्रेंचाइजी की गड़बड़ी पर अब पान मसाला ब्रांड के मालिक भी माने जाएंगे जिम्मेदार, एक फरवरी से हुआ बदलाव

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

एक फरवरी से पान मसाला उद्योग में लागू किए गए नए नियमों ने पूरे सेक्टर की कार्यप्रणाली को सख्त निगरानी के दायरे में ला दिया है। अब तक किसी तरह की अनियमितता या कर चोरी पकड़े जाने पर मुख्य रूप से फैक्टरी चलाने वाली फ्रेंचाइजी पर कार्रवाई होती थी, लेकिन नए प्रावधानों के तहत अब ब्रांड मालिक भी जिम्मेदार ठहराए जा सकेंगे। इससे उद्योग में जवाबदेही बढ़ी है और बड़ी कंपनियों से लेकर क्षेत्रीय ब्रांड तक सतर्क हो गए हैं। पान मसाला निर्माण में आमतौर पर मशीन और ब्रांड का मालिक एक ही होता है, लेकिन व्यवहार में मशीनें फ्रेंचाइजी को किराये पर देकर उत्पादन कराया जाता है। पुराने नियमों में मशीन का संचालन करने वाला ही मुख्य रूप से जिम्मेदार माना जाता था। नए बदलावों के बाद जांच एजेंसियों को यह अधिकार मिल गया है कि वे यह भी जांच कर सकें कि कहीं ब्रांड मालिक ने डमी व्यवस्था से किसी दूसरे व्यक्ति के नाम पर फ्रेंचाइजी तो नहीं चला रखी है। यदि ऐसा पाया जाता है तो असली मालिक पर कार्रवाई की जा सकेगी। हालांकि मैनुअल और गैर-मैनुअल निर्माण को लेकर अभी कुछ अस्पष्टता है। कई छोटे निर्माता यह सवाल उठा रहे हैं कि पारंपरिक और अर्ध-स्वचालित इकाइयों पर नियमों को किस तरह लागू किया जाएगा। इंडस्ट्री को इस बात की भी आशंका है कि जीएसटी और जांच विभाग को मिले अधिकारों से भ्रष्टाचार की जड़ें और गहरी हो सकती हैं।

**प्रमुख बदलाव**

- अनियमितता पाए जाने पर फ्रेंचाइजी के साथ ब्रांड मालिक भी होंगे जिम्मेदार
- डमी फ्रेंचाइजी व्यवस्था की जांच और असली मालिक तक कार्रवाई का अधिकार
- घोषित और अघोषित एनसिलरी यूनिट्स की जांच का प्रावधान
- मशीन स्पीड और उत्पादन क्षमता की निगरानी पर जोर
- कर चोरी रोकने के लिए डिजिटल ट्रैकिंग और डाटा मिलान की व्यवस्था मजबूत

### सहायक इकाइयों पर भी सख्ती

पान मसाला से जुड़ी घोषित और अघोषित दोनों तरह की एनसिलरी यूनिट्स (सहायक इकाइयों) को भी जांच के दायरे में लाया गया है। यानी कच्चे माल की प्रोसेसिंग, पैकेजिंग, प्रिंटिंग, फ्लेवर मिक्सिंग जैसी गतिविधियों से जुड़ी इकाइयों की भी निगरानी होगी। उद्योग में सबसे ज्यादा चर्चा मशीन स्पीड और उत्पादन क्षमता की घोषणा को लेकर है। जीएसटी नियमों में सख्ती के बाद राष्ट्रीय स्तर के दो बड़े ब्रांड ने अपनी मशीनों की क्षमता सार्वजनिक रूप से घोषित कर दी है। एक ब्रांड ने प्रति मिनट 1800 पाउच और दूसरे ने 1000 पाउच प्रति मिनट उत्पादन क्षमता बताई है। दोनों के बीच भारी अंतर को देखकर क्षेत्रीय और मध्यम स्तर के ब्रांडों में बेचैनी बढ़ गई है। उन्हें आशंका है कि यदि मशीन स्पीड और वास्तविक उत्पादन में अंतर पाया गया तो भारी जुर्माना और कार्रवाई हो सकती है।

# गुमशुदा लोगों की तलाश में नाकामी पर हाईकोर्ट सख्त, कहा एसीएस गृह और डीजीपी हाजिर हों, होगा जवाब-तलब

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

उत्तर प्रदेश में गुमशुदा लोगों की तलाश मामले में अफसरों के सुस्त रवैए पर हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने सख्त रुख अपनाया है। कोर्ट ने राज्य सरकार की ओर से पेश किए गए ब्योरे को देखकर प्रदेश के अपर मुख्य सचिव एवं पुलिस महानिदेशक से निजी हलफनामे पर जवाब मांगा है। कोर्ट ने कहा कि अगली सुनवाई पर यह दोनों अफसर वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए अदालत के समक्ष पेश होंगे। उनसे पूछा है कि गुमशुदा लोगों की तलाश के लिए क्या प्रक्रिया अपनाते हैं और दो साल में एक लाख गुम लोगों की तलाश में नाकामी की क्या वजह है। इसके लिए अगर कोई कार्यप्रणाली नहीं है, तो इसके लिए एसओपी बनाई जाए। न्यायमूर्ति राजन रॉय और न्यायमूर्ति अबधेश कुमार चौधरी की खंडपीठ ने बृहस्पतिवार को यह आदेश राजधानी के चिनहट निवासी विक्रमा प्रसाद की याचिका पट दिया। याची ने जुलाई 2024 में गुम हुए अपने 32 साल के पुत्र की तलाश के निर्देश पुलिस को देने का आग्रह किया था। इससे पहले इसी 29 जनवरी को कोर्ट के आदेश पर अपर मुख्य सचिव, गृह के पेश किए गए हलफनामे में कहा गया था कि 1 जनवरी 2024 से 18 जनवरी 2026 के बीच प्रदेश में करीब 1 लाख 8 हजार 300 गुमशुदा लोगों की शिकायतें दर्ज हुईं। इनमें से सिर्फ 9 हजार गुमशुदा लोगों की तलाश की कारवाई शुरू की गई। कोर्ट ने इसे अचंभित करने वाला करार देकर गुमशुदा लोगों की तलाश के इस मुद्दे को व्यापक जनहित वाला कहा। इसका सख्त संज्ञान लेकर अदालत ने इस मुद्दे पर 'इन-री मिसिंग पर्सन्स इन दि स्टेट' शीर्षक से जनहित याचिका दर्ज किए जाने का निर्देश देकर इसे सुनवाई के लिए 5 फरवरी को समुचित खंडपीठ के समक्ष सूचीबद्ध करने का आदेश दिया था।




# एस.एस. पब्लिक स्कूल में वार्षिक समारोह का भव्य आयोजन

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

लखनऊ जिले के बख्शी का तालाब क्षेत्र के हेमी स्थित एस.एस. पब्लिक स्कूल में बृहस्पतिवार को वार्षिक समारोह का आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बीकेटी विधायक योगेश शुक्ला एवं मोहनलालगंज विधायक अमरीश कुमार उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में ब्लॉक प्रमुख रामेंद्र सिंह मोनू, दुर्गेश त्रिपाठी,अमित बाजपेयी, विद्यालय की वाइस चेयरपर्सन हेमा सिंह चौहान, को-फाउंडर सरोज सिंह चौहान, प्रधानाचार्य सी.के. शर्मा सहित समस्त शिक्षकगण, छात्र-छात्राएँ एवं अभिभावकगण मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि योगेश शुक्ला एवं अमरीश कुमार तथा विद्यालय के संस्थापक अनिल सिंह चौहान एवं चेयरमैन प्रवीण सिंह चौहान जी द्वारा गुब्बारे उड़ाकर किया गया। इसके पश्चात विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक एवं नृत्य कार्यक्रमों के माध्यम से अतिथियों का भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया।वार्षिक दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा पेंग्विन रेस, योग प्रदर्शन, ड्रिल, स्टंट शो, रैबिट रेस सहित अनेक रोचक एवं अनुशासित खेल गतिविधियाँ प्रस्तुत की गईं। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को मेडल एवं प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संस्था के चेयरमैन प्रवीण सिंह चौहान जी ने विद्यार्थियों को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए बधाई दी तथा स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के महत्व पर प्रकाश डाला। वहीं प्रधानाचार्य सी.के. शर्मा जी ने विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत कर विद्यालय की प्रगति, उपलब्धियों एवं भावी योजनाओं की जानकारी दी तथा सभी अतिथियों एवं अभिभावकों के प्रति आभार व्यक्त किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के पश्चात समारोह का समापन राष्ट्रगौरव एवं सकारात्मक संदेश के साथ किया गया।




# अखिलेश भी बढ़ा सकते है ममता के ढर्रे पर कदम

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

- हर स्तर पर एसआईआर को लेकर सपा संघर्ष को तैयार

यूपी में चल रहे स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन एसआईआर को लेकर समाजवादी पार्टी ने गम्भीर आरोप लगाया है। सपा का कहना है कि प्रक्रिया में भारी धांधली की जा रही है। समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव कहते हैं कि चुनाव आयोग और भाजपा आपस में मिले हैं।अखिलेश यादव का आरोप है कि सोची-समझी साजिश के तहत लोगों के नाम वोटर लिस्ट से काटने की तैयारी कर रही है। यह काम जानबूझकर और संगठित तरीके से किया जा रहा है ताकि चुनावों को प्रभावित किया जा सके। चुनाव आयोग की नियमावली में जो नियम बने हैं, उनके अनुसार गड़बड़ी करने वालों पर एफआईआर दर्ज होनी चाहिए। अखिलेश यादव का रुख काफी सख्त है। वह पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की तरह आक्रामक अंदाज में लड़ाई को लड़ने की बात कह रहे हैं। सपा ने साफ कर दिया है कि वह चुप नहीं बैठेगी और हर स्तर पर विरोध करेगी। सपा का सबसे आरोप है कि फर्जी व प्रिंटेड फॉर्म 7 का बड़े पैमाने पर इस्तेमाल किया जा रहा है। भाजपा कार्यकर्ता या उनसे जुड़े लोग पहले से छपे हुए फॉर्म 7 कंप्यूटर से भरकर जमा कर रहे हैं, जिसमें फर्जी हस्ताक्षर, इपिक डिटेल्स या नाम डाले जा रहे हैं, गलत या अमान्य मोबाइल नंबर का इस्तेमाल किया जा रहा है। एक-एक व्यक्ति 100-100 फार्म 7 जमा कर रहा है। उदाहरण के तौर पर लखनऊ के सरोजनी नगर विधानसभा क्षेत्र में दशरथ नामक व्यक्ति के हस्ताक्षर से 100 से अधिक फॉर्म जमा हुए। सुल्तानपुर में नंदलाल के हस्ताक्षर बनाकर फार्म जमा किया गया जबकि वह अनपढ़ है, अंगूठा लगाता है। अखिलेश की मांग है कि एसआईआर को संगठित अपराध में जोड़ दिया जाए। अधिकारी पर दबाव बनाया जा रहा है, चुनाव आयोग सुन नहीं रहा है।सपा का आरोप है कि फार्म 7 के जरिए सबसे अधिक मुस्लिमों के वोट काटे जा रहे हैं।

# यूपी की पहली इंटरनेशनल फिल्म सिटी में होगी 'मॉम-2' की शूटिंग

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

- गौतमबुद्ध नगर के जेवर क्षेत्र में विकसित की जा रही इंटरनेशनल फिल्म सिटी

सीएम योगी आदित्यनाथ के ड्रीम प्रोजेक्ट 'इंटरनेशनल फिल्म सिटी' ने अब जमीनी रफ्तार पकड़ ली है। गौतमबुद्ध नगर के जेवर क्षेत्र में विकसित की जा रही उत्तर प्रदेश की पहली इंटरनेशनल फिल्म सिटी में पहली फिल्म शूटिंग के रूप में 'मॉम-2' का फिल्मांकन होने जा रहा है। फिल्म सिटी परिसर में शूटिंग को लेकर प्रारंभिक तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। परियोजना का निर्माण कर रहे बोनी कपूर और भूटानी ग्रुप के ज्वाइंट वेंचर 'बेव्यू भूटानी फिल्म सिटी प्राइवेट लिमिटेड' ने जमीन की मैपिंग का कार्य शुरू कर दिया है। अधिकारियों के अनुसार, मैपिंग पूरी होने के बाद करीब 20 दिनों के भीतर शूटिंग सेट तैयार कर लिया जाएगा, जिसके बाद फिल्म की शूटिंग शुरू होने की संभावना है। इंटरनेशनल फिल्म सिटी प्रोजेक्ट का कार्य बॉलीवुड के प्रसिद्ध निर्माता-निर्देशक बोनी कपूर व भूटानी ग्रुप को संयुक्त रूप से मिला है। इस कंपनी ने यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण यीडा के साथ एग्रीमेंट साइन किया है। यीडा द्वारा लेआउट प्लान को मंजूरी दिए जाने के बाद परियोजना के पहले चरण की तैयारियां तेज कर दी गई हैं।बेव्यू भूटानी फिल्म सिटी प्रोजेक्ट के जीएम राजीव अरोड़ा ने बताया कि शूटिंग की तैयारियों के साथ-साथ फिल्म सिटी के निर्माण कार्य की प्रक्रिया भी शुरू की जा रही है। जमीन की मैपिंग पूरी होने के बाद करीब 20 दिनों के भीतर शूटिंग सेट तैयार कर लिया जाएगा, जिससे फिल्म निर्माण से जुड़ी गतिविधियां शुरू हो सकेंगी। इसके साथ ही फिल्म सिटी के निर्माण का कार्य भी शुरू हो जाएगा और जल्द ही सीएम योगी व पीएम मोदी के कर कमलों से इसका विधिवत शुभारंभ होने की संभावना है। उन्होंने बताया कि बोनी कपूर की कंपनी ने ही 2017 में रिलीज हुई बॉलीवुड फिल्म 'मॉम' को प्रोड्यूस किया था और अब उन्होंने इसके दूसरे पार्ट की शूटिंग को यूपी में करने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। इंटरनेशनल फिल्म सिटी यमुना एक्सप्रेसवे के सेक्टर-21 में विकसित की जा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट है, जिसका उद्देश्य उत्तर प्रदेश को फिल्म, ओटीटी, वेब सीरीज़ समेत एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री का राष्ट्रीयअंतरराष्ट्रीय केंद्र बनाना है। जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट के निकट विकसित हो रही यह फिल्म सिटी आधुनिक इन्फ्रास्ट्रक्चर, बेहतर कनेक्टिविटी और वर्ल्ड-क्लास सुविधाओं के साथ प्रदेश को एक एंटरटेनमेंट और एविियेशन हब के रूप में स्थापित करेगी। उद्योग विशेषज्ञों का मानना है कि फिल्म सिटी की औपचारिक शुरुआत से पहले 'मॉम-2' जैसी फिल्म की शूटिंग इस बात का संकेत है कि यूपी की फिल्म पॉलिसी और इन्फ्रास्ट्रक्चर को लेकर फिल्म इंडस्ट्री का भरोसा तेजी से बढ़ रहा है।

# एनएच पर ट्रक और कंटेनर की आमने-सामने टक्कर, दोनों चालकों की मौत

जन एक्सप्रेस । अमेठी



जिले के भाले सुल्तान शहीद स्मारक थाना क्षेत्र अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग पर गुरुवार को भीषण सड़क हादसा हो गया।बेचूगढ़ के पास तेज रफ्तार ट्रक और कंटेनर की आमने-सामने जोरदार टक्कर में दोनों वाहनों के चालकों की दर्दनाक मौत हो गई।हादसे से मौके पर अफरा-तफरी मच गई।और कुछ देर के लिए हाईवे पर यातायात भी बाधित रहा।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार गुरुवार सुबह दोनों भारी वाहन तेज गति से आ रहे थे। अचानक संतुलन बिगड़ने से ट्रक और कंटेनर आमने-सामने भिड़ गए।टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों वाहनों के अगले हिस्से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए।एवं चालक केबिन में फंसकर गंभीर रूप से घायल हो गए।हादसे की सूचना मिलते ही भाले सुल्तान शहीद स्मारक थाना पुलिस मौके पर पहुंची।और स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को बाहर निकाल कर तत्काल जगदीशपुर स्थित ट्रामा सेंटर भिजवाया गया।वहां चिकित्सकों ने जांच के बाद दोनों चालकों को मृत घोषित कर दिया।थानाध्यक्ष तनुज पाल ने बताया कि मृतकों की पहचान उनके पास मिले आधार कार्ड से की गई है।मृतकों में राहुल यादव 44 वर्ष पुत्र धर्मराज यादव निवासी केवटली राजापुर, जनपद जौनपुर तथा शिशुपाल 38 वर्ष पुत्र जयपाल निवासी नरही जनपद सीतापुर शामिल हैं।घटना की सूचना दोनों मृतकों के परिजनों को दे दी गई है,जिससे परिवारों में कोहराम मच गया।पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पंचायतनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।वहीं दुर्घटना ग्रस्त वाहनों को क्रेन की मदद से सड़क से हटवाकर यातायात को सामान्य कराया गया। पुलिस का कहना है कि हादसे के कारणों की जांच की जा रही है। प्रथम दृष्टया तेज रफ्तार और लापरवाही को हादसे की वजह माना जा रहा है।

## एनटीपीसी ने दिव्यांगों को बांटी ट्राई साइकिल व सहायक उपकरण

**रायबरेली।** एनटीपीसी ऊंचाहार ने अपने निगम सामाजिक दायित्व (सीएसआर) के अंतर्गत आसपास के गांवों के दिव्यांगजनों को ट्राई साइकिल एवं अन्य सहायक उपकरण वितरित किए। इस अवसर पर सामान्य ट्राई साइकिल, मोटरचालित ट्राई साइकिल के साथ-साथ सुगमता इलेक्ट्रॉनिक छड़ी, श्रवण मशीन और व्हीलचेयर भी प्रदान की गईं। परियोजना के दौरे पर आए क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (उत्तर) दिवाकर कौशिक, परियोजना प्रमुख बिस्व मोहन सिंह तथा अन्य विशिष्ट अतिथियों ने दिव्यांग लाभार्थियों को ये उपकरण सौंपे। सहायक उपकरण पाकर दिव्यांगजनों के चेहरे खुशी से खिल उठे और सभी ने एनटीपीसी के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। कार्यक्रम में महाप्रबंधक आशुतोष बिस्वास, दिलीप कुमार साहू, एस. यू. हरिदास, मानव संसाधन प्रमुख पंकज कुमार, विभिन्न विभागों के अधिकारी, यूनियन एवं एसोसिएशन के अध्यक्ष व महासचिव, ग्राम प्रधान, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# एसपी अपर्णा रजत कौशिक का तबादला, टी.सर्वानन बने नए पुलिस अधीक्षक

जन एक्सप्रेस । अमेठी



उत्तर प्रदेश सरकार ने बुधवार देर रात प्रशासनिक फेरबदल करते हुए कई जिलों के पुलिस अधीक्षकों का तबादला कर दिया।इसी क्रम में अमेठी की पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक का स्थानांतरण कर उन्हें मिर्जापुर का नया पुलिस कप्तान नियुक्त किया गया है।उनके स्थान पर वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी टी.सर्वानन को अमेठी का नया पुलिस अधीक्षक बनाया गया है।

बताते चलें कि अपर्णा रजत कौशिक ने अमेठी में लगभग 13 माह तक पुलिस अधीक्षक के रूप में कार्य किया।उनके कार्यकाल के दौरान कानून-व्यवस्था को लेकर कई सख्त कदम उठाए गए।महिला सुरक्षा,अपराध नियंत्रण और थानों की कार्यप्रणाली में सुधार को लेकर उनके प्रयासों की चर्चा रही।अब शासन ने उन्हें मिर्जापुर जनपद की जिम्मेदारी सौंपी है।वहीं जनपद के नए पुलिस अधीक्षक बनाए गए टी सर्वानन वर्ष 2019 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं।इससे पूर्व वह पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी में अपर पुलिस आयुक्त के पद पर तैनात थे।अमेठी उनका पहला जनपद है,जहां वे पुलिस अधीक्षक के रूप में कार्यभार संभालेंगे।इससे पहले उन्होंने वाराणसी सहित प्रदेश के कई प्रमुख शहरों में महत्वपूर्ण पदों पर रहकर अपनी सेवाएं दी हैं।

प्रशासनिक हलकों में इस तबादले को कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने की दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है।माना जा रहा है,कि टी. सर्वानन के नेतृत्व में जनपद में पुलिसिंग को नई दिशा मिलेगी।तथा अपराध नियंत्रण,जनसुनवाई और पारदर्शिता पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।तबादले की सूचना मिलते ही पुलिस विभाग में हलचल तेज हो गई है।जल्द ही नए पुलिस अधीक्षक द्वारा कार्यभार ग्रहण किए जाने की संभावना है।

# अदाणी फाउंडेशन की पहल से स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं बनेंगी आत्मनिर्भर

जन एक्सप्रेस । अमेठी




ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्तबनाने की दिशा में अदाणी फाउंडेशन टिकरिया गौरीगंज द्वारा एक रचनात्मक पहल की गई।गुरुवार को स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को आय सृजन गतिविधियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कुल्हड़ बनाने की मशीनों का वितरण किया गया।इस पहल से महिलाओं के स्वरोजगार को नई गति मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।कार्यक्रम का शुभारंभ उपायुक्त स्वतः रोजगार प्रवीणा शुक्ला एवं अदाणी सीमेंट टिकरिया स्पोर्ट्स क्लब की अध्यक्षा अनुराधा शर्मा सहित स्पोर्ट्स क्लब की सदस्यों को पुष्प गुच्छ भेंट कर किया गया।इसके पश्चात शिवा स्वयं सहायता समूह बेलखोर एवं राम स्वयं सहायता समूह रघुपुर की महिलाओं को कुल्हड़ बनाने की मशीनें प्रदान की गईं।इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि कुल्हड़ मशीन के माध्यम से महिलाओं को पारंपरिक श्रम से राहत मिलेगी, उत्पादन क्षमता बढ़ेगी तथा समय की बचत के साथ उनकी आमदनी में भी वृद्धि होगी।प्लास्टिक के उपयोग को कम करने की दिशा में कुल्हड़ का प्रयोग पर्यावरण संरक्षण के लिहाज से भी महत्वपूर्ण है।महिलाओं ने बताया कि अब वे स्थानीय बाजारों में कुल्हड़ की आपूर्ति कर नियमित आय अर्जित कर सकेंगी,जिससे उनके परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं ने इस पहल को उनके लिए रोजगार का स्थायी साधन बताया।अदाणी फाउंडेशन द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं के कौशल विकास,स्व रोजगार और आर्थिक सशक्तिकरण के लिए लगातार कार्य किए जा रहे हैं।यह कार्यक्रम उसी कड़ी का हिस्सा है,जिससे महिलाएं आत्म निर्भर बनकर समाज की मुख्यधारा से जुड़ सकें।कार्यक्रम में अदाणी फाउंडेशन टिकरिया की सीएसआर टीम से मोहित शुक्ला एवं योगेश शुक्ला,सुधांशु मिश्रा व उनकी टीम के साथ बड़ी संख्या में स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं मौजूद रहीं।

# महिला आयोग की सदस्य ने महिला उत्पीड़न से संबंधित सुनीं शिकायतें

जन एक्सप्रेस । रायबरेली



उ0प्र0 राज्य महिला आयोग की सदस्य पुनम द्विवेदी ने आज जिला पंचायत सभागार में महिला उत्पीड़न व उनकी समस्याओं से जुड़े मुद्दो के बारे में अधिकारियों से समीक्षा की। बैठक के दौरान उन्होंने जन सुनवाई करते हुए घरेलू हिंसा, यौन उत्पीड़न, वैवाहिक समस्या, लैंगिक भेदभाव, शिक्षा व रोजगार आदि संबंधी शिकायत सुनी। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये कि सभी प्रकरण को संज्ञान में लेते हुए पीड़ित महिलाओ को शीघ्र न्याय दिलाया जाए। निर्देश दिये कि महिलाओं के उत्पीड़न व महिला से जुड़ी शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्वक एवं समयबद्ध तरीके से किया जाये तथा महिलाओं से सम्बन्धित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार ग्राम पंचायत व ग्रामीण स्तर पर कराया जाये। जिन प्रकरणों में अभी कार्यवाही लंबित है उन्हें भी आयोग के संज्ञान में लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आयोग के निर्देश है कि महिलाओं और बच्चों से संबंधित प्रकरणों में शीघ्र कार्रवाई की जाए। महिला जन सुनवाई के दौरान 13 शिकायत प्राप्त हुई जिन्हें शीघ्र निस्तारित करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि पीड़ित महिलाओं को निःशुल्क विधिक सहायता भी उपलब्ध कराई जाएगी। महिला आयोग सदस्य ने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं न्याय सुनिश्चित करना राज्य महिला आयोग की प्राथमिकता है और किसी भी पीड़िता के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा।

इस अवसर पर बाल विवाह मुक्त भारत अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत महिला आयोग सदस्य द्वारा उपस्थित लोगों को ''बाल विवाह मुक्त भारत'' अभियान की शपथ दिलाई गई तथा महिला कल्याण विभाग से हब फॉर इंपॉवरमेंट ऑफ वूमेन की टीम द्वारा बताया गया कि 18 वर्ष से कम आयु की लड़की का विवाह होता है या 21 वर्ष से कम आयु के लड़के का विवाह होता है तो वह बाल विवाह की श्रेणी में आता है यदि ऐसा आपके आसपास हो रहा है तो आप 1098 पर सूचित करें साथ ही बालिकाओं को सरकारी योजनाएं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना , मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, स्पॉन्सरशिप योजना, महिला हेल्पलाइन नंबर, वन स्टॉप सेंटर एवं महिलाओं से सम्बन्धित पति की मृत्यु निराश्रित महिला पेंशन योजना, 181-महिला हेल्पलाईन, उ0प्र0 रानी लक्ष्मीबाई महिला एवं बाल सम्मान कोष योजना आदि के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई।

इस मौके पर जिला प्रोबेशन अधिकारी जयपाल वर्मा, जिला विद्यालय निरीक्षक संजीव कुमार सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल सिंह, जिला पूर्ति अधिकारी उबेर्दुरहमान, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी मोहन त्रिपाठी, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी महिमा, जिला समाज कल्याण अधिकारी सृष्टि अवस्थी, जिला विधिक सेवा प्राधिकारण के अधिकारियों सहित हब फार इम्पावरमेंट ऑफ वूमेन टीम से जिला मिशन समन्वयक शेफाली सिंह, जेन्डर स्पेशलिस्ट पूजा तिवारी एवं अन्य अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

# कांग्रेस कार्यालय तिलक भवन में आहूत की गई बैठक

जन एक्सप्रेस । रायबरेली



जिला कांग्रेस कमेटी की मासिक बैठक जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी की अध्यक्षता में कांग्रेस कार्यालय तिलक भवन में आहूत की गई बैठक को सम्बोधित करते हुए कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने जनपद में एस.आई.आर. को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं की भागेदारी पर प्रसंशा की उन्होने कहा कि कांग्रेस का कार्यकर्ता मतदाता सूची पर बड़ी जिम्मेदारी से काम कर रहा है। तिवारी ने त्रिस्तरीय जिला पंचायत चुनावों पर भी कांग्रेस कमेटी से महत्वपूर्ण चर्चा की।

कांग्रेस प्रवक्ता महताब आलम ने बताया कि मासिक बैठक में मतदाता निर्वाचक नामावली (एस.आई.आर.) पर चर्चा, मनरेगा बचाओं संग्राम कार्यक्रम की अग्रिम रणनीति पर चर्चा, सदस्य विधान परिषद स्नातक एवं शिक्षक चुनाव संबंधी मतदाता पर चर्चा एवं पंचायत चुनाव जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई।

बैठक में विजय शंकर अग्निहोत्री ने एस.आई.आर. में आ रही परेशानियों पर चर्चा की और बड़ी संख्या में मतदाता सूची से नाम काटे जाने पर चिंता व्यक्त की। सभा का संचालन महेश प्रसाद शर्मा ने किया। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष, महासचिव, सचिव और ब्लाक अध्यक्ष उपस्थित रहे।

## राज्य महिला आयोग की सदस्य ने जिला कारागार व बाल गृह (बालिका) का निरीक्षण कर दिये आवश्यक निर्देश

जन एक्सप्रेस । रायबरेली

उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की मा0 सदस्य पुनम द्विवेदी ने दो दिवसीय जनपद भ्रमण के दौरान जिला जिला कारागार में महिला बैरक का निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान उन्होंने महिला कैदियों को मिलने वाली सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि महिला कैदियों व उनके साथ आवासित बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाए इसके पश्चात महिला आयोग की सदस्य ने बाल गृह (बालिका) चक धरौरा का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बाल गृह में रह रहे बच्चों की सुविधाओं, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

सदस्य ने बाल गृह में रह रहे बच्चों से बातचीत की और उनसे बाल गृह में मिल रही सुविधाओं का फीडबैक लिया। उन्होंने बाल गृह के अधिकारियों को निर्देश दिया कि बच्चों को बेहतर सुविधाएं और शिक्षा प्रदान करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएं। बच्चों को समय पर बेहतर भोजन और स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं। उनकी सुरक्षा और कल्याण के लिए किए जा रहे प्रयासों पर भी उन्होंने चर्चा की। आयोग सदस्य ने कहा कि बच्चों के मनोरंजन और मानसिक स्वास्थ्य के लिए आवश्यक गतिविधियों का आयोजन किया जाए।

# नि:शुल्क खाद्यान्न वितरण 08 फरवरी से 26 फरवरी तक

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर

इस बार जनपद के समस्त अन्त्योदय एवं पात्र गृहस्थी योजना के कार्डधारकों को माह जनवरी के सापेक्ष निःशुल्क खाद्यान्न का वितरण जनपद में 08 फरवरी से प्रारम्भ होकर 26 फरवरी तक किया जाएगा, जिसके अंतर्गत जनपद के सभी उचित दर विक्रेताओं द्वारा प्रतिदिन प्रातः 08ः00 बजे से 12ः00 बजे तक एवं दोपहर 02ः00 बजे से सायं 06ः00 बजे तक खाद्यान्न वितरण किया जाएगा।

इस दौरान अन्त्योदय कार्डधारकों को प्रति कार्ड 21 किग्रा फोर्टिफाइड चावल एवं 14 किग्रा गेहूँ, कुल 35 किग्रा खाद्यान्न तथा पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को प्रति यूनिट 03 किग्रा फोर्टिफाइड चावल एवं 02 किग्रा गेहूँ, कुल 05 किग्रा खाद्यान्न पूर्णतः निःशुल्क प्रदान किया जाएगा, जबकि खाद्यान्न वितरण की अन्तिम तिथि 26 फरवरी, 2026 निर्धारित है और आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से खाद्यान्न प्राप्त न कर पाने वाले कार्डधारकों हेतु मोबाइल ओ0टी0पी0 वेरीफिकेशन के माध्यम से दिनांक 26.02.2026 को निःशुल्क वितरण की सुविधा उपलब्ध रहेगी।जिला पूर्ति अधिकारी कुमार निर्मलेंदु ने बताया कि जनपद में पारदर्शी, सुचारु एवं समयबद्ध वितरण सुनिश्चित करने हेतु सभी उचित दर विक्रेताओं को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं तथा किसी भी लाभार्थी को वितरण के दौरान यदि कोई समस्या आती है तो वह विभागीय टोल फ्री नंबर 18001800150 पर कॉल कर शिकायत दर्ज करा सकता है, वहीं ई-पॉस मशीन में अंगूठा लगवाकर खाद्यान्न न देने अथवा किसी भी प्रकार की अनियमितता की शिकायत प्राप्त होने पर संबंधित उचित दर विक्रेता के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

# सलोन पुलिस का बड़ा एक्शन, खेतों से इंजन चोरी करने वाला गिरोह पकड़ा गया

जन एक्सप्रेस । रायबरेली



उप्र के रायबरेली जनपद के सलोन थाना क्षेत्र में पुलिस ने खेतों से सिंचाई के डीजल इंजन और चारा काटने की मशीनें चोरी करने वाले एक सक्रिय गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने इस गैंग के चार शातिर सदस्यों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी का सामान और वारदात में इस्तेमाल लोडर वाहन बरामद किया है। काफी समय से सलोन इलाके में खेतों से इंजन और कृषि उपकरण चोरी होने की शिकायतें मिल रही थीं। किसानों में दहशत और नाराजगी का माहौल था। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने निगरानी और चेकिंग तेज कर दी। 5 फरवरी को थाना सलोन पुलिस और सर्विलांस टीम ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए तराई मोड़ के पास से चार संदिग्धों को धर दबोचा। पूछताछ में आरोपियों ने खेतों से चोरी की कई घटनाओं को अंजाम देने की बात कबूल की। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान शिव शंकर उर्फ शंकर, विपिन निर्मल, संदीप और रंजीत निर्मल के रूप में हुई है। सभी आरोपी पड़ोसी जनपद प्रतापगढ़ के रहने वाले बताए जा रहे हैं। पुलिस पूछताछ में खुलासा हुआ कि यह गिरोह रात के अंधेरे में खेतों में घूमकर खुले में रखे डीजल इंजन, पंपिंग सेट और अन्य कृषि मशीनें चोरी करता था। चोरी के सामान को बेचकर आरोपी अपना खर्च और नशे की जरूरतें पूरी करते थे। बरामद सामान हाल की कई चोरी की घटनाओं से जुड़ा बताया जा रहा है। पुलिस ने चारों आरोपियों को अदालत में पेश कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। वहीं, गिरोह से जुड़े अन्य फरार लोगों की तलाश में दबिश दी जा रही है। सलोन पुलिस का कहना है कि इलाके में चोरी की घटनाओं पर पूरी तरह लगाम लगाने के लिए अभियान जारी रहेगा।

## Cmo के बाद कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के शिक्षक पदों पर भर्ती के दौरान हैकरों का नया कारनामा

**रायबरेली** जिले में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के शिक्षक पदों पर भर्ती के दौरान हैकरों ने एक अजब-गजब कारनामा कर डाला है। कुछ धोखेबाज लोग आवेदकों को फोन करके खुद को अधिकारी या भर्ती से जुड़ा कर्मचारी बताकर पैसे मांग रहे हैं। वे चयन, फॉर्म स्वीकृति या नियुक्ति के नाम पर हजारों रुपये की मांग कर रहे हैं, जबकि यह पूरी तरह फर्जीवाड़ा है। आवेदकों की शिकायतों पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल सिंह ने तुरंत कार्यवाही करते हुए पुलिस को लिखित पत्र भेजा है। उन्होंने स्पष्ट किया है कि भर्ती प्रक्रिया में किसी भी प्रकार का कोई शुल्क या रिश्वत नहीं ली जाती। आधिकारिक रूप से कोई फोन या मैसेज के जरिए पैसे नहीं मांगे जाते। बीएसए ने सभी आवेदकों से अपील की है कि वे हैकरों और ठगों से सावधान रहें। किसी को भी पैसे न दें। यदि कोई व्यक्ति पैसे मांगता है या संदिग्ध फोन व मैसेज आता है, तो तुरंत नजदीकी पुलिस थाने या बीएसए कार्यालय में शिकायत दर्ज कराएं। केवल आधिकारिक वेबसाइट या जिला शिक्षा कार्यालय से ही जानकारी लें।

# सेंट जेवियर्स स्कूल में छात्र-छात्राओं को क्रीमी दिवस के विषय में किया गया जागरूक

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर



जनपद बलरामपुर नगर की अग्रणी शिक्षण संस्था सेंट ज़ेवियर्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में 10 फरवरी को होने वाले कृमि दिवस के संदर्भ में गुरुवार को विशेष सभा कर बच्चों को जागरूक किया गया ।

जानकारी के अनुसार 5 फरवरी को जनपद बलरामपुर के सेंट जेवियर्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल मे विशेष सभा का आयोजन किया गया। इस विशेष सभा का उद्देश्य बच्चों को 10 फरवरी 2026 को होने वाले राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस (नेशनल डी वार्मिंग डे) के संदर्भ में जागरूक और सतर्क करना था। इस प्रार्थना सभा में मुख्य जिला चिकित्सालय से सहायक मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर मीनाक्षी जी के साथ-साथ अखिलेश श्रीवास्तव एवं श्री सितांशु जी ने जन-जागरूकता अभियान के तहत बच्चों के साथ शिरकत की। जन जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत सर्वप्रथम एनसीसी के बच्चों द्वारा आयी हुई सहायक मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर मीनाक्षी जी को गार्ड ऑफ़ ऑनर दिया गया। इसके बाद प्राचार्य श्री आसिम रूमी जी के द्वारा उनका स्वागत किया गया । सहायक मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर मीनाक्षी जी ने बच्चों से परिचर्चा करते हुए अपने अभिभाषण मे बच्चों को बताया कि राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस भारत सरकार की एक स्वास्थ्य पहल है, जो साल में दो बार (आमतौर पर 10 फरवरी और 10 अगस्त) 1 से 19 वर्ष तक के बच्चों को कृमि मुक्त करने के लिए मनाई जाती है। यह एक प्रकार का पेट में होने वाला कीड़ा है जो टॉफी , चॉकलेट रोड साइड फ़ूड , दूषित पानी पीने से या फिर उल्टा सीधा खाने से पेट में विकसित हो जाता है , अब पेट में दर्द शुरू हो जाता है और दूसरी परेशानियां भी। यह स्वस्थ के लिए बहुत हानिकारक है जिससे बच्चे चिड़चिड़े हो जाते है, हेल्थ ख़राब हो जाती है , पढ़ने में मन लगता नहीं है , सही से खून बनता नहीं है, स्कूल का काम न करने पर टीचर्स की डांट पढ़ती है खेल में भी पीछे रह जाते है इस विशेष दिवस का उद्देश्य तेजी से फैलने वाले कृमि से बच्चों को बचाना और है और उनको फिट रखना है इस कार्यक्रम में बच्चों को एल्बेंडाजोल की मुफ्त दवा खिलाई जाती है । इसी क्रम मे विद्यालय प्राचार्य श्री आसिम रूमी जी ने राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के बारे में उपलब्ध जानकारी देते हुए बच्चों को जागरूक करते हुए बताया कि इस का उद्देश्य बच्चों में पेट के कीड़ों (कृमि) के संक्रमण से छुटकारा दिलाना और एनीमिया (खून की कमी) व कुपोषण को कम करना ताकि उनके पोषण, शारीरिक और मानसिक विकास को बेहतर बनाया जा सके। उन्होंने यह भी बताया कि भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की एक सराहनीय पहल है जिसका उद्देश्य देश के प्रत्येक बच्चे को कृमि मुक्त बनाना है। बच्चे अगर इस दवा को सही तरीका से समयाअनुसार खाते रहे तो उनका स्वस्थ बेहतर रहेगा हमेशा। एक स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ दिमाग निवास करता है जो पढ़ने , खेलने , लीडर, डॉक्टर या अधिकारी बनने के लिए पहली प्राथमिकता है । कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के वरिष्ठ समन्वयक राजेश जायसवाल द्वारा आए हुए आगंतुकों का आभार प्रकट किया गया।



# एसएमएस की बीमारी युवाओं पर भारी

बिना बात की बात करने में माहिर युवाओं को एसएमएस की लत महंगी साबित हो रही है। इससे उनकी जेब तो ढीली हो ही रही है, उनकी रातों की नींद हराम होने के साथ ही मानसिक शांति भी गायब सी होती जा रही है। इस समस्या से सबसे ज्यादा पीड़ित हो रहे हैं टीनएजर्स, क्योंकि एसएमएस का चस्का उनमें सबसे ज्यादा है। एसएमएस की लतों से मानसिक रूप से परेशान और बैचेन अनेक युवा इन दिनों मनोचिकित्सकों के पास पहुंच रहे हैं।

एसएमएस की वजह से क्या-क्या परेशानियां आ रही हैं और इनसे किस तरह निजात पाई जा सकती है, जानें एक्सपर्ट सलाह पर आधारित जितेंद्र सूर्यवंशी की इस रिपोर्ट में। कंपनियों द्वारा कम पैसे में दी गई एसएमएस की सुविधा युवाओं के लिए दुविधा साबित हो रही है। मनोचिकित्सकों के पास पहुंच रहे ज्यादातर मामलों में यह बात सामने आई है कि एसएमएस की लत मानसिक शांति और सेहत के लिए खतरनाक साबित हो रही है। इससे क्रोध बढ़ने के अलावा बैचेनी और अनिद्रा जैसी समस्याएं हो रही हैं। यही नहीं, एसएमएस का लगातार प्रयोग करने वाले युवाओं में अवसाद के साथ ही डर की भावना भी पैदा हो रही है। दरअसल, एसएमएस के जरिए दोस्तों से हर वक्त संपर्क में रहने के चलते युवाओं की दिनचर्या पूरी तरह गड़बड़ा गई है, इससे उनकी पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है। देर रात तक मोबाइल में संदेश के माध्यम से बात करने के कारण अधिकांश युवा गहरी नींद भी नहीं ले पा रहे हैं। कुछ रोचक मामलों में यह भी शामिल है कि अधिकांश युवा अक्सर अपने मोबाइल को इसलिए देखते रहते हैं कि शायद कोई एसएमएस आया हो, लेकिन प्राय: उनके लिए कोई एसएमएस नहीं होता। कई युवा तो ऐसे भी हैं जिन्हें अपने सहपाठियों से एसएमएस का जवाब नहीं मिलने पर वह निराशा और चिंता में भी डूब गए हैं, इससे उनके मन में एक तरह का अवसाद घर कर गया है कि कोई उनके संपर्क में रहना पंसद नहीं कर रहा है।

युवाओं से बातचीत में यह खुलासा हुआ कि वह बिना किसी वाजिब वजह के प्रतिदिन 150-200 तक एसएमएस कर देते हैं। इस मामले में टीनएजर्स युवतियां लड़कों से कहीं आगे हैं, क्योंकि लड़के जहां 50-100 एसएमएस ही कर पाते हैं, जबकि लड़कियां रोजाना 200 एसएमएस तक करती हैं। मजे की बात यह है कि एसएमएस के इस सिलसिले में बिना बात की बात या यूं कहें कि टाइम पास करने के लिए बेतुकी बातें ही होती हैं। इसमें सुबह से लेकर रात्रि तक की रूटीन बातें, पसंद-नापसंद, हॉबी, गपशप, घुमने-फिरने तक की बातें शामिल हैं।

### यह समस्याएं आ रहीं सामने

मनोचिकित्सक रूमा भट्टाचार्य ने बताया कि फिलहाल एसएमएस की लत से परेशान हो चुके युवाओं के जो मामले उनके पास आ रहे हैं उनमें सबसे ज्यादा शिकायतें अनिद्रा, अवसाद, कम भूख, ब्रेन टयूमर, गुस्सा, बैचेनी और क्रोधित होने जैसे लक्षण दिखाई दे रहे हैं।

उन्होंने बताया कि उनके पास आने वाले ज्यादातर युवाओं में यह शिकायत आम है कि वह सोते समय मोबाइल अपने पास में ही रखते हैं, इससे वह पूरी नींद नहीं ले पाते, क्योंकि एसएमएस आने या मोबाइल पर कॉल आते ही उनकी नींद खुल जाती है। प्राय: एसएमएस मिलने पर युवा नींद तोड़कर उसे पढ़ते हैं, जिससे उनकी नींद प्रभावित हो रही है।

ज्यादातर युवाओं में यह शिकायत भी है कि वह मैसेज की आशंका से हर कुछ ही सैकंड के बाद अपना मोबाइल देखते हैं और लगातार मैसेज टाइप करने की वजह से उनके अंगूठे और कलाई के बीच दर्द रहता है।

इसी तरह वरिष्ठ मनोचिकित्सक डॉ आरएन साहू ने बताया कि कुछ मामले ऐसे भी हैं जिनमें युवाओं ने स्वीकार किया है कि यदि वह एसएमएस करते हैं और रिप्लाई नहीं मिलता तो वह बैचेन हो जाते हैं और उनमें हीनभावना आने लगती है। इस स्थिति को टेक्स्टाफ्रेनिया कहा जाता है। उन्होंने बताया किए ऐसे मामले आए दिन सामने आ रहे हैं।

### ऐसे पाएं निजात

वरिष्ठ मनोचिकित्सक डॉ आरएन साहू कहते हैं कि इस समस्या से छुटकारा पाने का बेहतर रास्ता तो यही है कि मोबाइल का उपयोग कम से कम किया जाए। एसएमएस ही नहीं, बल्कि बातचीत में भी इसका उपयोग सीमित हो, क्योंकि यह सेहत के लिए बेहद खतरनाक साबित हो सकता है।

युवाओं को चाहिए कि वह जरूरी होने पर ही एसएमएस करें। एसएमएस को गप्पबाजी या टाइम पास का माध्यम न बनाएं। जितनी भी बातें करनी है वह मिलकर करें। खासकर देर रात तक एसएमएस से बात करने से बचें एवं सोते समय मोबाइल अपने पास में न रखें, बेहतर होगा कि सोने से पहले मोबाइल बंद कर दें।



## अकेलापन मिटाने का जरिया

एक मेडिकल स्टूडेंट बताते हैं कि वह रोजाना 100 से अधिक एसएमएस कर देते हैं, सिर्फ इसलिए कि उन्हें एसएमएस से बातें करना अच्छा लगता है, टाइम पास हो जाता है और अकेलेपन से भी मुक्ति मिल जाती है। स्टूडैंट ने यह स्वीकार करते हैं कि इससे उनकी पढ़ाई बेहद प्रभावित हुई है और नींद भी उड़ गई है, क्योंकि कई बार उन्हें नींद में भी ऐसा लगता है कि मोबाइल पर कोई एसएमएस आया है, इससे नींद खुल जाती है।

इंजीनियरिंग के स्टूडेंट रूपेश त्यागी का कहना है कि मेरे लिए एसएमएस नए-नए दोस्त बनाने का जरिया है और मैं इसके लिए हमेशा एसएमएस का सहारा लेता हूं, क्योंकि यह सस्ता भी है। लेकिन फिलहाल वह एसएमएस से बेहद परेशान हो चुके हैं, उनका कहना है कि शुरू में तो कोई परेशानी नहीं थी, लेकिन अब इतने अधिक एसएमएस आने लगे हैं कि मोबाइल देखकर ही सिरदर्द होने लगता है और मैं कभी-कभी एसएमएस भेजने वाले दोस्तों पर क्रोधित हो जाता हूं।



# जुकाम में खूब खाएं, बुखार में नहीं

एक कहावत है, फीड ए कोल्ड, स्टार्व ए फीवर। यानी जुकाम के समय खूब खाओ और बुखार के समय भूखे रहो। लगता है इस कहावत में कुछ दम है। भरपेट खाने और भूखे रहने के असर शरीर के प्रतिरक्षा तंत्र पर एकदम अलग-अलग होते हैं। वैसे डॉक्टर उक्त कहावत को ज्यादा महत्व नहीं देते। एम्सटर्डम के एकेडमिक मेडिकल सेंटर में किए गए अनुसंधान से कुछ रोचक परिणाम प्राप्त हुए हैं। पता चला है कि भरपेट भोजन करने से प्रतिरक्षा तंत्र का एक पक्ष प्रेरित होता है। यह जुकाम पैदा करने वाले वायरसों का सफाया करता है, जबकि भूखे रहने से प्रतिरक्षा तंत्र का वह पक्ष सक्रिय होता है, जो बुखार के लिए उत्तरदायी बैक्टीरिया का सामना करता है। सेंटर के वैज्ञानिक गिस वान डेन ब्रिन्क और उनके साथियों ने एक क्रिसमस दावत के दौरान अतिथियों के रक्त के नमूने प्राप्त किए। वे देखना चाहते थे कि क्या प्रतिरक्षा तंत्र पर अल्कोहल का कोई असर होता है? पता चला कि अल्कोहल का तो कोई असर नहीं होता, लेकिन भोजन का असर अवश्य होता है। यह देखकर वैज्ञानिकों ने छह लोगों से अनुरोध किया कि वे एक रात भूखे रहें और फिर अगले दिन सुबह प्रयोगशाला में आएं। इन्हीं लोगों को एक बार तरल भोजन देकर भी परीक्षण किए गए। देखने में आया कि तरल भोजन के लगभग 6 घंटे बाद उनके खून में गामा इंटरफेरॉन की मात्रा सामान्य से चौगुनी हो गई थी। गामा इंटरफेरॉन उन तमाम कोशिकाओं को नष्ट करती है, जिसमें कोई विषाणु (वायरस) घुस चुका हो। यह प्रतिरक्षा मूलत: वायरसों के विरुद्ध काम करती है। लगता है कि भरपेट भोजन इसे बढ़ावा देता है। दूसरी ओर, जब इन्हें सिर्फ पानी पिलाया गया तो उनमें इंटरफेरॉन की मात्रा में तो थोड़ी सी कमी आई मगर एक अन्य रासायनिक संदेशवाहक इंटरल्यूकीन-4 की मात्रा चौगुनी हो गई। इंटरल्यूकीन-4 हमारी कोशिकाओं के बाहर मंडराते रोगजनक तत्वों पर हमला करता है। बैक्टीरिया आमतौर पर यही करते हैं, कोशिकाओं के बाहर टहलते रहते हैं। इनमें से कई बैक्टीरिया बुखार के कारक हैं। वैसे ब्रिन्क ने चेतावनी दी कि यह एक बहुत छोटा सा अध्ययन है। लोगों को इसके आधार पर अपने तौर-तरीके बदलने की उतावली नहीं करनी चाहिए। वैसे एक अन्य अध्ययन ने भी इस निष्कर्ष की पुष्टि की है। एम्सटर्डम के ही फ्री यूनिवर्सिटी हॉस्पिटल में किए गए इस अध्ययन में पता चला है कि ग्लूटैमीन नामक एक अमीनो अम्ल भी इंटरफेरॉन जैसी प्रतिरक्षा को बढ़ावा देता है।

# अगर खुजली से हैं परेशान तो इन्हें आजमाइए

खुजली एक त्वचा रोग है, जिससे व्यक्ति काफी परेशान और निराश हो जाता है। खुजली के लिए सबसे कारगर उपाय है तेल की मालिश जिससे रूखी और बेजान त्वचा को नमी मिलती है। चलिए जानते हैं खुजली के कुछ घरेलू इलाज।

1. खुजली होने पर प्राथमिक सावधानी के तौर पर सफाई का पूरा ध्यान रखिए।
2. साबुन का प्रयोग जितना भी हो सकता है कम कर दें और सिर्फ मृदु साबुन का ही प्रयोग करें।
3. कभी कभी त्वचा को सुगंधित पदार्थों, क्रीम, लोशन, शैंपू, जूतों या कपड़ों में पाए जाने वाले रसायनों से भी एलर्जि हो जाती है। इसलिए सही तरीके का लोशन इत्यादि ही लगाएं।
4. अगर आपको कब्जा है तो उसका भी इलाज करवाएं।
5. हफ्ते में दो बार मुल्तानी मिट्टी और नीम की पत्ती का लेप लगाएं, उसके बाद साफ पानी से शरीर को धो लें।
6. थोडा सा कपूर लेकर उसमें दो बड़े चम्मच नारियल का तेल मिलाकर खुजली वाले स्थान पर नियमित लगाने से खुजली मिट जाती है। हां, तेल को हल्का सा गरम करके ही कपूर में मिलाए।
7. यदि जनेंद्रिय पर खुजली की शिकायत हो, तो गर्म पानी में फिटकरी मिलाकर उसे लगाएं।
8. नारियल तेल का दो चम्मच लेकर उसमें एक चम्मच टमाटर का रस मिलाइए। फिर खुजली वाले स्थान पर भली प्रकार से मालिश करिए। उसके कुछ समय बाद गर्म पानी से स्नान कर लें। एक सप्ताह ऐसा लगातार करने से खुजली मिट जाएगी।
9. यदि गेहूं के आटे को पानी में घोल कर उसका लेप लगाया जाए, तो विविध चर्म रोग, खुजली, टीस, फोडे-फुंसी के अलावा आग से जले हुए घाव में भी राहत मिलती है।
10. सवेरे खाली पेट 30-35 ग्राम नीम का रस पीने से चर्म रोगों में लाभ होता है, क्योंकि नीम का रस रक्त को साफ करता है।
11. खुजली से परेशान लोगों को चीनी और मिठाई नहीं खानी चाहिए। परवल का साग, टमाटर, नीबू का रस आदि का सेवन लाभप्रद है।





# वजन कम ना होने के पांच मुख्य कारण

अगर आपको ऐसा लगता है कि आपके बार-बार जिम जाने से भी आपके वजन में कोई परिवर्तन नहीं दिख रहा है, तो इसके पीछे भी कई कारण हो सकते हैं। पूरी तरह से वजन कम करने के लिए कई ऐसे उपाए हैं जो काफी कारक हैं। जिनमें से सही तरीके से लिया गया आहार और व्यायाम सर्वक्षेष्ठ स्थान रखता है। पर इसके अलावा भी ऐसे और भी कारण हो सकते हैं जिनकी वजह से आपके वजन में कोई परिवर्तन देखने को नहीं मिलता। चलिए बात करते हैं इन्हीं कारणों की।

**पांच महत्तवपूर्ण कारण क्या हैं-**

1. **अनुचित डाइट प्लैन:** आपको जरुरत है ऐसी आहार योजना कि जो खास आपके शरीर की जरुरत के हिसाब से तैयार की गई हो। इसको तैयार करने के लिए यह देखना बहुत जरुरी है कि आप कौन सा कार्य करते हैं और आपकी रोज़ की दिनचर्या कैसी है। अगर आप रोज़ जिम जाते हैं और वापस घर पर आकर दिन भर सोते रहते हैं तो किसी भी प्रकार का डाइट प्लैन अपको पतला नहीं कर पाएगा।
2. **ब्रेकिगं प्वांइट:** यहां पर ब्रेकिगं प्वांइट हम उसे कहते हैं, जिस समय व्यक्ति का वजन कम होना शुरू हो जाता है। अगर आप ऐसा सोंचते हैं कि एक्सरसाइज करने के तुरंत बाद ही आपका वजन कम होने लगेगा तो ऐसा नहीं होता। सबसे पहले शरीर में से पानी, फिर ऊर्जा और अंत में वसा कम होना शुरु होता है। हर ब्यक्ति का ब्रेकिगं प्वांइट अलग अलग होता है। जहां कई लोग चार ही दिनों में किलो भर वजन कम कर लेते हैं, वहीं पर कुछ लोगों का वजन दो हफ्ते बाद भी वैसा ही रहता है। इसलिए आपको कभी भी हिम्मत नहीं हारनी चाहिए।
3. **व्यायाम की सही योजना:** अगर आप काफी समय से सिर्फ वही पुरानी एक्सरसाइज कर रहे हैं तो आपके शरीर को उसकी आदत हो जाएगी। इसलिए आपको अपनी एक्सरसाइज को कुछ कुछ दिनों या महीनों पर परिवर्तित कर लेना चाहिए।
4. **कार्डियो और वेट ट्रेनिगं का उचित मिश्रण:** वर्कआउट हमेशा इन्ही दो महत्वपूर्ण भागों में बंटा होता है। आपको वजन कम करने के लिए हमेशा 80 प्रतिशत कार्डियो करना चाहिए। जिसमें ट्रेडमिल, साइकिलिगं और जौगिगं शामिल होती है। वेट ट्रेनिगं मासपेशियों को टोन करने के लिए किया जाता है।
5. **हार्मोनल असंतुलन:** अगर फिर भी आपका वजन कम होने का नाम नहीं ले रहा है तो शायद शरीर में आंतरिक रूप से ही कोई समस्या हो। थाइरॉइड ग्लैन्ड के सही से काम ना कर पाने की वजह से भी वजन कम नहीं होता चाहे आप कितनी भी कोशिश क्यूं ना कर लें।

## जन एक्सप्रेस



## सम्पादकीय

# लोकलुभावन की बजाय आर्थिक सेहत ठीक करने वाला बजट

**दुनिया की सबसे बड़ी समाचार एजेंसी रॉयटर्स ने इन बजट प्रस्तावों को लेकर कहा है कि भारत के इस बजट में वित्तीय अनुशासन बनाम विकास का द्वंद्व दिख रहा है। एजेंसी कहती है कि बजट प्रस्ताव में मोदी सरकार ने 4.3 प्रतिशत के राजकोषीय घाटे का लक्ष्य रखा है। इसी तरह उसने बुनियादी ढांचे पर खर्च बढ़ाया। मोदी सरकार के ये कदम नए बदलाव के प्रतीक हैं। ब्रिटेन से प्रकाशित होने वाले प्रसिद्ध आर्थिक अखबार फाइनेंशियल टाइम्स ने मोदी सरकार के बजट को लेकर कहा है कि यह ग्लोबल अनिश्चितता के बीच भारत का स्थिर कदम है।**

*अंग्रेजी में एक मुहावरा है, टू रॉब पीटर टू पे पॉल। हिंदी में इसका मतलब होगा, पीटर से लेकर पॉल को देना। दुनिया की हर सरकारों के बजट के लिए इस मुहावरे का बखूबी इस्तेमाल होता है। मीडिया भी हर बजट के दिन एक खबर जरूर बनाता है, रूपया आएगा कहां से और जाएगा कहां। इसका भी मतलब इस मुहावरे जैसा ही। बजट प्रबंधन में दुनियाभर की सरकारें एक व्यक्ति या स्रोत से लेकर दूसरे को उपलब्ध कराती रही हैं। इसका मतलब यह नहीं है कि हर बजट ऐसा ही होता है। लोकसभा में साल 2026-27 के लिए प्रस्तुत बजट को इस मुहावरे से कुछ हद तक दूर रखा जा सकता है। बजट प्रस्तावों की मीमांसा होती रहेगी, लेकिन फौरी तौर पर देखें तो कुछ चीजें साफ होती हैं। इस बजट के बारे में कह सकते हैं कि यह लोकलुभावन नहीं है। साल 2024-25 और 2025-26 के बजट को देखें तो उन दिनों मोदी सरकार पर जनता से किए गए वायदों को पूरा करने का दबाव था। इसलिए बीते दोनों बजट में लोकलुभावन घोषणाएं की गईं। वैसे भारतीय राजनीति की रवायत बन चुकी है कि ऐन चुनावों से पहले आने वाले बजट प्रस्तावों में उस राज्य विशेष जहां चुनाव होने हैं, के लिए लुभावनी घोषणाओं की बाढ़ आ जाती है। कुछ ही महीनों बाद पांच महत्वपूर्ण राज्यों में चुनाव होने वाले हैं। पश्चिम बंगाल पर बीजेपी जहां कब्जे की कोशिश में दिन-रात एक किए हुए हैं, वहीं प्रश्न प्रदेश बने तमिलनाडु में भी अपनी ताकतवर उपस्थिति जताने के लिए जोर लगाए हुई है। तमिलनाडु के पड़ोसी केंद्र शासित प्रदेश पुद्दचेरी में भी चुनाव होने हैं। इसी तरह बीजेपी की कोशिश गॉड'स ओन कंट्री यानी भगवान के अपने घर केरल में कमल का फूल खिलाने की है। जबकि असम में तीसरी बार सत्ता हासिल करने के लिए मुतमइन है। राजनीतिक रवायत के मुताबिक, मौजूदा बजट प्रस्तावों में इन राज्यों के लिए घोषणाओं की बाढ़ आनी चाहिए थी। लेकिन तमिलनाडु से आने वाली निर्मला सीतारमण ने अपने नौंवे बजट में ऐसा कुछ भी नहीं किया। इस लिहाज से यह बजट भारतीय राजनीति का नया चेहरा प्रस्तुत कर रहा है। इस बजट के बारे में कहा जा सकता है कि यह लोकलुभावन घोषणाओं की बजाय संरचनात्मक सुधारों, विनिर्माण और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी एआई जैसे भविष्य के क्षेत्रों पर केंद्रित है। इस बजट में जिस तरह शी मार्ट के जरिए महिला उद्योगपतियों को प्रोत्साहन देने की बात है, बेकार और अनुपयोगी हो चुके कानूनों को बदलने के लिए समिति बनाने का का प्रस्ताव है या सात हाईस्पीड रेल कॉरीडोर बनाने की बात है या फिर ग्रामीण बजट को बढ़ावा दिया गया है, या फिर मनरेगा की जगह पर आए नए कानून जी राम जी को जबरदस्त प्रोत्साहन दिया गया है, उस वजह से यह बजट अलग स्वरूप लिए हुए दिख रहा है। शायद यही वजह है कि प्रधानमंत्री ने इसे वैश्विक स्तर पर भारत की भूमिका को सशक्त बनाने वाला बजट बताया है। हालांकि पूर्व वित्त मंत्री और अर्थशास्त्री पी चिदंबरम् मानते हैं कि इस बजट प्रस्ताव में सरकार चीन और अमेरिकी दबाव में दिख रही है। लेकिन विदेशी समाचार माध्यमों और समाचार एजेंसियों की नजर में यह बजट एक तरह से क्रांतिकारी है। दुनिया की जानी-मानी आर्थिक समाचार एजेंसी ब्लूमबर्ग का कहना है कि भारत ने अपने बजट में .133 बिलियन का इंफ्रास्ट्रक्चर दांव लगाया है। इसके साथ ही ब्लूमबर्ग ने बजट में 12.2 लाख करोड़ के कैपेक्स को ग्लोबल सप्लाई चेन के लिए बड़ा संकेत माना है।*

## एक्सप्रेस आलेख

**भारत में भी ऐसी परंपरा विकसित होनी चाहिए, जहां विपक्ष सरकार से जवाबदेही मांगे, परंतु सेना और सुरक्षा संस्थानों की साख को राजनीतिक संघर्ष का अखाड़ा न बनाया जाए। यही संतुलन लोकतंत्र को मजबूत करता है। लेकिन राहुल गांधी पूर्व में भी सैन्य बयानों से न केवल सुरक्षा के लिये खतरा बनते रहे हैं बल्कि हमारे जवानों के मनोबल को भी आहत करते रहे हैं। यह भी सच है कि सरकार को पारदर्शिता से घबराना नहीं चाहिए। यदि विपक्ष किसी पुस्तक, रिपोर्ट या बयान का हवाला देता है, तो उसका संस्थागत और तथ्यपरक उत्तर दिया जाना चाहिए। केवल नियमों के उल्लंघन का हवाला देकर बहस को समाप्त करना भी स्वस्थ परंपरा नहीं कही जा सकती।**


# राष्ट्रीय सुरक्षा और राहुल गांधी की राजनीतिक अपरिपक्वता



ललित गर्ग

**अंततः प्रश्न राहुल गांधी की परिपक्वता का भी है। परिपक्वता का अर्थ चुप रहना नहीं, बल्कि यह समझना है कि कौन-सा प्रश्न कब, कहां और कैसे उठाया जाए। एक राष्ट्रीय नेता से अपेक्षा होती है कि वह भावनात्मक आवेग के बजाय रणनीतिक विवेक से काम ले। इसी तरह विपक्ष की सामूहिक जिम्मेदारी है कि वह संसद को ठप करने के बजाय उसे प्रभावी बहस का मंच बनाए। संसद का स्थगन किसी की जीत नहीं, बल्कि लोकतंत्र की हार होता है।**

नीति-निर्माण, राष्ट्रीय सुरक्षा और संसदीय विमर्श जैसे गंभीर विषय किसी भी लोकतंत्र की रीढ़ होते हैं। संसद केवल सत्ता और विपक्ष के टकराव का मंच नहीं, बल्कि राष्ट्रीय एकता, सामूहिक विवेक और जिम्मेदार अभिव्यक्ति का सर्वोच्च स्थल है। ऐसे में जब राष्ट्रपति के अभिभाषण जैसे संवैधानिक और गरिमामय अवसर पर चर्चा चल रही हो, तब किसी भी नेता से यह अपेक्षा स्वाभाविक है कि वह शब्दों, संदर्भों और समय-तीनों के प्रति अतिरिक्त सावधानी बरते। हालिया घटनाक्रम में लोकसभा में प्रतिनक्ष के नेता राहुल गांधी द्वारा पूर्व थलसेना प्रमुख जनरल एम. एम. नरवणे की अप्रकाशित पुस्तक के कुछ अंशों का हवाला देकर चीनी सेना की कथित घुसपैठ को लेकर जो बयान दिया गया, उसने इसी अपेक्षा पर प्रश्नचिह्न खड़े कर दिए। सरकार का आरोप रहा कि इस बयान ने लोकसभा को गुमराह करने का प्रयास किया, जबकि विपक्ष ने इसे सच दबाने की कोशिश बताकर पलटवार किया। परिणाम यह हुआ कि संसद की कार्यवाही बाधित हुई, तीखी बहस ने पूरे दिन का सत्र स्थगित करा दिया और राष्ट्रीय विमर्श का केंद्र मूल मुद्दों से हटकर आरोप-प्रत्यारोप बन गया। यह प्रश्न केवल एक वक्तव्य का नहीं, बल्कि राजनीतिक परिपक्वता, जिम्मेदारी और राष्ट्रीय हित की समझ का है। राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े विषयों पर सार्वजनिक वक्तव्यों में संवेदनशीलता अनिवार्य होती है। सीमाओं से जुड़े तथ्य, सैन्य तैनाती, रणनीतिक आकलन-ये सब ऐसे विषय हैं जिन पर आधे-अधूरे संदर्भ या चयनित उद्धरण अनावश्यक भ्रम पैदा कर सकते हैं। यही कारण है कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और गृह मंत्री अमित शाह ने इसे संसदीय नियमों के उल्लंघन और राष्ट्रीय सुरक्षा से खिलवाड़ बताया। लोकसभा अध्यक्ष द्वारा व्यवस्था देने के बावजूद यदि किसी नेता का अपने वक्तव्य पर अड़े रहना कार्यवाही को ठप कर दे, तो सवाल उठता है कि क्या उद्देश्य सच सामने लाना था या राजनीतिक लाभ साधना। विपक्ष का दायित्व सत्ता से सवाल करना है, यह लोकतंत्र का प्राण है। किंतु सवालों की भाषा, मंच और समय-तीनों लोकतांत्रिक मर्यादाओं से बंधे होते हैं। राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा का समय सरकार की नीतियों, उपलब्धियों और भविष्य की दिशा पर समग्र विमर्श का होता है। उस दौरान सैन्य पुस्तकों के चयनित अंशों को राजनीतिक हथियार बनाना, वह भी बिना समुचित संदर्भ और संस्थागत प्रक्रिया के, स्वाभाविक रूप से विवाद को जन्म देता है। विपक्ष का यह कहना कि सरकार असहज प्रश्नों को दबाना चाहती है, एक परिचित एवं बेतूका राजनीतिक तर्क है; परंतु सरकार का यह कहना कि राष्ट्रीय सुरक्षा को राजनीतिक रंग देना अनुचित है, उतना ही वजनदार प्रतिवाद है। दोनों पक्षों के बीच संतुलन वहीं संभव है, जहां तथ्य, प्रक्रिया और समय का सम्मान हो। संसद के भीतर अप्रकाशित 'संस्मरण' के जिक्र पर विवाद होना स्वाभाविक है। क्योंकि संसदीय परंपराओं और स्थापित नियमों के अनुसार किसी भी सदस्य द्वारा संसद के पटल पर ऐसी प्रकाशित या अप्रकाशित पुस्तक, लेख या पत्रिका की सामग्री को प्रमाण के रूप में उद्धृत करना स्वीकार्य नहीं है, जिसे सदन के समक्ष औपचारिक रूप से प्रस्तुत (टेबल) न किया गया हो। विशेष रूप से ऐसी पुस्तकों या लेखों के अंश, जिनकी न तो संसदीय सत्यापन प्रक्रिया हुई हो और न ही जिन्हें सदन की अनुमति से अभिलेखित किया गया हो, उन्हें तथ्यात्मक प्रमाण मानना संसदीय मर्यादा के विरुद्ध है। इस दृष्टि से राहुल गांधी द्वारा किसी अप्रकाशित पुस्तक के अंशों को सीधे उद्धृत कर उन्हें नीतिगत या राष्ट्रीय महत्व के विषयों पर अंतिम सत्य के रूप में प्रस्तुत करना न केवल संसदीय नियमों की अवहेलना है, बल्कि इससे सदन की गरिमा और कार्यवाही की विश्वसनीयता भी आहत होती है। राहुल गांधी केवल कांग्रेस के नेता ही नहीं, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष हैं। कम से कम राष्ट्रीय सुरक्षा के मामले में तो उन्हें भारतीय सेनाओं के नैरेटिव के साथ खड़े होना चाहिए। दुर्भाग्य से वे ऐसा नहीं करते। वे चीन और पाकिस्तान को लेकर मोदी सरकार को तो घेरते हैं, लेकिन यह स्मरण नहीं रखते कि इन दोनों देशों ने भारतीय भूभाग पर तब अतिक्रमण किया, जब कांग्रेस सत्ता में थी। गलवान में चीनी सेना के साथ खूनी टकराव के



**यह प्रश्न केवल एक वक्तव्य का नहीं, बल्कि राजनीतिक परिपक्वता, जिम्मेदारी और राष्ट्रीय हित की समझ का है। राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े विषयों पर सार्वजनिक वक्तव्यों में संवेदनशीलता अनिवार्य होती है। सीमाओं से जुड़े तथ्य, सैन्य तैनाती, रणनीतिक आकलन-ये सब ऐसे विषय हैं जिन पर आधे-अधूरे संदर्भ या चयनित उद्धरण अनावश्यक भ्रम पैदा कर सकते हैं।**

मामले में तत्कालीन सेनाध्यक्ष की अप्रकाशित पुस्तक के कथित अंश का जैसा उल्लेख राहुल गांधी ने किया, उस पर हंगामा होना ही था। आखिर जो पुस्तक प्रकाशित ही नहीं हुई, उसका उल्लेख राहुल कैसे कर सकते हैं? राहुल गांधी का आरोप कि मोदी सरकार ने चीनी सेना के अतिक्रमणकारी रवैये पर साहस नहीं दिखाया, बेबुनिया एवं भ्रमित करने वाला आरोप है। यह पहली बार नहीं है, जब राहुल गांधी ने यह कहने की कोशिश की हो कि प्रधानमंत्री मोदी चीन का डटकर मुकाबला करने से बचते हैं। वे मोदी सरकार को कमजोर दिखाने के लिए यह भी कहते रहे हैं कि चीन ने हमारी जमीन पर कब्जा कर रखा है। वे यहां तक कह चुके हैं कि चीनी सेना ने भारतीय सैनिकों की पिटाई की थी। इसके लिए उन्हें सुप्रीम कोर्ट की फटकार भी सुननी पड़ी थी। इसके बाद भी वे यह समझने के लिए तैयार नहीं कि राष्ट्रीय सुरक्षा के मामले में सतही आरोपों के आधार पर राजनीति नहीं करनी चाहिए। जबकि सच्चाई यह है और सब जानते हैं कि गलवन में चीनी सेना को करारा जवाब मिला था और इसी कारण वह वार्ता की मेज पर आया और लद्दाख में कई इलाकों में यथास्थिति कायम हो पाई। कांग्रेस की भूमिका पर भी गंभीर आत्ममंथन आवश्यक है। एक समय देश को नेतृत्व देने वाली पार्टी आज बार-बार ऐसे प्रसंगों में उलझती दिखती है, जहां बयानबाजी मुद्दों पर भारी पड़ जाती है। राहुल गांधी एक प्रभावशाली वक्ता हैं, जनभावनाओं को छूने की क्षमता रखते हैं और युवाओं में संवाद स्थापित कर सकते हैं। किंतु यही कारण है कि उनसे अधिक जिम्मेदारी की अपेक्षा भी की जाती है। बार-बार ऐसे मुद्दे उठाना जिन्हें सत्ता पक्ष राष्ट्रीय एकता के लिए घातक बताता हो, कांग्रेस की छवि को गैर-जिम्मेदार विपक्ष के रूप में मजबूत करता है। यह धारणा चाहे पूरी तरह सही न हो, लेकिन राजनीति में धारणा भी उतनी ही प्रभावशाली होती है जितना तथ्य। तुलनात्मक दृष्टि से देखें तो परिपक्व लोकतंत्रों में राष्ट्रीय सुरक्षा पर बहस के लिए अलग-अलग संसदीय समितियां, बंद सत्र और संस्थागत प्रक्रियाएं होती हैं।

## आज का पंचांग

*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | पंचमी 13:18 तक |
| नक्षत्रः | हस्त 12:23 तक |
| पक्षः | कृष्ण |
| वारः | शुक्रवार |
| योगः | धृति, 11:36 |
| सूर्योदयः | 07:08 |
| सूर्यास्तः | 18:13 |
| चंद्रमाः | कन्या राशि में |
| राहुकालः | 11:17-12:40 |
| विक्रमी संवत्: | 2082 |
| शक सम्वतः | 1947 |
| मासः | फाल्गुन |
| शुभ मुहूर्तः | 12:18-01:03 |

## जन एक्सप्रेस

### बोल दिए गद्दार !

*ना बची मर्यादा ।*
*बोल दिए गद्दार ।।*
*बड़े पद पर बैठ कर ।*
*व्यक्त किए उद्गार ।।*
*माननीयों की भाषा ने ।*
*लंका है लगाई ।।*
*है इतिहास साक्षी ।*
*भारी पड़ी ढ़िठाई ।।*
*लगता साफ सफाई का ।*
*चल रहा अभियान ।।*
*इसलिए कुछ ज्यादा ही ।*
*निकल रहा है ज्ञान ।।*
*जो मिला था काम ।*
*हो नहीं वो पाया ।।*
*लेकिन आज कंठ से ।*
*है सुंदर फरमाया ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# ज्यादा तेल में पकाया खाना बढ़ाता है हार्ट ब्लॉकेज का खतरा

**भारतीय** किचन में तेल सिर्फ एक सामग्री नहीं, बल्कि स्वाद की पहचान बन चुका है लेकिन क्या आपने कभी यह सोचा है कि यही स्वाद कहीं धीरे-धीरे आपके दिल पर बोझ तो नहीं डाल रहा? आजकल कम उम्र में हार्ट अटैक और हार्ट ब्लॉकेज के बढ़ते मामले इसी सवाल को और गंभीर बना रहे हैं। लोग अक्सर कहते हैं कि हम तो घर का खाना खाते हैं लेकिन जब वही घर का खाना रोजाना ज्यादा तेल में पकाया जाए, तो खतरा घर के अंदर ही पलने लगता है। शहरों की तेज रफ्तार जिंदगी, घंटों बैठकर काम करना, एक्सरसाइज की कमी और ऊपर से तला-भुना खाना, यह कॉम्बिनेशन दिल के लिए बेहद खतरनाक साबित हो रहा है। हैरानी की बात यह है कि कई लोग न तो स्मोकिंग करते हैं, न शराब पीते हैं, फिर भी उन्हें हार्ट ब्लॉकेज जैसी गंभीर समस्या हो जाती है। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या सिर्फ ज्यादा तेल में पकाया खाना ही इसका जिम्मेदार है, या इसके पीछे कोई और छुपा हुआ सच है?



**क्या ज्यादा तेल में पकाया खाना हार्ट ब्लॉकेज बढ़ाता है?:** डॉक्टर अमित भूषण शर्मा बताते हैं कि हार्ट ब्लॉकेज तब होता है जब दिल की धमनियों में फैट, कोलेस्ट्रॉल और अन्य तत्व जमा होने लगते हैं। जब हम रोजाना ज्यादा तेल में पका खाना खाते हैं, तो शरीर में सैचुरेटेड फैट और ट्रांस फैट की मात्रा बढ़ जाती है। ये फैट्स सीधे तौर पर खराब कोलेस्ट्रॉल यानी स्न्रुको बढ़ाते हैं। स्न्रु बढ़ने से धमनियों में फैट जमने लगता है, जो हार्ट ब्लॉकेज की मुख्य वजह बनता है। खासतौर पर डीप फ्राइंग के दौरान तेल बार-बार गर्म किया जाता है, जिससे उसमें टॉक्सिक तत्व पैदा हो जाते हैं।

**एक दिन में कितना तेल खाना चाहिए?:** डॉक्टर अमित भूषण शर्मा कहते हैं कि एक स्वस्थ व्यक्ति के लिए दिनभर में 3 से 4 चम्मच तेल पर्याप्त होता है। इसमें खाना पकाने और सलाद में इस्तेमाल होने वाला तेल शामिल है। इससे ज्यादा तेल लेने पर शरीर जरूरत से ज्यादा कैलोरी और फैट जमा करने लगता है। खासकर जिन लोगों को पहले से हाई कोलेस्ट्रॉल, हाई ब्लड प्रेशर या डायबिटीज है, उन्हें तेल की मात्रा को लेकर और ज्यादा सतर्क रहने की जरूरत होती है।

**हार्ट को हेल्दी रखने के लिए क्या करें?:** हार्ट ब्लॉकेज के खतरे को कम करने के लिए डाइट में छोटे-छोटे बदलाव बहुत असरदार हो सकते हैं। डॉ. विकास गोयल सलाह देते हैं कि तले हुए खाने की बजाय उबला, भुना या स्टीम किया हुआ खाना चुनें। सब्जियों, फलों, साबुत अनाज और फाइबर से भरपूर चीजों को डाइट में शामिल करें। ओमेगा-3 फैटी एसिड के लिए अलसी के बीज, अखरोट और मछली का सेवन फायदेमंद हो सकता है।

**डॉक्टर की सलाहः** डॉक्टर अमित भूषण शर्मा का कहना है कि सेहतमंद रहने के लिए तेल को पूरी तरह छोड़ना जरूरी नहीं है, बल्कि संतुलन बनाना जरूरी है। त्योहारों या खास मौकों पर तला-भुना खाना चल सकता है, लेकिन अगर यह रोज की आदत बन जाए, तो दिल को नुकसान पहुंचना तय है।

## एक्सप्रेस विशेष

# भारत वसुधैव कुटुम्बकम के भाव के साथ मुक्त व्यापार समझौते सम्पन्न कर रहा है



प्रहलाद सबनानी

**जो विकसित देशों की श्रेणी में शामिल हैं, में जन्म दर पिछले कई वर्षों से लगातार गिर रही है एवं कुछ देशों में तो यह शून्य के स्तर पर पहुंच गई है जिससे इन देशों में प्रौढ़ नागरिकों की संख्या तेजी से बढ़ रही है।**

**दिनांक** 27 जनवरी 2026 को यूरोपीय यूनियन के 27 सदस्य देशों के साथ भारत ने एक ऐतिहासिक मुक्त व्यापार समझौते को अंतिम रूप दिया है। अब, इस समझौते की शर्तों को इन देशों की संसद द्वारा पारित किया जाएगा, इसके बाद यह मुक्त व्यापार समझौता यूरोपीय यूनियन एवं भारत के बीच होने वाले विदेशी व्यापार पर लागू हो जाएगा। इस मुक्त व्यापार समझौते को 'मदर आफ ऑल डील्स' कहा जा रहा है। क्योंकि, यह मुक्त व्यापार समझौता विश्व के 28 देशों के उस भूभाग पर लागू होने जा रहा है, जहां विश्व की 30 प्रतिशत आबादी निवास करती है। पृथ्वी के इस भूभाग पर 200 करोड़ से अधिक नागरिकों का निवास है। इन 28 देशों की संयुक्त रूप से विश्व के कुल सकल घरेलू उत्पाद में 25 प्रतिशत की हिस्सेदारी है। विश्व की दूसरी सबसे बड़ी (संयुक्त रूप से) अर्थव्यवस्था (यूरोपीय यूनियन - 22 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर) एवं चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था (भारत - 4 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर) के बीच यह मुक्त व्यापार समझौता सम्पन्न होने जा रहा है। वैश्विक स्तर पर होने वाले विदेशी व्यापार में इन समस्त देशों की हिस्सेदारी 33 प्रतिशत है। पूरी दुनिया में 33 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर का विदेशी व्यापार होता है, इसमें से 11 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर का विदेशी व्यापार उक्त 28 देशों द्वारा किया जाता है। उक्त वर्णित मुक्त व्यापार समझौता विश्व का सबसे बड़ा व्यापार समझौता है। इसके पूर्व, सबसे बड़े मुक्त व्यापार समझौते के रूप में चीन एवं 10 आशियान देशों के बीच सम्पन्न हुए मुक्त व्यापार समझौते को माना जाता है। यह केवल एक मुक्त व्यापार समझौता नहीं बल्कि यूरोपीय यूनियन के 27 देशों एवं भारत के बीच साझा समृद्धि का एक ब्लूप्रिंट है। इस समझौते में पूरी दुनिया की आर्थिक दशा एवं दिशा बदलने की क्षमता है। उक्त व्यापार समझौता को सम्पन्न करने के प्रयास पिछले 18 वर्षों से हो रहे थे। परंतु, कुछ विपरीत परिस्थितियों के चलते इस समझौते को सम्पन्न होने में इतना लम्बा समय लग गया है, अतः यह अब भारत एवं यूरोपीय यूनियन के 27 देशों के बीच एक नए युग की शुरुआत के रूप में देखा जा रहा है। उक्त मुक्त व्यापार समझौते के सम्पन्न होने के पश्चात वर्ष 2032 तक यूरोपीयन यूनियन के सदस्य देशों एवं भारत के बीच विदेशी व्यापार के दुगना होने की सम्भावना व्यक्त की जा रही है। इसके पूर्व भारत एवं यूनाइटेड किंगडम के बीच भी मुक्त व्यापार समझौता सम्पन्न किया जा चुका है। अब कनाडा के प्रधानमंत्री भी संभवतः मार्च माह में भारत के दौरे पर आने वाले है और भारत एवं कनाडा के बीच भी कुछ क्षेत्रों में व्यापार समझौता सम्पन्न होने की सम्भावना व्यक्त की जा रही है। अमेरिका मुक्त व्यापार समझौतों को हथियार के रूप में इस्तेमाल कर रहा है, जबकि भारत मानवतावादी दृष्टिकोण को अपनाते हुए विभिन्न देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौते कर रहा है ताकि भारत एवं अन्य समस्त देशों में निवासरत नागरिकों को इन समझौतों से लाभ मिले। यह भारतीय संस्कृति के वसुधैव कुटुम्बकम के भाव को दर्शाता है। भारत की इस नीति के चलते ही विश्व के कई देश अब भारत के साथ मुक्त व्यापार समझौते शीघ्र ही सम्पन्न करना चाह रहे हैं। वैश्विक स्तर पर हाल ही के समय में आर्थिक क्षेत्र में भारी उथल पुथल दिखाई दे रही है। भारत एवं यूरोपीय यूनियन के 27 सदस्य देशों के बीच सम्पन्न हुए मुक्त व्यापार समझौते से इस उथल पुथल में कुछ सुधार आता हुआ दिखाई देगा। भारत में कृषि एवं डेयरी क्षेत्र अतिसंवेदनशील है। क्योंकि, भारत की कुल आबादी का लगभग 60 प्रतिशत भाग आज भी ग्रामीण इलाकों में उक्त क्षेत्रों पर अपनी आजीविका के लिए निर्भर है। अतः उक्त दोनों क्षेत्रों को मुक्त व्यापार समझौते से बाहर रखा गया है। हां, भारत के समुद्री उत्पाद उद्योग, वस्त्र एवं परिधान उद्योग, जेम्स एवं ज्वेलरी उद्योग, चमड़ा उद्योग, खिलौना उद्योग जो श्रम आधारित उद्योग हैं, को उक्त मुक्त व्यापार समझौते से अधिकतम लाभ होगा क्योंकि यूरोपीय यूनियन के समस्त 27 देशों द्वारा भारत से उक्त उत्पादों के आयात पर आयात ड्यूटी को शून्य किया जा रहा है।

**आयात पर वर्तमान में लागू 12 प्रतिशत के आयात कर को शून्य किया जा रहा है, खिलौना पर लागू 4.7 प्रतिशत के आयात कर को शून्य, जेम्स एवं ज्वेलरी के आयात पर 4 प्रतिशत से शून्य, केमिकल उत्पादों के आयात पर 12.8 प्रतिशत से शून्य, चमड़ा से निर्मित उत्पादों के आयात पर 17 प्रतिशत से शून्य, फर्नीचर उत्पादों के आयात पर 10.7 प्रतिशत से शून्य आयत कर किया जा रहा है।**


स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबन्ध संपादक-मनोज तिवारी, सह-संपादकः इमरान खान, राज्य ब्यूरो प्रमुख- सन्तोष कुमार दीक्षित) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)

# बरखेड़ा विधायक का छापा बिजली विभाग कांपा





- विधायक को देखते ही दफ्तर छोड़कर भागे बिजली जेई, किसानों के बिलों में गड़बड़ी पर भड़के स्वामी प्रवक्तानंद
- अधिशासी अभियंता को लगाई कड़ी फटकार, बोले तुम्हारी वजह से नहीं मुझे गरीब जनता ने बनाया हैं विधायक

जन एक्सप्रेस। मुकेश कुमार

पीलीभीत। बरखेड़ा विधानसभा क्षेत्र में बिजली विभाग की मनमानी और किसानों के उत्पीड़न की लगातार मिल रही शिकायतों पर आज क्षेत्रीय विधायक स्वामी प्रवक्तानंद महाराज का सख्त रुख देखने को मिला। किसानों को भेजे जा रहे भारी-भरकम और कथित तौर पर गलत बिजली बिलों के विरोध में विधायक ने विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। विधायक के अचानक पहुंचने से विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों में अफरा-तफरी मच गई। इस दौरान विवादों में घिरे जूनियर इंजीनियर (जेई) सुनील वर्मा विधायक को देखते ही कार्यालय छोड़कर निकल गए, जिस पर विधायक ने तीखी नाराजगी जताई।

### 10 हजार का बिल बढ़ाकर 80 हजार करने का मामला

विधायक स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने बताया कि क्षेत्र के किसानों से उन्हें लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि बिजली विभाग द्वारा मनमाने ढंग से बिल बढ़ाकर किसानों को आर्थिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि एक गरीब किसान का मात्र 10 हजार रुपये का बिजली बिल बढ़ाकर 80 हजार रुपये कर दिया गया, जिससे किसान पूरी तरह टूट चुका है। पीड़ित किसान की शिकायत पर विधायक स्वयं किसानों और आमजन के साथ विभागीय कार्यालय पहुंचे।

### अधिशासी अभियंता के समक्ष फूटा विधायक का आक्रोश

औचक निरीक्षण के दौरान विधायक ने अधिशासी अभियंता के सामने विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े किए और कड़ी फटकार लगाई।

विधायक ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि किसानों और गरीबों के साथ अन्याय किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि बिजली विभाग का काम जनता को राहत देना है, न कि उन्हें डराकर और लूटकर परेशान करना।

### इस दौरान विधायक स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने कहा

तुम्हारी वजह से मैं विधायक नहीं हूं मैं इस गरीब जनता की वजह से विधायक बना हूं इस गरीब जनता ने मुझे विधायक बनाया हैं आज मैं जनता और किसानों के आशीर्वाद से विधायक बना हूँ। मेरी जिम्मेदारी है कि मैं गरीब, किसान और मजदूर की आवाज बनूं। अगर कोई अधिकारी या कर्मचारी किसानों के साथ अन्याय करेगा, तो उसे बख्शा नहीं जाएगा। सरकार किसानों के हित में योजनाएं चला रही है, लेकिन कुछ विभागीय लोग अपनी मनमानी और भ्रष्टाचार से सरकार की छवि खराब कर रहे हैं। उन्होंने आगे कहा जिस किसान का 10 हजार रुपये का बिल 80 हजार कर दिया गया, वह मानसिक रूप से टूट चुका है। यह सीधा-सीधा शोषण है। संबंधित जेई न केवल बिलों में गड़बड़ी कर रहे हैं, बल्कि वरिष्ठ अधिकारियों को भी गुमराह कर रहे हैं। जब मैंने फोन पर बात करनी चाही तो मुझसे बदतमीजी और धमकी दी गई, जो किसी भी अधिकारी को शोभा नहीं देता।

### तत्काल समाधान के निर्देश, कार्रवाई की चेतावनी

विधायक स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने अधिशासी अभियंता को निर्देश दिए कि पीड़ित किसान के बिजली बिल में तत्काल सुधार किया जाए और ऐसे सभी मामलों की जांच कराई जाए, जिनमें अनियमितता की शिकायतें मिल रही हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि भविष्य में इस तरह की लापरवाही, भ्रष्टाचार या अनुशासनहीनता सामने आई तो संबंधित कर्मचारियों के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। निरीक्षण के दौरान मौजूद किसानों और क्षेत्रवासियों ने विधायक की इस सख्त कार्रवाई का स्वागत करते हुए कहा कि पहली बार उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना गया है।

## बरखेड़ा में ओवरलोड व ओवरहाइट ट्रकों से बढ़ा हादसों का खतरा, प्रशासन की अनदेखी पर उठे सवाल

जन एक्सप्रेस। बरखेड़ा


कस्बा बरखेड़ा के पीलीभीत-बीसलपुर हाईवे पर ओवरलोड और ओवरहाइट ट्रकों का बेखौफ आवागमन लगातार हादसों को दावत दे रहा है। इन भारी वाहनों के कारण न केवल छोटे वाहन चालकों को परेशानी हो रही है, बल्कि किसी बड़े हादसे की आशंका भी बनी रहती है।स्थानीय लोगों का कहना है कि ओवरलोड व ओवरहाइट ट्रकों के चलते हाईवे पर साइड मिलना मुश्किल हो जाता है। आए दिन छोटे-मोटे हादसे होते रहते हैं, लेकिन जिम्मेदार विभाग आंखें मूंदे हुए हैं। बताया जा रहा है कि हाल ही में बरखेड़ा कस्बे के ब्लॉक तिराहे पर बीसलपुर की ओर से आ रही जिलाधिकारी पीलीभीत की गाड़ी को भी ओवरलोड ट्रक के कारण साइड नहीं मिल सकी और उन्हें काफी देर तक उसी ट्रक के पीछे चलना पड़ा। इसके बावजूद मौके पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि परिवहन विभाग द्वारा ओवरलोड व ओवरहाइट वाहनों के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है।

वहीं स्थानीय पुलिस भी इन भारी वाहनों पर कार्रवाई करने के बजाय केवल बाइक सवारों को ही अपना निशाना बनाती है। लोगों का कहना है कि थाना परिसर के सामने से ही रोजाना ओवरहाइट ट्रक गुजरते हैं, लेकिन कोई रोक-टोक नहीं होती। कस्बेवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि हाईवे पर ओवरलोड और ओवरहाइट वाहनों के खिलाफ सख्त अभियान चलाया जाए, ताकि किसी बड़े हादसे से पहले स्थिति पर नियंत्रण किया जा सके।

# बीसलपुर विधानसभा में फर्जी फार्म-7 हजारों वोट काटे जाने का आरोप, दिव्या पी.गंगवार ने की प्रेस वार्ता

- एक समुदाय विशेष के मताधिकार पर साजिश का दावा, चुनाव आयोग और अदालत तक लड़ाई का ऐलान

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत



बीसलपुर। समाजवादी पार्टी महिला सभा की राष्ट्रीय सचिव एवं विधानसभा 130 बीसलपुर की पूर्व प्रत्याशी दिव्या पी. गंगवार ने गुरुवार को बीसलपुर स्थित अपने आवास पर आयोजित विस्तृत प्रेस वार्ता में भाजपा की योगी सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि सत्ता के इशारे पर बीसलपुर विधानसभा क्षेत्र में एक समुदाय विशेष के करीब 25 से 30 हजार मतदाताओं के वोट एसआईआर (विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण) प्रक्रिया के अंतर्गत अवैध रूप से काटे जा रहे हैं, जो लोकतंत्र और संविधान के मूल अधिकारों पर सीधा हमला है। दिव्या गंगवार ने बताया कि समाजवादी पार्टी इस पूरे प्रकरण को लेकर चुप नहीं बैठेगी और मतदाताओं के अधिकारों की रक्षा के लिए चुनाव आयोग, न्यायालय और जन आंदोलन-तीनों स्तरों पर संघर्ष करेगी।

### जिलाधिकारी को दी गई शिकायत, जांच का मिला आश्वासन

प्रेस वार्ता के दौरान दिव्या गंगवार ने बताया कि समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा द्वारा इस मामले की लिखित शिकायत जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह से की गई है। जिलाधिकारी ने शिकायत को गंभीरता से लेते हुए पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराए जाने तथा यह सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया है कि किसी भी सही मतदाता का नाम मतदाता सूची से नहीं काटा जाएगा। कूट रचित फार्म-7 पहले से भरे हुए भेजे जा रहे। दिव्या गंगवार ने आरोप लगाया कि एसआईआर प्रक्रिया के अंतर्गत फार्म संख्या-7 एक प्रिंटिंग प्रेस से कूट रचित तरीके से छपवाकर पहले से भरे हुए बूथों पर भेजे जा रहे हैं।

इन फार्मों पर फर्जी हस्ताक्षर और फर्जी मोबाइल नंबर दर्ज कर मतदाताओं के नाम सूची से हटाने की प्रक्रिया की जा रही है, जबकि नियमानुसार किसी भी मतदाता को पहले नोटिस देना अनिवार्य है।

### कोर्ट व प्रदेशव्यापी आंदोलन की चेतावनी

दिव्या गंगवार ने दो टूक कहा कि यदि अवैध रूप से काटे गए वोट नहीं जोड़े गए तो समाजवादी पार्टी न्यायालय का दरवाजा खटखटाएगी। उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि जरूरत पड़ने पर इस मुद्दे को लेकर पूरे प्रदेश में जन आंदोलन किया जाएगा और भाजपा सरकार के वोट काटो मंसूबों को किसी भी कीमत पर सफल नहीं होने दिया जाएगा। प्रेस वार्ता में चौधरी प्रदीप सिंह पटेल, बीडी प्रजापति, रूपलाल महातिया, अभी गंगवार सहित बड़ी संख्या में समाजवादी पार्टी के नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### बिना नोटिस के वोट काटना नियमों का उल्लंघन

उन्होंने कहा कि बीसलपुर विधानसभा क्षेत्र में किसी भी मतदाता को न तो नोटिस दिया गया और न ही आपत्ति का अवसर, जो सीधे तौर पर चुनाव आयोग के दिशा-निर्देशों का उल्लंघन है। उन्होंने सवाल उठाया कि जब शिकायत है तो मतदाता को बुलाकर सत्यापन क्यों नहीं किया गया।

### 15 बूथों पर 3 हजार वोट, पूरे क्षेत्र में 30 हजार वोट कटने का दावा

दिव्या गंगवार ने बताया कि पार्टी स्तर पर कराई गई जांच में सामने आया है कि करीब 15 बूथों पर लगभग 3 हजार वोट काटे जा चुके हैं ।इसी क्रम में यदि पूरी बीसलपुर विधानसभा क्षेत्र को देखा जाए तो करीब 25 से 30 हजार वोट काटे जाने की साजिश की जा रही है, जिनमें अधिकांश एक समुदाय विशेष के मतदाता हैं।

### 6 जनवरी 2026 को जारी हो चुकी थी अंतिम मतदाता सूची

दिव्या गंगवार ने कहा कि 6 जनवरी 2026 को जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा अंतिम मतदाता सूची जारी की जा चुकी थी ।उन्होंने सवाल उठाया कि अंतिम सूची जारी होने के बाद एक माह के भीतर ऐसा क्या हुआ कि हजारों मतदाताओं के नाम काटने की कार्रवाई शुरू कर दी गई।

### फर्जी शिकायत के आधार पर वोट कटने का खुलासा

प्रेस वार्ता के दौरान मौजूद मतदाता भगवान दास प्रजापति ने बताया कि उन्होंने एसआईआर प्रक्रिया के अंतर्गत कोई आपत्ति या शिकायत दर्ज नहीं कराई थी। इसके बावजूद उनके फर्जी हस्ताक्षर कर शिकायत दर्शाई गई, जिसके आधार पर कई मतदाताओं के वोट काट दिए गए ।उन्होंने कहा कि यह संवैधानिक अधिकारों का खुला हनन है और इसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए।

### बीएलओ भी फर्जी फार्मों पर हस्ताक्षर से कर रहे इनकार

प्रेस वार्ता के दौरान दिव्या गंगवार ने आरोप लगाया कि कई बूथों पर बीएलओ खुद ऐसे फर्जी फार्मों पर हस्ताक्षर करने से मना कर रहे हैं, इसके बावजूद फार्मों को नष्ट नहीं किया जा रहा। नियमानुसार ऐसे फॉर्म निरस्त किए जाने चाहिए, लेकिन उन्हें सुरक्षित रखकर साजिश को आगे बढ़ाया जा रहा है। प्रेस वार्ता के बाद दिव्या गंगवार के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी कार्यकर्ताओं ने एसडीएम नागेंद्र पांडे को ज्ञापन सौंपा। एसडीएम से संतोषजनक जवाब न मिलने पर जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह से मिलकर पूरे प्रकरण की जांच कराने का निर्णय लिया गया।

# जनपद पीलीभीत को मिला सख्त-संवेदनशील पुलिस कप्तान



जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

### खाकी में छुपी संवेदना की आवाज

सुकृति माधव मिश्रा का नाम तब देशभर में चर्चा में आया, जब उन्होंने एक वर्चुअल कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपनी स्वरचित कविता 'मैं खाकी हूं' सुनाई। इस कविता में खाकी वर्दी के पीछे छिपे त्याग, कर्तव्य, संघर्ष और राष्ट्रसेवा की भावना को उन्होंने शब्दों में ढाला। प्रधानमंत्री द्वारा की गई सराहना ने यह साबित किया कि खाकी केवल शक्ति का प्रतीक नहीं, बल्कि संवेदना और सेवा का भी माध्यम है।

उत्तर प्रदेश शासन द्वारा किए गए प्रशासनिक फेरबदल में जनपद पीलीभीत को नया पुलिस अधीक्षक मिलना केवल एक औपचारिक नियुक्ति नहीं, बल्कि कानून-व्यवस्था को नई दिशा देने का संकेत है। 2015 बैच के आईपीएस अधिकारी सुकृति माधव मिश्रा को पीलीभीत का नया एसपी बनाए जाने से यह उम्मीद जगी है कि सीमावर्ती और संवेदनशील जनपद में अपराध नियंत्रण के साथ-साथ पुलिसिंग का मानवीय चेहरा भी और मजबूत होगा। पूर्व एसपी अभिषेक यादव को पदोन्नति के बाद लखनऊ स्थित एंटी टेररिस्ट स्क्वाड एटीएस में डीआईजी जैसी अहम जिम्मेदारी सौंपी गई है। यह बदलाव शासन के उस भरोसे को दर्शाता है, जिसमें सक्षम अधिकारियों को चुनौतीपूर्ण जिम्मेदारियां देकर कानून व्यवस्था को और मजबूत किया जा रहा है।

### सख्ती और संवेदनशीलता का संतुलन

आईपीएस सुकृति माधव मिश्रा उन चुनिंदा अधिकारियों में गिने जाते हैं, जिन्होंने जहां भी कार्यभार संभाला, वहां जीरो टॉलरेंस नीति के तहत अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की। संगठित अपराध, माफिया और पेशेवर अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण उनकी पहचान रहा है।

इसके साथ ही वे केवल 'डंडे वाली पुलिसिंग' तक सीमित नहीं रहे, बल्कि आमजन से संवाद, शिकायतों के त्वरित निस्तारण और विश्वास बहाली को भी अपनी कार्यशैली का अहम हिस्सा बनाया।

### पीलीभीत जैसी चुनौतीपूर्ण ज़मीन

नेपाल सीमा से सटा पीलीभीत जनपद कानून-व्यवस्था की दृष्टि से हमेशा संवेदनशील रहा है। तस्करी, सीमावर्ती अपराध, अवैध गतिविधियां और शांति व्यवस्था बनाए रखना यहां पुलिस के लिए बड़ी चुनौती है। ऐसे में नए एसपी के सामने न केवल अपराध नियंत्रण, बल्कि जनता की शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई और पुलिस के प्रति भरोसा बढ़ाने की भी बड़ी जिम्मेदारी है।

### नई उम्मीद, नई अपेक्षाएं

मूल रूप से बिहार के निवासी सुकृति माधव मिश्रा अनुशासन, तकनीक के बेहतर उपयोग और त्वरित निर्णय क्षमता के लिए जाने जाते हैं। पीलीभीत में उनकी तैनाती से यह उम्मीद जताई जा रही है कि प्रशासनिक सख्ती और मानवीय संवेदना का संतुलन बनाकर जनपद की कानून-व्यवस्था को और मजबूत किया जाएगा। खाकी वर्दी में संवेदनशील सोच और सख्त इरादों के साथ नए एसपी से जनता को निष्पक्ष, प्रभावी और भरोसेमंद पुलिसिंग की अपेक्षा है। अब देखना होगा कि यह उम्मीदें ज़मीनी हकीकत में कैसे बदलती हैं।

# गन्ना कृषक महाविद्यालय में हुआ रोजगार मेले का आयोजन



जन एक्सप्रेस। पूरनपुर

जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह के निर्देश पर बेरोजगारों के लिए रोजगार उपलब्ध कराने के लिए जिला सेवायोजन कार्यालय, मॉडल कैरियर सेंटर पीलीभीत एवं गन्ना कृषक स्नातकोत्तर महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया गया।यह मेला शासन से संचालित मिशन रोजगार अभियान के अंतर्गत किया गया। मेले का उद्घाटन विधायक बाबू राम पासवान, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर सुधीर कुमार शर्मा, राजेन्द्र कुमार श्रीवास्तव मुख्य विकास अधिकारी पीलीभीत, विवेक शुक्ला जिला सेवायोजन अधिकारी प्रदीप शुक्ला काउंसलर जिला सेवायोजन जितेंद्र कुमार शर्मा प्रधान काउंसलर जिला सेवायोजन कार्यालय तोता राम फॉर मैन अनुज सिंह फोरमैन एवं अन्य ने मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलित रोजगार मेले का शुभारंभ किया। भाषण में बोलते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य ने बताया कि यह गन्ना कृषक महाविद्यालय प्रांगड़ मे यह पांचवां रोजगार मेला है। उन्होंने विधायक बाबूराम पासवान का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि महाविद्यालय के उन्नति के लिए विधायक का सहयोग महाविद्यालय को हमेशा प्राप्त रहा है। उन्होंने बताया गन्ना कृषक महाविद्यालय उत्तर प्रदेश का पहला ऐसा महाविद्यालय है जो डिजिटल कांसेप्ट को लेकर आगे बढ़ रहा है इसके लिए कुछ दिन पहले ही हृद्धस्थ्रञ्ज के साथ वह रुश्व साइन कर चुके हैं। सांसद जितिन प्रसाद का सहयोग महाविद्यालय को प्राप्त है। उन्होंने अवगत कराया कि मुख्यमंत्री के आशीर्वाद से महाविद्यालय के कृषि संकाय के भवन निर्माण के लिए दो करोड़ रुपए की धन राशि प्राप्त हो गई है। उन्होंने बताया कि गुरुवार को रोजगार मेले में लगभग 927 अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया और 236 अभ्यर्थी विभिन्न कंपनीज में चयनित हुए। मुख्य अतिथि पूरनपुर विधायक बाबूराम पासवान ने अपने उद्बोधन में कहा कि महाविद्यालय के विकास में सांसद का निरंतर सहयोग प्राप्त रहा है। उनके द्वारा 100 कंप्यूटर महाविद्यालय में लगाने के लिए धनराशि की मंजूरी दे दी गई है जिसके लिए वह सांसद के उन्होंने कहा कि रोजगार मेले का उद्देश्य छात्रों को उज्जवल भविष्य की तरफ अग्रसर करना है।

# बरखेड़ा में संदिग्ध परिस्थितियों में युवक का शव फंदे से लटका मिला, घरेलू कलह की आशंका



जन एक्सप्रेस। बरखेड़ा



कस्बा बरखेड़ा के वार्ड संख्या तीन में बुधवार को उस समय सनसनी फैल गई, जब एक युवक का शव उसके ही कमरे में फंदे से लटका हुआ मिला। सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया और मौके पर भारी संख्या में लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार वार्ड संख्या तीन निवासी मुन्ने मियां खां के पुत्र मजहर खां लगभग 48 वर्ष ने संदिग्ध परिस्थितियों में कमरे के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बताया जा रहा है कि मजहर खां शादीशुदा थे और उनके दो बच्चे हैं। परिजनों के अनुसार घरेलू कलह के चलते उन्होंने यह आत्मघाती कदम उठाया है।

### सूचना पर पहुंची पुलिस, शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा

घटना की जानकारी मिलते ही थाना बरखेड़ा पुलिस मौके पर पहुंची और कमरे का मुआयना किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। अचानक हुई इस घटना से मृतक के परिजन गहरे सदमे में हैं। पत्नी व बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है। मोहल्ले के लोग परिजनों को ढांढस बंधाने में जुटे रहे। थाना पुलिस का कहना है कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों की पुष्टि हो सकेगी। फिलहाल पुलिस मामले की जांच-पड़ताल कर रही हैं।

## वन बिभाग की टीम कर रही निगरानी, बाघ का पता नहीं

जन एक्सप्रेस। पूरनपुर

बाघ की निगरानी चौथे दिन भी जारी रही। हांलाकि बाघ की लोकेशन का भी अभी तक पता नही चला है। घुंघचाई थाना क्षेत्र के गांव सिमराया निवासी प्रेमराज पर चार दिन पहले टूटे पुल की पटरी पर हमला कर घायल वाघ ने घायल कर दिया था। बाघ की लोकेशन के लिए लगातार टीम लगी हुई है। घटना स्थल पर सीसीटीवी कैमरे भी लगाए गए। घटना को लेकर चौथे दिन गुरुवार को भी बन बिभाग की टीम मौके पर निगरानी करती रही। लोगों में अभी भी बाघ की दहशत देखी जा रही है। वन विभाग की टीम लोगों को लगातार सतर्क कर रही है। एक से अधिक आने वाले राहगीरों को ही पटरी से जाने दिया जा रहा है। बन दरोगा का मंगली प्रसाद ने बताया बाघ की निगरानी के लिए टीम अभी भी लगी हुई है।

# युवक पर हमला करने के मामले में मुकदमा दर्ज




जन एक्सप्रेस। पूरनपुर

समझौता होने के अगले दिन आरोपियों ने युवक पर धारदार हथियार से हमला कर घायल कर दिया। पुलिस ने केस दर्ज किया है। कोतवाली क्षेत्र के गांव सिरसा निवासी संजय कुमार 24 जनवरी को गांव के ही राजुकमार आदि से मामूली विवाद हो गया था। जिसका कुछ लोगों ने सुलह समझौता करा दिया गया था। आरोप है कि उसके वावजूद 25 जनवरी को वह पूरनपुर से टुकटुक लेकर अपने घर सिरसा आ रहा था। तभी रास्ते में रंजिश के तहत राजकुमार,पत्नी ममता देवी, व उसकी मां आरती देवी, बहन मंजू देवी पहले से ही घात लगाये बैठे हुए थे। जैसे ही वह अपने घर की तरफ गया तभी आरोपियों ने धारधार हथियार व डण्डे से प्रहार करते कर घायल कर दिया। शोर सुनकर कई लोग मौके पर एकत्र हो गए। वमुश्किल विवाद शांत कराया। इस पर आरोपी जान से मारने की धमकी देकर मौके से भाग निकले। पुलिस को मामले की तहरीर दी गई। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरु कर दी है। पुलिस ने वताया मामले की तहरीर पर केस दर्ज कर लिया गया है। घायल को मेडिकल के लिए भेजा गया है।

# नगर पालिका परिषद का लक्ष्य शहर के प्रत्येक वार्ड में बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ करना : आस्था अग्रवाल

### राजबाग कॉलोनी में नवनिर्मित गली का लोकार्पण

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत



### पालिका अध्यक्ष ने फीता काटकर किया शुभारंभ, शिलापट का भी हुआ अनावरण

शहर के वार्ड नंबर 16 स्थित राजाबाग कॉलोनी में गली नंबर तीन का निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद गुरुवार को लोकार्पण समारोह का आयोजन किया गया। नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल ने फीता काटकर नवनिर्मित गली का शुभारंभ किया तथा शिलापट का अनावरण कर विकास कार्य को जनता को समर्पित किया।

लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान पालिका अध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल ने कहा कि नगर पालिका परिषद का लक्ष्य शहर के प्रत्येक वार्ड में बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ करना है। उन्होंने बताया कि राजबाग कॉलोनी की इस गली में लंबे समय से जलभराव और आवागमन की समस्या बनी हुई थी, जिसे ध्यान में रखते हुए निर्माण कार्य कराया गया। गली के बनने से अब कॉलोनीवासियों को सुगम, सुरक्षित और सुविधाजनक आवागमन की सुविधा मिल सकेगी।

सभी वार्डों में जारी हैं विकास कार्य पालिका अध्यक्ष ने कहा कि नगर पालिका परिषद द्वारा सड़कों, नालियों, प्रकाश व्यवस्था और स्वच्छता से जुड़े विकास कार्य प्राथमिकता के आधार पर कराए जा रहे हैं। आने वाले समय में भी शेष वार्डों में आवश्यकतानुसार विकास योजनाएं लागू की जाएंगी, ताकि आमजन को बेहतर नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें।

### बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि व कॉलोनीवासी रहे मौजूद

इस अवसर पर वार्ड सभासद प्रतिनिधि अवतार सिंह मोनू, भाजपा नेता आशा मिश्रा, सुमित गंगवार, गगन मिश्रा, कपिल मिश्र, भाजपा मीडिया सह संयोजक विपिन मिश्रा, सभासद एहतशाम वली खां, वतन दीप मिश्रा, निर्मल सिंह टीटू, राशिद हुसैन, साकेत सक्सेना, इमरान अंसारी, विकास बाबू, कमलेश वर्मा, रोहित रॉय सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के अंत में कॉलोनीवासियों ने गली निर्माण कराए जाने पर नगर पालिका परिषद एवं पालिका अध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल का आभार व्यक्त किया।

लोगों ने कहा कि इस विकास कार्य से क्षेत्र की तस्वीर बदलेगी और दैनिक जीवन में आने वाली समस्याओं से राहत मिलेगी।

# 4 करोड़ रूपए की निर्माणाधीन परियोजना का औचक निरीक्षण

## आश्रम पद्धति इंटर कॉलेज बबीना में शिक्षकों के ट्रांजिट हॉस्टल निर्माण में तकनीकी खामियां उजागर

जन एक्सप्रेस । उरई



जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने गुरुवार को राजकीय आश्रम पद्धति इंटर कॉलेज बबीना परिसर में लगभग 4 करोड़ रुपये की लागत से निर्माणाधीन शिक्षकों के ट्रांजिट हॉस्टल का औचक निरीक्षण किया। यह निर्माण कार्य यूपी सिडको कार्यदायी संस्था द्वारा कराया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने पाया कि भवन की छत को विद्युत लाइट फिटिंग के लिए काटा गया है, जो कि निर्माण मानकों के विपरीत है तथा इससे भवन की संरचनात्मक मजबूती प्रभावित हो सकती है। इसके अतिरिक्त निर्माण कार्य में फिनिशिंग का अभाव भी पाया गया, जिससे गुणवत्ता पर प्रश्नचिन्ह खड़ा होता है। निर्माण कार्य में पाई गई तकनीकी कमियों पर जिलाधिकारी ने फटकार लगाते हुए निर्माणाधीन परियोजना की टीएसी (टेक्निकल ऑडिट कमेटी) से जांच कराने के निर्देश दिए। साथ ही कार्य में लापरवाही पाए जाने पर संबंधित कार्यदायी संस्था पर 10 प्रतिशत एलडी क्लॉज (लिक्विडेटेड डैमेज) लगाए जाने के निर्देश भी दिए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि शासकीय निर्माण कार्यों में गुणवत्ता, सुरक्षा एवं मानकों से किसी भी प्रकार का लापरवाही बर्दाश्त नहीं किया जाएगी। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी तकनीकी खामियों को शीघ्र दूर कर मानकों के अनुरूप कार्य पूर्ण कराया जाए।इस अवसर पर यूपी जिला अधिकारी कालपी मनोज सिंह खंड विकास अधिकारी संदीप मिश्रा कॉलेज के शिक्षक आदि सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

### अंत्येष्टि के दौरान मधुमक्खियों के झुंड ने किया हमला, 50 से अधिक लोग घायल

जन एक्सप्रेस । उरई

कदौरा विकासखंड के महमूद नगर डाले का पुरवा बड़ागांव में एक बुजुर्ग की अंत्येष्टि के दौरान मधुमक्खियों के झुंड ने हमला कर दिया। इस घटना में 50 से अधिक ग्रामीण घायल हो गए, जबकि तीन लोग बेहोश हो गए।हमले के कारण श्मशान घाट में अफरा-तफरी मच गई और अंत्येष्टि की प्रक्रिया बाधित हो गई। महमूद नगर डाले का पुरवा बड़ागांव निवासी 78 वर्षीय वीर सिंह का बुधवार को निधन हो गया था। गुरुवार दोपहर परिवारिकजन और ग्रामीण उनके शव को गांव के श्मशान घाट ले गए थे। जैसे ही शव श्मशान घाट पहुंचा और अंत्येष्टि की तैयारियां शुरू हुई, तभी पास में मौजूद मधुमक्खियों के झुंड ने अचानक ग्रामीणों पर हमलाकर दिया। मधुमक्खियों के इस हमले से मौके पर चीख-पुकार मच गई। वीर सिंह के बड़े पुत्र चंद्रशेखर उर्फ चंदू, धीरू, नेता, देवी चरण, विजय शर्मा सहित लगभग 35 से 40 लोग सीधे तौर पर मधुमक्खियों की चपेट में आ गए।

# विशेष गहन पुनरीक्षण में तेजी, मतदाताओं की सुविधा को प्राथमिकता

## कदौरा ब्लॉक में ब्लॉक व बड़ी ग्राम पंचायतों में सुनवाई, डीएम ने किया निरीक्षण

जन एक्सप्रेस । उरई



विकासखंड कदौरा में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान की प्रगति का जायजा लेने हेतु जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने गुरुवार को निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पुनरीक्षण कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि मतदाताओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए ब्लॉक स्तर एवं बड़ी ग्राम पंचायतों में ही सुनवाई की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है, जिससे मतदाताओं को दूर भटकना न पड़े। पूर्व में निर्गत नोटिसों के क्रम में आज मतदाताओं की सुनवाई की जा रही थी। जिसमें उनकी आपत्तियों व दावों का मौके पर निस्तारण किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान अवगत कराया गया कि अब तक पुनरीक्षण कार्य का लगभग 15 प्रतिशत कार्य पूर्ण किया जा चुका है, जबकि अपलोडिंग कार्य 8 प्रतिशत तक प्रगति पर है। जिलाधिकारी ने अपलोडिंग कार्य में और अधिक तेजी लाने के निर्देश देते हुए कहा कि मतदाता सूची को त्रुटिरहित एवं पारदर्शी बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक पात्र मतदाता का नाम सूची में सम्मिलित हो तथा किसी भी मतदाता को अनावश्यक परेशानी न उठानी पड़े। साथ ही सभी कार्य भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप समयबद्ध ढंग से पूर्ण किए जाएं।इस अवसर पर उप जिलाधिकारी मनोज सिंह, खण्ड विकास अधिकारी संदीप मिश्रा, सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी चंद्र मोहन शुक्ल आदि सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहे।

### युवक पर घर में घुसकर किशोरी के साथ छेड़छाड़ करने का आरोप

जन एक्सप्रेस । उरई

माधौगढ़ कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में किशोरी के माता पिता दस आठ साल पहले गुजर गए थे। किशोरी का लालन पालन उसका ताऊ व ताई करते है और अपने पास ही रखते हैं। बताया गया कि बुधवार को किशोरी के ताऊ व ताई रिस्तेदारी में गए हुए थे और दादी और किशोरी घर पर अकेली थी। दादी मुहोल्ला में कहीं चली गई थी। तभी अकेली देख 35 वर्षीय युवक मुलायम घर में घुसकर किशोरी के साथ छेड़खानी करने लगा। तभी किशोरी ने पुर जोर बिरोध करते हुए शोर मचाना शुरू कर दिया। शोरगुल सुनकर मौके पर दादी पहुंच गई, तब तक युवक भागने में सफल हो गया। शाम को ताऊ घर पंहुचा तब सारी बात किशोरी ने आप बीती बताई। जानकारी होते ही ताऊ ने कोतवाली में किशोरी के साथ पहुंचकर आरोपी मुलायम के खिलाफ पॉक्सो एक्ट व छेड़खानी का मुकदमा दर्ज कराया है। कोतवाल बिकेश बाबू का कहना है कि मुकदमा दर्जकर लिया गया है, जांच कर कार्रवाई की जा रही है।

## युवक पर बीए प्रथम वर्ष की छात्रा को नशीला पदार्थ पिलाकर दुष्कर्म करने का आरोप

जन एक्सप्रेस । उरई

कोतवाली क्षेत्र में मकान मालिक के पुत्र ने किराए से रह रही छात्रा को नशीला पदार्थ पिलाकर दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दे दिया। मामले में घटना की नामजद तहरीर पुलिस को दी गई है।

एट थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पिता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर दी। जिसमें बताया कि वह शहर के मोहल्ला उमरारखेरा निवासी श्रीराम के घर में किराए से रह रहा है। उसकी पुत्री बीए प्रथम वर्ष की छात्रा है, जो शहर के महाविद्यालय में पढ़ती है। आरोप है कि चार फरवरी को वह अपनी पत्नी के साथ वोटर लिस्ट में नाम संशोधन करवाने के लिए गांव गया था, जबकि उसकी पुत्री लाइब्रेरी में पढ़ने गई थी। पिता का आरोप है कि सुबह दस बजे मकान मालिक का पुत्र सचिन कुमार लाइब्रेरी पहुंचा फोन कर उसकी पुत्री को बाहर बुलाया और उसे अपनी बाइक पर बैठकर अपने एक दोस्त से घर ले गया। जहां उसे कॉफी पिलाई जिसके बाद वह अचेत हो गई। इसके बाद सचिन कुमार ने उसके साथ दुष्कर्म किया और मौके से भाग गया। जब उसे होश आया तो उसने मामा को फोन कर बुलाया तब मामा उसे लेकर घर पहुंचा। जहाँ उसने अपने साथ हुई घटना की जानकारी दी। जब परिजनों ने आरोपी के घर वालो से शिकायत की तो उन्होंने शिकायत करने घर वालो को जान से मार देने की धमकी दी। पिता की तहरीर पर पुलिस ने सचिन कुमार व इसके घर वालो के खिलाफ रिपोर्ट दर्जकर तलाश शुरू कर दी।

# डीएम ने कदौरा पंचायत भवन व गौशाला का किया निरीक्षण, योजनाओं की परखी प्रगति

जन एक्सप्रेस । उरई

जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने गुरुवार को विकासखण्ड कदौरा स्थित पंचायत भवन बरखेरा का निरीक्षण कर केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने पंचायत परिसर में बन रही फैमिली आईडी का भी जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को कार्य में तेजी लाने तथा पात्र लाभार्थियों को समय से लाभ दिलाने के निर्देश दिए।।इसके पश्चात जिलाधिकारी ने ग्राम की गौशाला का निरीक्षण किया। जहां उन्होंने गौवंशों को गुड़ खिलाया और



व्यवस्थाओं का गहन अवलोकन किया। निरीक्षण के समय गौशाला में कुल 66 गौवंश पाए गए। डीएम ने ग्राम पंचायत सचिव को निर्देशित किया कि गौवंशों के संरक्षण एवं भरण-पोषण में किसी प्रकार की लापरवाही न हो। उन्होंने केयर टेकर को नियमित साफ-सफाई, चारा, पानी एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के स्पष्ट निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक पहुचाया जा रहा है तथा गौवंश संरक्षण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए संवेदनशीलता और जिम्मेदारी के साथ कार्य किया जाए।

## बाइकों की भिड़ंत में दो की मौत, महिला सहित चार घायल

जन एक्सप्रेस । उरई

कोंच कोतवाली क्षेत्र में अंडा के पास बाइकों में भिड़ंत हो गई। हादसे में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि महिला सहित चार लोगों को घायल अवस्था में इलाज हेतु जिला अस्पताल पहुंचाया गया।

नगर कोतवाली क्षेत्र में बुधवार की रात ग्राम सतोह निवासी 26 वर्षीय शिवम पुत्र स्व. गोविंददास अपने पड़ोसी दोस्त 16 वर्षीय शिवाजी व उसके छोटे भाई 14 वर्षीय श्यामजी पुत्र जितेंद्र के साथ कोंच नगर में प्रदर्शनी देखने के लिए बाइक से जा रहे थे। रात करीब 9 बजे जब उनकी बाइक ग्राम अंडा के पास पहुंची, तो सामने आ रहे 30 वर्षीय राजकुमार पुत्र नरेश उसकी पत्नी मंजू व 2 वर्षीय पुत्र ऋषभ निवासी ग्राम कासपुर थाना न्यू आगरा जिला आगरा बाइक से आ रहे थे। अनियंत्रित होकर दोनों बाइकें टकरा गई। हादसे के बाद मौके पर पहुंचे लोगों ने घायलों को इलाज के लिए सीएचसी भेजा। जहां डाक्टरों ने शिवम व राजकुमार को मृत घोषित कर दिया। जबकि घायल शिवाजी, श्यामजी, मंजू, ऋषभ को मेडिकल कालेज झांसी रेफर कर दिया। मृतक शिवम घर में अकेला था और उसके माता पिता की कई साल पहले मौत हो चुकी है। वहीं मृतक राजकुमार आगरा में सब्जी की दुकान लगाता था। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक बृजेश बहादुर सिंह ने कहा कि शवों का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### दबंगों ने युवक को लाठियों से हमला कर घायल किया

जन एक्सप्रेस/शाहाबाद। शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला मीरा बस्ती निवासी अर्श पुत्र डॉक्टर शाहिद अली को बुधवार की शाम 5ः00 बजे माही बाग में दबंग युवकों ने लाठियों से हमला कर कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। हमलावरों की इस हरकत का वीडियो किसी ने बनाया और सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। अब यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। आरोपियों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। डाक्टर शाहिद अली पत्रकार के अनुसार उनका बेटा अर्श 3 फरवरी को जिम जा रहा था। इमरान की दुकान के पास अब्दुल निवासी महमंद ने गाली गलौज किया। उनका बेटा चुपचाप चला गया। 4 फरवरी को शाम 5ः00 बजे अब्दुल, तालिब निवासीगण महमंद तमंचा लेकर अपने साथी अरमान पुत्र मुशीर अहाता, अरमान मलकापुर, इमरान चायवाला मौलागंज, अब्दुल हन्नान पुत्र नोमान नेकोजयी तथा दो अज्ञात युवक लाठी और डंडे लेकर आए आए और अर्श पर हमला कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। हमलावरों का किसी ने वीडियो बनाया और सोशल मीडिया पर वायरल किया गया जो तेजी के साथ वायरल हो रहा है। पुलिस ने आरोपी दबंग युवकों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज करा घायल का डाक्टरी परीक्षण कराया।

## प्रधान द्वारा ग्राम समाज की जमीन पर किया जा रहा कब्जा, वीडियो वायरल



जन एक्सप्रेस । शाहाबाद

शाहाबाद ब्लॉक की ग्राम पंचायत सहोरा के प्रधान राजीव कुमार द्वारा गुरुवार को जेसीबी मशीन के माध्यम से ग्राम समाज की जमीन पर नींव खोदने का कार्य किया गया। ग्रामीणों ने इसका वीडियो बनाया और सोशल मीडिया पर वायरल किया। ग्राम प्रधान का दावा है कि यह जमीन उसकी अपनी जमीन है। फिलहाल तहसील प्रशासन ने नीव खुदाई का कार्य रुकवा दिया है। ग्राम पंचायत सहोरा में प्रधान ने अपनी जमीन बता कर ग्राम समाज की जमीन पर जेसीबी लाकर नींव खोदने का कार्य प्रारंभ किया। प्रधान द्वारा ग्रामीणों को गुमराह किया गया कि यह उसकी अपनी जमीन है। ग्रामीणों ने इसका वीडियो बनाकर शोसल मीडिया पर वायरल कर दिया। वीडियो वायरल होने के बाद एसडीएम के आदेश पर क्षेत्रीय लेखपाल ने मौके पर पहुंचकर प्रधान द्वारा किया जा रहे अवैध निर्माण कार्य को रुकवा दिया। प्रधान की हेकड़ी देखिए कि बिना परमिशन के अपने ही ग्राम पंचायत में कब्जा करने का प्रयास किया। प्रधान के प्रयास को प्रशासन ने रोक दिया। इस संबंध में पत्रकारों द्वारा जब प्रधान से फोन से पूछा गया तो प्रधान ने बताया यह उसकी अपनी जमीन है राम रूप प्रधान ने उसे रसीद काट कर दी थी। यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

### अरवल पुलिस ने तमंचा व कारतूस सहित युवक को किया गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस/हरपालपुर। पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा के निर्देशन में अबैध शस्त्र निर्माण व परिवहन तथा बिक्री पर प्रतिबंध लगाने के उद्देश्य से जनपद में चलाए जा रहे अभियान के तहत अरवल पुलिस ने गुरुवार को अरवल थाना क्षेत्र के लालपुर गांव निवासी रामलखन पुत्र जियालाल को 312 बोर तमंचा व एक कारतूस सहित गिरफ्तार कर लिया।पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ शस्त्र अधिनियम के तहत अभियोग दर्ज कर जेल भेज दिया।

### डीएम ने की %गोद लिए विद्यालयों% की समीक्षा; परिषदीय विद्यालयों को %मॉडल स्कूल% के रूप में विकसित करने के निर्देश

जन एक्सप्रेस/हरदोई। ?हरदोई।डीएम अनुनय झा ने कलेक्ट्रेट स्थित विवेकानंद सभागार में जनपद के विभिन्न अधिकारियों द्वारा गोद लिए गए परिषदीय विद्यालयों के कायाकल्प और वहां की शैक्षणिक प्रगति की विस्तृत समीक्षा बैठक की। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रत्येक गोद लिया गया विद्यालय जनपद के लिए एक %मॉडल विद्यालय% के रूप में उभरना चाहिए। बैठक में डीएम ने डिजिटल प्रेजेंटेशन के माध्यम से एक-एक विद्यालय की वर्तमान स्थिति का अवलोकन किया। उन्होंने अधिकारियों से उनके द्वारा गोद लिए गए विद्यालयों में कराए गए कार्यों का विवरण मांगा और अब तक हुई प्रगति पर संतोष व्यक्त करते हुए शेष कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा करने को कहा। ?निर्माण कार्य और मूलभूत सुविधाओं पर जोरः समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने मुख्य रूप से निम्नलिखित बिंदुओं पर ध्यान केंद्रित कियाः?निर्माण की गुणवत्ताः विद्यालयों में हो रहे किसी भी निर्माण कार्य में गुणवत्ता से समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# फर्जी बैनामा काण्ड का अहम व्यक्ति अपने एक साथी के साथ गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस । कालपी

छौंक फर्जी बैनामा काण्ड के अहम किरदार आशिक बाबा अपने एक साथी के साथ गिरफ्तार हो गया। वह काफी दिनों से पुलिस को चकमा दे रहा था। वर्ष 2023 में छौंक गाँव निवासिनी विद्यावती की हाईवे स्थित वेशकीमती जमीन का फर्जी तरीके से बैनामा हो गया था।जिसकी जानकारी भूस्वामिनी को काफी देर से लगी थी और बाद में क्रेता कोमल सिंह यादव की तहरीर पर पुलिस ने आधा दर्जन नामजदों तथा अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया। मामले में चौकाने वाले खुलासे हुए थे और इस मामले में लाखो की बरामदगी के साथ लगभग दो दर्जन से अधिक लोग जेल की सैर कर चुके हैं, जिसमे दो महिलाए भी शामिल हैं। जिनका जाल साजो ने फर्जी विद्यावती के रूप में इस्तेमाल किया था और जांच धीरे जनपद से गुजरकर औरैया और उन्नाव तक जा पहुंची है। इस मामले की जांच एसआईटी टीम कर रही है, जिसके प्रभारी कुठौन्द के थाना प्रभारी अजय पाठक है। हालांकि विगत ढाई वर्षो से चल रही जांच अब अन्तिम पडाव पर है और गत कुछ माह पहले ही उन्होंने फर्जी बैनामा काण्ड में रजिस्ट्री करने वाली विद्यावती को गैर जनपद से गिरफ्तार किया था। जिसमे इस मामले के मास्टरमाइंड के रूप में आशिक बाबा निवासी राजेपुरा का नाम सामने आया था और तभी से मामले की जांच कर रही एसआईटी और एसओजी उसकी तलाश कर रही है। लेकिन उसका सुराग नही लग रहा था लोग उसके किसी बडे शहर में होने की उम्मीद? कर रहे थे और पुलिस तकनीक के सहारे उसे खोजने की कोशिश मे लगी थी।गुरूवार को पुलिस की मेहनत रंग लाई और एसआईटी प्रभारी अजय पाठक ने उसे तथा आधार कार्ड में गड़बड़ी करने वाले उसके साथी रिफाक अहमद पुत्र आफाक अहमद अहरौली शेख पुंखराया को गिरफ्तार कर लिया है। बता दें कि वर्ष 2023 मे दर्ज हुए इस मामले की जांच कोतवाली के अतिरिक्त निरीक्षक मु. अशरफ को मिली थी। बाद में जांच पर सवाल खडे होने पर एसआईटी का गठन हुआ था। जिसमे निरीक्षक परमहंस तिवारी की अगुवाई में जांच शुरू हुई थी। लेकिन गत वर्ष जांच में लापरवाही बरतने के आरोप में पूर्व जांच अधिकारी मुहम्मद अशरफ तथा एसआईटी प्रभारी परमहंस तिवारी को निलम्बित कर फिर से एसआईटी का गठन किया गया है। जो कुठौन्द के थाना प्रभारी अजय पाठक की अगुवाई में जांच कर रही है।

### गांव में ट्यूशन पढ़ रही छात्राओं के बीच उच्च शिक्षा राज्य मंत्री ने पहुंचकर छात्राओं से किया संवाद



जन एक्सप्रेस/शाहाबाद। शाहाबाद विधानसभा क्षेत्र की विधायक और प्रदेश सरकार की उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी गुरुवार को दोपहर 2ः00 बजे अपने विधानसभा क्षेत्र के ग्राम कछिलिया में भ्रमण करते हुए छात्राओं के बीच जा पहुंची। छात्राओं के बीच पहुंचकर छात्राएं उच्च शिक्षा मंत्री को देखकर काफी गदगद नजर आईं। इस मौके पर उच्च शिक्षा मंत्री ने छात्राओं से संवाद किया और शिक्षा के महत्व पर कुछ जरूरी टिप्स दिए। इस मौके पर उच्च शिक्षा मंत्री रजनी तिवारी ने कहा छात्र-छात्राओं के ऊपर देश का भविष्य निर्भर होता है इसलिए सभी छात्राएं मन लगाकर पढ़ें। अपना, परिवार और देश का गौरव बढ़ाये। उन्होंने छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की।

# जिलाधिकारी ने जन सुनवाई मे सुनी 50 शिकायतें



जन एक्सप्रेस । हरदोई

हरदोई। कलेक्ट्रेट में जन सुनवाई के दौरान जिलाधिकारी अनुनय झा ने आमजन की समस्याओं को सुना। जन सुनवाई मे आज कुल 50 शिकायते प्राप्त हुई, जिसके त्वरित निस्तारण के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिए।डीएम ने कहा कि प्रत्येक शिकायत का निस्तारण समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण पूर्ण हो। जन सुनवाई मे प्राप्त कुछ शिकायतों का डीएम ने मौके पर ही समाधान किया। इस अवसर पर एडीएम न्यायिक प्रफुल्ल कुमार त्रिपाठी व अन्य सम्बन्धित विभाग के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

# लखनऊ में नियुक्त महिला आरक्षी ने हरदोई में फांसी लगाकर की आत्महत्या

जन एक्सप्रेस । हरदोई

शहर कोतवाली क्षेत्र के आलूथोक मोहल्ले में एक महिला आरक्षी ने कमरे के पंखे से फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और फील्ड यूनिट की टीम मौके पर पहुंची, जिससे इलाके में हड़कंप मच गया।

जानकारी के अनुसार शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला आलू थोक निवासी लगभग 34 वर्षीय प्रीति सिंह पत्नी सौरभ श्रीवास्तव ने अपने घर पर बुधवार की शाम घर के काम निपटाए और अपनी सात महीने की बेटी को पति के पास छोड़कर कमरे में चली गईं। काफी देर तक बाहर न आने पर परिजनों ने आवाज लगाई, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। बाद में खिड़की से झांककर देखा गया तो वह पंखे से फंदे पर लटकी मिली।सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची



पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू की।सीओ सिटी अंकित मिश्रा ने बताया कि मृतका प्रीती सिंह पुलिस विभाग में लखनऊ के थाना इंदिरा नगर में आरक्षी के पद पर नियुक्त थी। घटना के कारणों का अभी स्पष्ट पता नहीं चल सका है।परिजनों के अनुसार प्रीति ने करीब 12 वर्ष पहले सौरभ से प्रेम विवाह किया था। हाल ही में परिवार में देवर की शादी की तैयारियां चल रही थी, जिसके चलते वह छुट्टी पर घर आई थी। घर में शादी की खुशियों के बीच हुई इस घटना से मातम छा गया।पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सुसाइड नोट नहीं मिला है। अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# धूमधाम से निकाली गई 38 वीं श्री गायत्री महायज्ञ कलश यात्रा

जन एक्सप्रेस । हरदोई



ब्लाक शाहाबाद अंतर्गत ग्राम विलालपुर शर्मा हाल्ट में 38वें श्री गायत्री महायज्ञ की भव्य कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें गांव की महिलाओं और बच्चों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। गांव की महिलाएं अपनी पारंपरिक वेश- भूषा में सज कर सिर पर और हाथों में कलश लेकर भजन गाते हुए इस कलश यात्रा में शामिल हुई। श्री गायत्री यज्ञ समिति के सदस्य कवि डॉक्टर रोहित सिंह गौर के अनुसार श्री गायत्री महायज्ञ का 38 वां आयोजन किया गया है।इसकी शुरुआत सन 1987 से परम पूज्य श्री रामस्वरूप ब्रम्हचारी जी के तत्वावधान में हुई थी। तब से यह कार्यक्रम अनेक उतार -तढ़ावों के साथ अनवरत रुप से प्रति वर्ष फाल्गुन मास में आयोजित होता आ रहा है। इस अवसर पर यज्ञ केआचार्य सत्य प्रकाश मिश्र भागवताचार्य श्री पं राम जी मिश्र, पं सतेन्द्र वाजपेई, शास्त्री हिमाशु पाण्डे, पं हरि नंदन अग्निहोत्री, पं विकास दीक्षित जी के साथ डॉ राहुल सिंह, अंजली सिंह,अलका सविता सिंह यजमान प्रवीण कुमार सिंह तथा सुमित व अशोक सिंह आदि की उपस्थित रहे।

# मदरसा बोर्ड की 5वीं परीक्षा केंद्रों पर 1228 परीक्षार्थी होंगे शामिल

जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़




जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी आशीष द्विवेदी ने बताया है कि उ.प्र. मदरसा शिक्षा परिषद द्वारा संचालित मौलवी (सेकेण्डरी) तथा आलिम (सीनियर सेकेण्डरी) की वर्ष-2026 की परीक्षा 9 फरवरी से 14 फरवरी तक सम्पन्न होनी है जिसके लिए जिले में अपर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समिति द्वारा निर्धारित नियमावली को ध्यान में रखते हुए, छात्रहित में एमएचइका बरई कुण्डा, मदरसा मुह्युल इस्लाम मकई मझवारा बाबूगज, रूबाउन निशा इ.कालेज सगरा सुन्दरपुर तथा टॉस कालेज आफ फार्मेशी प्रतापगढ़ सिटी, मदरसा गुलिस्तां निस्वां मिर्जापुर चौहारी प्रतापगढ़ सहित कुल पांच परीक्षा केन्द्रों का निर्धारण एलआइयू तथा सम्बन्धित एसडीएम स्तर की जाँच रिपोर्ट के आधार पर किया गया है। उन्होने बताया है कि मुंशी/मौलवी (सेकेण्डरी, अरबी तथा फारसी) की परीक्षाएं प्रथम पाली सुबह 8 बजे से 11 बजे सम्पन्न होंगी, जिसमें कुल 975 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे तथा आलिम (सीनियर सेकेण्डरी, अरबी तथा फारसी) की परीक्षाएं द्वितीय पाली दोपहर 2 बजे से 5 बजे तक सम्पन्न होंगी, जिसमें कुल 253 परीक्षार्थीयों समेत मदरसा बोर्ड की परीक्षा वर्ष 2026 में जनपद से कुल 1228 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। परीक्षा के नकलविहीन, सुचितापूर्ण संचालन हेतु परीक्षा केन्द्रों के सघन निरीक्षण एवं प्रभावी पर्यवेक्षण किये जाने हेतु जनपद स्तर पर सचल दल, आन्तरिक निरीक्षण दस्ते तथा सेक्टर मजिस्ट्रेट जिलाधिकारी के द्वारा नामित किये गये है। परीक्षा सीसीटीवी की निगरानी में सम्पन्न की जायेगी। परीक्षार्थीयों की सुविधा हेतु परीक्षा की समय सारणी परिषद के मदरसा पोर्टल पर भी उपलब्ध है।

## दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार, भेजा जेल



**जन एक्सप्रेस प्रतापगढ़।** जिले के आसपुर देवसरा थाने की पुलिस ने गुरुवार को दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्त प्रमोद गौतम थाना इलाके के पूरा गांव का रहने वाला है। एसपी दीपक भूकर द्वारा अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी शैलेन्द्र लाल व सीओ पट्टी मनोज कुमार के कुशल पर्वेक्षण में थाना प्रभारी आसपुर देवसरा विजेन्द्र सिंह के नेतृत्व में एसआई अवधराज यादव व उनकी पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर दुष्कर्म के आरोपी प्रमोद गौतम को थाना इलाके के छतौना नहर पुलिया मोड़ के समीप से गिरफ्तार किया गया।

# आरटीई: विद्यालयों में प्रवेश के लिए आवेदन शुरू, बनाया गया हेल्प डेस्क

जन एक्सप्रेस । कुशीनगर

आरटीई के तहत प्रथम चरण के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। ऑनलाइन आवेदन करने में असमर्थ अभिभावकों की मदद के लिए विभिन्न विभागों में आरटीई हेल्प डेस्क बनाई गई है। इसके साथ ब्लॉक स्तर के अधिकारी ज्यादा से ज्यादा आवेदन कराने के लिए पात्र परिवार के लोगों को आवेदन करने के लिए प्रेरित करेंगे।

निशुल्क व अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) के तहत निजी विद्यालयों में प्री-प्राइमरी और पहली कक्षा की 25 फीसदी सीटों पर आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चों को प्रवेश दिलाया जाता है। इसके लिए प्रतिपूर्ति के रूप में प्रति बच्चा निर्धारित रुपये हर माह शासन की ओर से निजी विद्यालयों को दिया जाता है। हर वर्ष बेसिक शिक्षा विभाग की तरफ से ऐसे बच्चों को आरटीई की प्रक्रिया अपनाई जाती है। इसके अलग-अलग तिथियों में आवेदन और स्कूल आवंटन की प्रक्रिया की जाती है। इस बार प्रथम चरण में आवेदन करने की प्रक्रिया सोमवार से शुरू हो गई है। आरटीई में आवेदन करने के लिए अभिभावकों को परेशानी न हो, इसके लिए विभागों में हेल्प डेस्क बनाई जाएगी। यहां पर ऑनलाइन आवेदन करने में परेशान होने वाले अभिभावकों को आवेदन कराने में मदद की जाएगी।

ज्यादा से ज्यादा आवेदन कराने के लिए ब्लॉक स्तर के अधिकारी भी भूमिका निभाएंगे और अपने-अपने क्षेत्र के पात्र परिवारों के बच्चों को आवेदन करने के लिए प्रेरित करेंगे।निशुल्क व अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) के तहत निजी विद्यालयों में प्री-प्राइमरी और पहली कक्षा की 25 फीसदी सीटों पर आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चों को प्रवेश दिलाया जाता है। इसके लिए प्रतिपूर्ति के रूप में प्रति बच्चा निर्धारित रुपये हर माह शासन की ओर से निजी विद्यालयों को दिया जाता है। हर वर्ष बेसिक शिक्षा विभाग की तरफ से ऐसे बच्चों को आरटीई की प्रक्रिया अपनाई जाती है।

इसके अलग-अलग तिथियों में आवेदन और स्कूल आवंटन की प्रक्रिया की जाती है। इस बार प्रथम चरण में आवेदन करने की प्रक्रिया सोमवार से शुरू हो गई है। आरटीई में आवेदन करने के लिए अभिभावकों को परेशानी न हो, इसके लिए विभागों में हेल्प डेस्क बनाई जाएगी। यहां पर ऑनलाइन आवेदन करने में परेशान होने वाले अभिभावकों को आवेदन कराने में मदद की जाएगी।

ज्यादा से ज्यादा आवेदन कराने के लिए ब्लॉक स्तर के अधिकारी भी भूमिका निभाएंगे और अपने-अपने क्षेत्र के पात्र परिवारों के बच्चों को आवेदन करने के लिए प्रेरित करेंगे।

आरटीई में आवेदन करने के लिए अभिभावकों को परेशानी न हो, इसके लिए विभागों में हेल्प डेस्क बनाई जाएगी। यहां पर ऑनलाइन आवेदन करने में परेशान होने वाले अभिभावकों को आवेदन कराने में मदद की जाएगी।

# पुलिस ने हत्या के प्रयास के तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार, जेल



जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़

जिले की जेठवारा थाने की पुलिस ने हत्या के प्रयास के मामले में तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है।

बता दें कि बीते वर्ष अक्टूबर माह में थाना इलाके के ऊदापुर गांव में पुरानी चुनावी रंजिश को लेकर दो पक्षों के मध्य मारपीट एवं हवाई फायरिंग की सूचना मिलने के बाद स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस के पहुंचने के बाद दोनों पक्षों के लोग एकदूसरे को धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए जबकि घायल व्यक्ति को पुलिस ने इलाज हेतु अस्पताल भेजा। पुलिस ने इस मामले में छः नामजद व सात आठ अज्ञात के खिलाफ गम्भीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। एसपी दीपक भूकर द्वारा अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में एएसपी पश्चिमी बृजनन्दन राय व सीओ सदर करिश्मा गुप्ता के कुशल पर्वेक्षण में थाना प्रभारी जेठवारा विजय कान्त सत्यार्थी के नेतृत्व में एसआई अरुण कुमार मौर्या व उनकी पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना थाना इलाके के ऊदापुर गांव निवासी तीन वांछित अभियुक्तों विवेक सिंह, अल्फोज खान उर्फ अप्पी व मो. जफरुल को थाना इलाके के ऊदापुर गांव से गिरफ्तार किया।

## ट्रान्सफर के बाद भी पुराने हल्के में ही जमे हैं लेखपाल

**जन एक्सप्रेस प्रतापगढ़।** जिले के पट्टी तहसील के अंतर्गत आने वाले दो दर्जन से अधिक गांवों के लेखपालों का हल्का क्षेत्र तहसीलदार पट्टी ने बदल दिया है लेकिन इसके बावजूद भी अभी तक हल्का लेखपाल जंहा पर तैनात थे वहीं जमे हुए है अपने नई जगह पर नहीं जा रहे हैं। तबादले के बाद भी नई तैनाती की जगह पर चार्ज न लेना इनके कार्यशैली पर सवाल खड़े कर रहा है। विभाग के आदेश की धता बताते हुए लेखपालों का नवीन तैनाती की जगह पर न जाकर पुराने हल्के में ही कुंडली मारकर बैठे रहना इलाके में चर्चा का विषय बना हुआ है। कुछ लेखपालों के खिलाफ तो शिकायत भी हुई लेकिन नतीजा कुछ नहीं निकला। अब देखना ये होगा कि आखिर कब तक सम्बन्धित विभाग इन लेखपालों को उनकी नवीन तैनाती पर भेज पाने में सफल हो पाता है।

# विनियमन शुल्क न जमा करने पर ईंट भट्ठों पर होगी कार्रवाई

जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़




जिले में गुरुवार को मुख्य राजस्व अधिकारी अजय कुमार तिवारी ने बताया है कि भूतत्व एवं खनिकर्म अनुभाग उत्तर प्रदेश द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 के अंतर्गत ईंट-भट्ठों के संचालन को लेकर निर्देश जारी किए गए हैं कि जिन ईंट-भट्ठा स्वामियों द्वारा विनियमन शुल्क की धनराशि अग्रिम रूप से जमा किये बिना ईंट भट्ठे का संचालन नहीं किया जा सकता है। इस संबंध में डीएम की अध्यक्षता में 4 फरवरी को जनपद के समस्त ईंट-भट्ठा स्वामियों के साथ बैठक आयोजित की गई, जिसमें बकाया विनियमन शुल्क तत्काल जमा कराने के निर्देश दिए गए। बैठक में यह भी स्पष्ट किया गया कि बिना विनियमन शुल्क जमा किए ईंट-भट्ठों पर पथाई का कार्य किया जाना नियमों का उल्लंघन है। प्रशासन ने चेतावनी दी है कि बिना विनियमन शुल्क जमा प्रमाण-पत्र के ईंट मिट्टी का परिवहन अवैध मानते हुए कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की कार्रवाई की संपूर्ण जिम्मेदारी संबंधित ईंट-भट्ठा स्वामियों की होगी। इसलिए सभी संचालित ईंट-भट्ठों को निर्देशित किया गया है कि वे तत्काल विनियमन शुल्क जमा कर नियमों का अनुपालन सुनिश्चित करें।

# गोंड समाज पर टिप्पणी का आरोप, कलक्ट्रेट में प्रदर्शन

जन एक्सप्रेस । कुशीनगर



अखिल भारतीय गोंड आदिवासी संघ की जिला इकाई की तरफ से बुधवार को कलक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शन कर एडीएम न्यायिक प्रेम कुमार राय को ज्ञापन सौंपा। इसमें गोंड समाज के लोगों ने लोगों ने 22 जनवरी को जनपद मुख्यालय पर आए थारू जनजाति के लोगों पर गोंड बिरादरी के लोगों के संबंध में असंवैधानिक तरीके से टिप्पणी करने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की।

संगठन के जिलाध्यक्ष गोरख प्रसाद गोंड ने कहा कि बीते 22 जनवरी को मूल आदिवासी संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय बहादुर चौधरी (थारू) द्वारा जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति एवं राज्यपाल को तीन सूत्री मांग पत्र सौंपा गया था। उनकी तरफ से झूठा आरोप लगाया गया था कि कुशीनगर जनपद सहित प्रदेश के कई जनपदों में गोंड जनजाति नहीं पायी जाति है। इस पर अखिल भारतीय गोंड आदिवासी संघ ने कड़ा विरोध जताया था और काफी नोकझोंक भी हुई थी।

उन्होंने प्रदेश के उपसचिव एसपी आर्य द्वारा 24 सितम्बर, 1977 जारी शासनादेश के बारे में बताया, जिसमें गोंड जाति के लोगों को प्रदान किए गए अधिकारों का उल्लेख है। उसके बाद भी समय-समय पर जारी शासनादेश दिखाए। इस दौरान प्रदेश महासचिव बिंदेश्वरी प्रसाद गोंड, प्रदेश उपाध्यक्ष प्रीतमनाथ गोंड, पूर्व जिलाध्यक्ष दिग्विजनाथ गोंड, जिला महासचिव मनोज कुमार गोंड कर रहे थे।

## तेज रफ्तार कार की टक्कर से साइकिल सवार वृद्ध की मौत

जन एक्सप्रेस । देवरिया

बलुआ अफगान मार्ग पर बुधवार को तेज रफ्तार कार की टक्कर से साइकिल सवार वृद्ध की मौत हो गई। हादसे के बाद कार चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वही पुलिस शव को कब्जे में लेकर अग्रिम कार्रवाई में जुटी है।

भटनी के महुरांव गांव निवासी मिश्रीलाल यादव (65) बुधवार करीब 11 बजे साइकिल से बाजार जा रहे थे। जब वे मिश्रौली दीक्षित गांव के पास पहुंचे तो पीछे से आ रही तेज रफ्तार कार ने साइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। इससे मिश्रीलाल सड़क पर गिर गए और उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

# चोरी की मोटरसाइकिल के साथ दो गिरफ्तार, भेजा जेल

जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़



जिले की मान्धाता थाने की पुलिस ने बुधवार रात थाना इलाके के उसरापुर में चोरी हुई बाइक को बरामद करते हुए दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। बता दें कि मान्धाता थाना इलाके के उसरापुर गांव में घर के सामने दरवाजे पर खड़ी मोटरसाइकिल को अज्ञात चोरों द्वारा बुधवार रात में चुरा लिया गया। जिसके बाद तहरीर के आधार पर पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन कर रही थी। एसपी दीपक भूकर अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में एएसपी पूर्वी शैलेन्द्र लाल व सीओ रानीगंज विनय प्रभाकर साहनी के कुशल पर्वेक्षण में मान्धाता पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर थाना इलाके के उसरापुर गांव निवासी भोनू उर्फ राजकुमार व सुशील उर्फ पण्डित को चोरी की मोटर साइकिल पैशन प्रो के साथ थाना इलाके के गजेहडी पुलिया से डांडी जाने वाले मार्ग से गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्तों ने पूछताछ में बताया कि उन्होंने पैशन प्रो मोटरसाईकिल उसरापुर में एक घर के सामने से चोरी कर लिए थे आज इसे बेचने के लिये जा रहे थे कि पुलिस ने पकड लिया।

# अपहरण के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार, भेजा जेल

जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़



जिले के बाघराय थाने की पुलिस ने गुरुवार को अपहरण के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्त बाघराय थाना इलाके के लाल साहब का पुरवा गांव का रहने वाला है। एसपी दीपक भूकर द्वारा अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी बृजनन्दन राय व सीओ सदर करिश्मा गुप्ता के कुशल पर्वेक्षण में थाना प्रभारी बाघराय श्रवण कुमार के नेतृत्व में एसआई अमित द्विवेदी व उनकी पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर वांछित अभियुक्त नत्थू सरोज उर्फ नंचू को कुण्डा कोतवाली थाना इलाके में रेलवे स्टेशन के पास से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर बुधवार को जेल भेज दिया।

## तहसील बार एसोसिएशन के चुनाव में 10 पर्चे बिके

जन एक्सप्रेस । देवरिया

सदर तहसील बार एसोसिएशन की चुनावी प्रक्रिया बुधवार से शुरू हो गई। इसके पहले दिन विभिन्न पदों के लिए 10 नामांकन पत्र बिके। किसी पद के लिए नामांकन नहीं हुआ। नामांकन पत्रों की बिक्री और नामांकन पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया बृहस्पतिवार को भी जारी रहेगी। निवर्तमान अध्यक्ष सामंत कुमार मिश्र ने बताया कि सदर तहसील बार एसोसिएशन के चुनाव में बुधवार को अध्यक्ष, वरिष्ठ उपाध्यक्ष, मंत्री व संयुक्त मंत्री के लिए दो-दो पर्चे बिके। किसी पद पर नामांकन पत्र जमा नहीं किया गया। बृहस्पतिवार को भी नामांकन पत्रों की बिक्री और नामांकन पत्र दाखिल किए जाएंगे।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह: 80 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे

जन एक्सप्रेस । देवरिया



रामपुर कारखाना क्षेत्र के कोटवा चौराहा स्थित एक मैरेज हॉल में बुधवार को सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में 80 जोड़ों का विवाह संपन्न कराया गया, जिसमें 73 हिंदू जोड़े ने एक-दूसरे के साथ सात फेरे लिए वहीं सात मुस्लिम जोड़ों का निकाह हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि रामपुर कारखाना विधायक सुरेंद्र चौरसिया ने की। इस दौरान परियोजना निदेशक जिला ग्राम्य विकास अभिकरण व उपायुक्त मनरेगा सतीश राव, मंडल उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम पांडेय, मंडल महामंत्री गौतम सिंह, मंडल अध्यक्ष रामपुर कारखाना प्रकाश पाण्डेय, वरिष्ठ भाजपा नेता नीरज श्रीवास्तव, जिला समाज कल्याण अधिकारी सहित संबंधित खंड विकास अधिकारी एवं शहर के कई गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। अतिथियों ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देते हुए उनके सुखद दांपत्य जीवन की कामना की। कार्यक्रम के अंत में जिला समाज कल्याण अधिकारी सुधीर पांडेय ने बताया कि छह फरवरी को मेन रोड स्थित उत्सव लॉन सलेमपुर में 151 जोड़ों का सामूहिक विवाह समारोह आयोजित किया जाएगा।

इसमें विकास खंड सलेमपुर, लार, बनकटा, भाटपाररानी, बरहज, भागलपुर के साथ ही नगर पालिका एवं नगर पंचायत सलेमपुर, लार, भाटपाररानी, गौरा और बरहज क्षेत्र के जोड़े शामिल होंगे।

उन्होंने बताया कि योजना के अंतर्गत प्रत्येक जोड़े पर एक लाख रुपये व्यय किए जाने का प्रावधान है। इसमें 60 हजार रुपये कन्या के खाते में सीधे भेजे जाते हैं। 25 हजार रुपये की उपहार सामग्री दी जाती है तथा 15 हजार रुपये विवाह आयोजन पर खर्च किए जाते हैं।

# मनरेगा बहाली की मांग को लेकर कांग्रेस का जोरदार प्रदर्शन

## पूंजीपतियों के हित में मजदूरों को गुलाम बनाना चाहती है मोदी सरकार: डॉ.प्रमोद कुमार सिंह

जन एक्सप्रेस। जौनपुर



जौनपुर महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) को खत्म किए जाने के विरोध में कांग्रेस पार्टी ने गुरुवार को जिलाधिकारी कार्यालय के सामने जोरदार धरना-प्रदर्शन किया। धरने का नेतृत्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष डा0प्रमोद कुमार सिंह ने किया। इस दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं ने महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से सौंपते हुए मनरेगा कानून को तत्काल बहाल करने की मांग की।

धरने को संबोधित करते हुए डाo प्रमोद कुमार सिंह ने आरोप लगाया कि केंद्र की मोदी सरकार उद्योगपतियों और कॉरपोरेट घरानों को लाभ पहुंचाने के लिए मनरेगा जैसे जनकल्याणकारी कानून को समाप्त कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार की नीतियों के कारण गरीब, मजदूर, श्रमिक और महिलाएं गांव छोड़कर शहरों की ओर पलायन करने को मजबूर हो रहे हैं।

यूपीए सरकार के कार्यकाल में तत्कालीन प्रधानमंत्री डा0मनमोहन सिंह द्वारा लागू किया गया मनरेगा कानून केवल एक योजना नहीं, बल्कि ग्रामीण विकास और रोजगार की गारंटी देने वाला क्रांतिकारी कदम था। इस कानून ने गांवों के अकुशल मजदूरों को सम्मानजनक रोजगार प्रदान किया।

उन्होंने केंद्र सरकार द्वारा लाई गई नई योजना जी रामजी की आलोचना करते हुए कहा कि यह कानून पूर्व प्रधानमंत्री स्व.राजीव गांधी द्वारा पंचायती राज व्यवस्था के तहत ग्राम पंचायतों को दिए गए अधिकारों को सीमित करेगा। इससे गांवों का विकास बाधित होगा, पंचायतें स्वतंत्र रूप से काम नहीं कर पाएंगी और ठेकेदारी प्रथा को बढ़ावा मिलेगा। डा0सिंह ने इसे राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के विचारों का अपमान बताया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने कहा कि मोदी सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हुई है। देश की राष्ट्रीय सुरक्षा खतरे में है, महंगाई और बेरोजगारी लगातार बढ़ रही है और विपक्ष की आवाज दबाकर लोकतंत्र का गला घोंटा जा रहा है।

धरना-प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मनरेगा कानून बहाल करो के नारे लगाए।

### प्रदर्शन में ये रहे मौजूद

इस अवसर पर मनरेगा बचाओ संग्राम के जिला को-ऑर्डिनेटर डा. राकेश मिश्र मंगला गुरु, अली अंसारी सब्बल, देवराज पांडेय, विनय तिवारी, राकेश सिंह डब्बू, महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष रेखा सिंह, लाल प्रकाश पाल, शिव मिश्रा, अरुण शुक्ला, राजीव निषाद, देवेंद्र मिश्रा, प्रवेश निषाद, रामसिंह बांकुरे, राजकुमारी मिश्रा, अरविंद कुमार, महात्मा शुक्ला, अर्सलान खान, नरेंद्र प्रताप, जयप्रकाश मिश्रा, अनिल सोनकर, जब्बार अली सलमानी, आरिफ सलमानी, दीपक भट्ट, असरफ अली, मु. ताहिर, अनिल दूबे आजाद, ललित चौरसिया, इरशाद खान, जयराम सरोज, विजय यादव, लोकेश दूबे, शैलेश तिवारी, मीना देवी, चंपा देवी सहित सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# नूरजहां गर्ल्स व शाहीन किड्स प्वाइंट में वार्षिक उत्सव का भव्य आयोजन

### रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से बच्चों ने मोहा मन






जन एक्सप्रेस जौनपुर

जौनपुर नूरजहां गर्ल्स हायर सेकेंड्री स्कूल एवं शाहीन किड्स प्वाइंट (इडेन पब्लिक स्कूल) में गुरुवार को वार्षिक उत्सव का भव्य एवं रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं की मनमोहक प्रस्तुतियों ने उपस्थित अभिभावकों और अतिथियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि शाहीन कौसर, विशिष्ट अतिथि डॉ0नाजिया मैनन तथा नूरजहां गर्ल्स इंटर कॉलेज एवं इडेन पब्लिक स्कूल के प्रबंधक/ संस्थापक परवेज़ आलम सिद्दीकी (भुट्टो) एवं प्रधानाचार्य शेख नज़रुल इस्लाम द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर नूरजहां गर्ल्स स्कूल की प्रधानाचार्या मदीना बानो, शाहीन किड्स प्वाइंट की इंचार्ज उम्मे ज़रीन, विद्यालय की सभी अध्यापिकाएं एवं हजारों की संख्या में महिला अभिभावक उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं ने स्वागत गीत, नृत्य-नाटक सहित विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। भारत की अखंडता और एकता को दर्शाते हुए विभिन्न राज्यों की पारंपरिक वेशभूषा में छोटे-छोटे बच्चों की प्रस्तुति विशेष आकर्षण का केंद्र रही, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। विद्यालय के प्रबंधक एवं संस्थापक परवेज़ आलम सिद्दीकी (भुट्टो) ने अपने संबोधन में कहा कि वार्षिक उत्सव विद्यार्थियों की छिपी हुई प्रतिभाओं को निखारने और मंच प्रदान करने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने बच्चों की उपलब्धियों पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए अध्यापिकाओं एवं अभिभावकों के सहयोग की सराहना की। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया। समूचा वातावरण उत्साह, उल्लास और प्रेरणा से ओत-प्रोत रहा।

# केयर टेकरों की लड़ाई में विकास हिन्दू ने दिया समर्थन

जन एक्सप्रेस। सीतापुर

### प्रधानों द्वारा की जा रही केयर टेकरों के साथ मनमानी- विकास हिन्दू

राष्ट्रीय हिन्दू शेर सेना राष्ट्रीय अध्यक्ष विकास हिन्दू ने बताया कि जनसमर्थ एसोसिएशन द्वारा केयर टेकरों की समस्याओं के निस्तारण के लिये संगठन से सहयोग की मांग की गई। एसोसिएशन द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार संज्ञान में आया कि ग्राम प्रधानों द्वारा चुनाव नजदीक होने के कारण कहीं कहीं मनमानी की जा रही है और केयर टेकरों को हटाकर गैर समुदाय के लोगो को केयर टेकरों के पद पर नियुक्त किया जा रहा है जब ग्राम प्रधान पांच साल के लिये नियुक्त होता है तो केयर टेकर को ग्यारह महीने के लिये नियुक्त किया जाना मनमानी कार्यशैली का प्रमाण है। प्रकरण के सम्बन्ध में जिलाधिकारी सीतापुर से वार्ता की गई है जल्द ही केयर टेकरों को आ रही समस्याओं से निजात मिल सकता है।

जनकल्याणकारी एसोसिएशन के द्वारा सामुदायिक शौचालय केयरटेकरों को कार्य से प्रताड़ित कर हटाये जाने एवं एवं हटाने पर रोक लगाने व समय से शासनादेश के अनुसार धनराशि दिलाये जाने के लिये पुनः संज्ञान में लेते हुए विकास भवन स्थित धरना स्थल पर चार फरवरी से जिलाध्यक्ष गुडडू सिंह चैहान की अध्यक्षता में केयर टेकरों द्वारा धरना दिया जा रहा है जिसके माध्यम से जिलाधिकारी को अवगत कराना है कि 27 नवम्बर 2025 को एक ज्ञापन दिया गया था जिसके अन्तर्गत जनपद के विकास खण्ड स्तर पर छः हजार प्रतिमाह के अनुसार भुगतान हुआ था। उक्त भुगतान केयर टेकर्स मानदेय का है। जबकि सभी केयर टेकर को निर्धारित तीन हजार रूपये मासिक रखरखाव तय है। जो कि किसी भी केयर टेकर्स को नही नही दिया गया है और न ही किसी प्रकार की सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र से जुड़ी सामग्री दी गई है। कुछ विकास खण्डों की कुछ ग्राम पंचायतों में केयर टेकर्स को सुंचारू रूप से कार्य नही करने दिया जा रहा है। क्षेत्रीय ग्राम प्रधान द्वारा ताला भी लगा दिया गया है। साथ ही कुछ ग्राम पंचायतों जिम्मेदारों की म नमानी कार्यशैली के चलते बिना नोटिस व भुगतान किये केयर टेकर्स को हटा भी दिया जाता है। एसोसिएशन के माध्यम से सभी केयरटेकर्स का बकाया रखरखाव तीन हजार रूपये प्रति माह से भुगतान किये जाने की मांग की गई है। साथ ही निकाले गये केयरटेकर्स को वापस लिये जाने की मांग किये जाते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में लगे तालों को खुलवाये जाने की मांग की गई है। एसोसिएशन जिलाध्यक्ष गुडडू सिंह ने जानकारी दी कि दो दिनों से धरना स्थल पर बैठे है कोई भी जिम्मेदार अधिकारी द्वारा न्याय हित में कार्यवाही नही की जा रही है जिसको देखते हुए आज राष्ट्रीय हिन्दू शेरसेना राष्ट्रीय अध्यक्ष विकास हिन्दू से केयर टेकरों की समस्याओं के लिये समर्थन की मांग की गई जिससे केयर टेकरों की समस्याओं की निजात हो सके। राष्ट्रीय हिन्दू शेर सेना द्वारा केयर टेकरों के किये जा रहे प्रयास में समर्थन दिया गया है। जल्द ही केयर टेकरों को समस्याओं से निजात मिल सकती है।

# कार्यालय निर्माण पर दिये निर्देश मंदिर कार्यो पर लगी अधिकारी को फटकार

जन एक्सप्रेस। सीतापुर

जिलाधिकारी डा.राजागणपति आर. ने आज आदर्श तहसील महोली परिसर के अन्दर निर्माणाधीन उप निबंधक कार्यालय महोली के भवन के निर्माण कार्य को देखा। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने भवन के निर्माण कार्यों की गुणवत्ता को देखते हुये निर्देश दिये कि भवन में बेहतर सामग्री का उपयोग किया जाये एवं पिलर बनने के उपरान्त सरिया दिखायी न दे, यह सुनिश्चित किया जाये। साथ ही जिलाधिकारी ने भवन के अन्दर निर्मित किये जा रहे शौचालय को भी देखते हुये आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित को दिये।इसके पश्चात जिलाधिकारी ने पर्यटन विभाग द्वारा जनपद सीतापुर स्थित ग्राम रोजहा, पो0 धौरेमऊ, विकास खण्ड ऐलिया में प्राचानी शिव मंदिर में कराये जा रहे कार्यों को देखा। जिलाधिकारी ने इंटरलाकिंग, सोलर लाइट आदि कार्यों को देखते हुये प्रकाश व्यवस्था सही न मिलने पर संबंधित अधिकारी को कड़ी फटकार लगाते हुये प्रकाश व्यवस्था सही करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी कार्यों को पूर्ण करते हुये हैण्डओवर किया जाये।

### बाक्स- अंध विश्वास के विरूद्ध चलाया गया जागरूकता कार्यक्रम

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश द्वारा संचालित जिला विज्ञान क्लब के तत्वाधान में तथा जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर के निर्देशन में अंधविश्वास के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन डॉ0 योगेश चंद्र दीक्षित के समन्वयन में सरस्वती विद्या मंदिर मोहाली में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विजय भान, जिला सचिव, विधिक सेवा प्राधिकरण, सीतापुर ने दीप प्रचलित कर किया।

अपने संबोधन में मुख्य अतिथि ने कहा कि आम जनमानस में अभी भी अंधविश्वास गहरी पैठ बनी हुई है। विज्ञान की सही जानकारी तथा किसी भी गतिविधि के पीछे वैज्ञानिक आधार जानकर हम उन अंधविश्वासों से बच सकते हैं।

जिसकी आड़ में ढोंगी लोग हमें ठगने का प्रयास करते हैं।मेरठ से पधारी विज्ञान संचारक अंजलि ढाका ने अतिथियों एवं विद्यार्थियों के समक्ष अंधविश्वास फैलाने वाली विभिन्न गतिविधियों का पहले प्रदर्शन किया और बताया कि किस प्रकार ढोंगी लोग भोली भाली जनता को भ्रम में डालकर उनको ठगने का प्रयास करते हैं। फिर सभी गतिविधियों को प्रक्रियाओं के होने के पीछे वैज्ञानिक व्याख्या की।

# अधिशाषी अधिकारी अंजनी मिश्रा का औचक निरीक्षण

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर



बिल्हौर नगरपालिका क्षेत्र में सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने और नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से अधिशाषी अधिकारी अंजनी मिश्रा ने कई वार्डों का औचक निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान वार्ड संख्या 03, 09, 14, 18 एवं 20 की सफाई व्यवस्था का बारीकी से जायजा लिया गया। इस दौरान पम्प हाउसों का भी निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं की स्थिति परखी गई और संबंधित कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए, ताकि स्वच्छता कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही न हो।अधिशाषी अधिकारी ने सोर्स सेग्रीगेशन अभियान के तहत वार्ड संख्या 17 और 20 में घर-घर जाकर लोगों को कूड़ा अलग-अलग रखने के प्रति जागरूक किया। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग रखने की आदत अपनाएं, जिससे शहर को स्वच्छ और स्वस्थ बनाए रखने में मदद मिल सके। इस औचक निरीक्षण से सफाई कर्मचारियों में सतर्कता देखने को मिली और स्थानीय लोगों ने भी स्वच्छता अभियान में सहयोग का भरोसा दिलाया। प्रशासन का कहना है कि ऐसे निरीक्षण आगे भी जारी रहेंगे, ताकि नगर की सफाई व्यवस्था बेहतर बनी रहे।

### भक्ति और उल्लास के साथ निकली भव्य कलशयात्रा

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर। शिवराजपुर क्षेत्र के सखरेज गांव में गुरुवार को श्रद्धा और उत्साह के बीच भव्य कलशयात्रा निकालकर श्रीमद्भागवत कथा का विधिवत शुभारंभ किया गया। गाजे-बाजे, भजन-कीर्तन और जयकारों से गूंजती इस शोभायात्रा में बड़ी संख्या में महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर भाग लिया, जिससे पूरे गांव का वातावरण भक्तिमय हो उठा।कलशयात्रा सखरेज गांव से प्रारंभ होकर मुख्य मार्गों से होते हुए सरैया गंगा घाट पहुंची, जहां श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से गंगाजल भरकर पूजा-अर्चना की। इसके बाद यात्रा कथा स्थल पर पहुंचकर संपन्न हुई। यात्रा मार्ग में जगह-जगह ग्रामीणों ने पुष्प वर्षा कर श्रद्धालुओं का स्वागत किया, जिससे आयोजन की भव्यता और भी बढ़ गई।कथा के प्रथम दिवस पर बिल्हौर के कथा व्यास पंडित रामजी शुक्ला महाराज ने श्रीमद्भागवत कथा की महिमा का भावपूर्ण वर्णन करते हुए कहा कि भागवत कथा का श्रवण करने से मनुष्य का आध्यात्मिक कल्याण होता है और पितरों को भी शांति व मुक्ति प्राप्त होती है। उन्होंने बताया कि कथा सुनने के लिए किसी आयु का बंधन नहीं है, इसे जीवन के किसी भी चरण में सुना जा सकता है। इस पावन अवसर पर लालता प्रसाद दुबे, अवधेश शुक्ला, हिमांशु दुबे, हर्ष शुक्ला, अर्पित मोना, दीक्षा, सुभी, संगीता शशि सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और कथा का श्रवण कर धर्मलाभ प्राप्त किया। आयोजन स्थल पर पूरे दिन भक्ति और श्रद्धा का माहौल बना रहा।

# पारदर्शिता के साथ हो मतदाता सूची से नाम विलोपन की प्रक्रिया

जन एक्सप्रेस। सीतापुर

स्थानीय तहसील मुख्यालय पर गुरुवार को समाजवादी पार्टी के पूर्व विधायक डॉ0 हरगोविन्द भार्गव अपने पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और समर्थकों के साथ तहसील पहुंच कर उपजिलाधिकारी एवं सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी सिधौली को ज्ञापन सौंपते हुए मतदाता सूची से नाम विलोपन की प्रक्रिया में पूर्ण पारदर्शिता व निष्पक्षता सुनिश्चित करने की मांग की।

उन्होंने कहा कि फॉर्म-7 के माध्यम से किसी भी मतदाता का नाम गलत या मनमाने तरीके से हटाया जाना लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन है, जिसे समाजवादी पार्टी किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं करेगी।

### राज्यपाल के आगमन की तैयारी, मंडलायुक्त-डीआईजी ने लिया जायजा

जन एक्सप्रेस। बस्ती। जनपद बस्ती में महामहिम राज्यपाल आनंदी बेन पटेल के 9 फरवरी को प्रस्तावित आगमन को लेकर प्रशासनिक तैयारियां तेज कर दी गई हैं। कार्यक्रम को शांतिपूर्ण, सुरक्षित और गरिमामय ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से बुधवार को मंडलायुक्त बस्ती अखिलेश सिंह एवं डीआईजी बस्ती परिक्षेत्र संजीव त्यागी ने जिलाधिकारी के साथ कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की हकीकत परखी। अधिकारियों ने गरिमा ट्रांसजेंडर शेल्टर होम, रौता पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था, यातायात नियंत्रण, साफ-सफाई, प्रवेश-निकास मार्ग, बैठक व्यवस्था और आपात सेवाओं से जुड़ी तैयारियों की बारीकी से समीक्षा की।
निरीक्षण के दौरान मंडलायुक्त ने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि सभी व्यवस्थाएं तय समयसीमा के भीतर पूरी कर ली जाएं, ताकि राज्यपाल के कार्यक्रम के दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। डीआईजी ने सुरक्षा व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए कहा कि कार्यक्रम के दौरान चाक-चौबंद व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने ड्यूटी प्वाइंट तय करने, पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती, यातायात डायवर्जन और विभागीय समन्वय को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही यह भी स्पष्ट किया कि किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान क्षेत्राधिकारी सदर सहित प्रशासनिक विभागों के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।
अधिकारियों ने मौके पर ही जरूरी सुधार बिंदुओं को चिह्नित कर तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए।

### क्विज प्रतियोगिता के परिणाम घोषित

जन एक्सप्रेस। सीतापुर। ग्रीन क्लीन एजुकेटेड विलेज फाउंडेशन की ओर से आयोजित जिला स्तरीय क्विज प्रतियोगिता ऊँची उड़ान के परिंदे के सातवें संस्करण का परिणाम घोषित किया प्रतियोगिता में बाँसुरा गांव के गुरु सहाय मेमोरियल मोंटेसरी स्कूल की दो छात्राओं ने टॉप-200 में स्थान बनाकर उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। साथ ही फाउंडेशन ने शिक्षा के साथ पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक दायित्व को लेकर नई पहल की घोषणा की है।ग्रीन क्लीन एजुकेटेड विलेज फाउंडेशन के तत्वावधान में आयोजित 'ऊँची उड़ान के परिंदे' एक जिला स्तरीय क्विज प्रतियोगिता है, जिसमें जनपद भर के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता के घोषित परिणामों में गुरु सहाय मेमोरियल मोंटेसरी स्कूल की छात्रा सादिया बानो ने 186वीं रैंक तथा अक्सा बानो ने 196वीं रैंक प्राप्त कर विद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

### जनता को नही मिल पा रहा सामुदायिक शौचालय का लाभ

जन एक्सप्रेस। सीतापुर। स्थानीय विकास खण्ड की ग्राम पंचायत अहमदपुर जट में स्वच्छता एवं विकास से जुड़ी योजनाओं को लेकर ग्रामीणों की जागरूकता और अपेक्षाएं सराहनीय रूप से सामने आ रही हैं। ग्राम अहमद पुर जट में स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत लाखों रुपये की लागत से निर्मित सामुदायिक शौचालय एवं कूड़ा घर का उद्देश्य स्वच्छ वातावरण और बेहतर जनस्वास्थ्य सुनिश्चित करना है। ग्रामीणों का कहना है कि इन सुविधाओं की स्थापना से स्वच्छता के प्रति सकारात्मक सोच विकसित हुई है, किंतु उचित स्थान चयन, नियमित देखरेख और केयरटेकर की नियुक्ति न होने से इनका पूर्ण लाभ अभी नहीं मिल पा रहा है।

PUBLIC NOTICE

It is hereby informed to the general public that the following corrections/changes have been made by Service Number 15665267M, Rank – Constable, resident of Village Bihra (Khas), Post Maharajganj, Tehsil Harraiya, District Basti, Uttar Pradesh, PIN Code 272155:The date of birth of my son has been corrected from 20/04/2005 to 20/03/2005, as per the affidavit dated 29/01/2025, duly executed before the Tehsil Harraiya, District Basti (U.P.).The name of my wife has been corrected from Priya Kumari to Priya Devi, and her date of birth has been corrected from 01/07/1978 to 24/10/1980, as per the affidavit dated 29/11/2025, duly executed before the Tehsil Harraiya, District Basti (U.P.).If any person or institution has any objection regarding the above-mentioned changes, they may submit a written objection before the competent authority within 15 days from the date of publication of this notice. After the prescribed period, no claim or objection shall be entertained.

**Applicant**
Baley Pant Gopal
**Service Number:** 15665267M
**Rank:** Constable
**Address:** District Soldiers Welfare & Rehabilitation Office, Bastiand Village Bihra (Khas), Post Maharajganj,Tehsil Harraiya, District Basti (U.P.) PIN Code: 272155

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि सेवा संख्या - 15665267M, रैंक- सिपाही, निवासी ग्राम बिहरा (खास), पोस्ट महाराजगंज, तहसील हर्रैया, जनपद बस्ती, उत्तर प्रदेश (पिन कोड-272155) द्वारा निम्नलिखित सुधार/परिवर्तन कराए गए हैं-
मेरे पुत्र की जन्मतिथि पूर्व में 20/04/2005 अंकित थी, जिसे अब 20/03/2005 कर दिया गया है। यह परिवर्तन शपथ पत्र दिनांक 29/01/2025, तहसील हर्रैया, जनपद बस्ती (उ.प्र.) के समक्ष निष्पादित है।
मेरी पत्नी का नाम पूर्व में प्रिया कुमारी अंकित था, जिसे अब प्रिया देवी कर दिया गया है तथा जन्मतिथि पूर्व में 01/07/1978 के स्थान पर अब 24/10/1980 कर दी गई है। यह परिवर्तन शपथ पत्र दिनांक 29/11/2025, तहसील हर्रैया, जनपद बस्ती (उ.प्र.) के समक्ष निष्पादित है।
यदि किसी व्यक्ति/संस्था को उपरोक्त सुधार/परिवर्तन पर कोई आपत्ति हो तो वह इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के भीतर सक्षम प्राधिकारी के समक्ष लिखित रूप में आपत्ति दर्ज करा सकता/सकती है। निर्धारित अवधि के पश्चात कोई दावा अथवा आपत्ति मान्य नहीं होगी।
**प्रार्थी**
बालेय पन्त गोपाल
सेवा संख्या: 15665267M
रैंक: सिपाही
पता: जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय, बस्ती एवं ग्राम बिहरा (खास), पोस्ट महाराजगंज, तहसील हर्रैया, जनपद बस्ती (उ.प्र.)
पिन कोड: 272155

# अपहरण कांड में दो वांछित गिरफ्तार, घटना में प्रयुक्त वाहन बरामद

जन एक्सप्रेस। बस्ती



पैकोलिया पुलिस ने अपहरण और मारपीट के सनसनीखेज मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए दो वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त वाहन भी बरामद कर लिया है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्तों में सुरेंद्र उर्फ मुन्ना चौधरी पुत्र परशुराम चौधरी, निवासी अजगर थाना हरैया तथा रामप्रीत पुत्र जगदत्त वर्मा, निवासी औरंगाबाद थाना छावनी जनपद बस्ती शामिल हैं। दोनों अभियुक्त लंबे समय से फरार थे, जिन्हें पुलिस टीम ने सतर्कता और सटीक सूचना के आधार पर दबोच लिया। गिरफ्तारी के बाद दोनों को हिरासत में लेकर आगे की कानूनी प्रक्रिया पूरी की जा रही है। घटना बीते 29 जनवरी की है, जब हरिकेश यादव पुत्र स्व. माताप्रसाद यादव, निवासी पूरे बेचू मोईलिया थाना हरैया, अपनी गाड़ी धुलवाने के लिए थाना पैकोलिया क्षेत्र के हशिनाबाद गए थे। आरोप है कि इसी दौरान आरोपी एक वाहन से वहां पहुंचे और हरिकेश यादव को जबरन उठाकर अपने साथ ले गए। इसके बाद उन्हें एक भट्ठे पर ले जाकर मारपीट की गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस हरकत में आई और मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल जांच शुरू कर दी गई। लगातार दबिश और तकनीकी साक्ष्यों के सहारे पैकोलिया पुलिस ने दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर घटना का सफल खुलासा कर दिया। इस पूरी कार्रवाई में प्रभारी निरीक्षक पैकोलिया कृष्ण कुमार साहू के नेतृत्व में उप निरीक्षक सत्येंद्र कुमार, रामसुरेश तथा हेड कांस्टेबल राधेश्याम और कांस्टेबल नितेश यादव की अहम भूमिका रही।

### सीएमओ ने किया आयुष्मान आरोग्य मंदिर का निरीक्षण

जन एक्सप्रेस। सीतापुर। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 सुरेश कुमार द्वारा इस्माइलपुर नगरीय आयुष्मान आरोग्य मंदिर का भ्रमण किया गया। वहाँ पर उन्होंने जनता को दी जा रही सेवाओं का निरीक्षण किया। अब नगरीय क्षेत्र में मलिन बस्ती के वासियों के लिए शीघ्र ही विशेषज्ञ चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध होना शुरु होगी। इसके लिए उन्होने बताया कि आयुष्मान आरोग्य मंदिर को पॉली क्लीनिक के रूप में विकसित किया जायेगा, जिसमें 07 विशेषज्ञ तैनात होंगे। विशेषज्ञ न होने से क्षेत्रीय जनता को दूसरे बड़े अस्पतालों में जाना पड़ता है।

पूर्वोत्तर रेलवे
ई-निविदा सूचना
निम्नलिखित कार्यों के लिए मुहरबन्द "खुली निविदा" वरिष्ठ मण्डल सिगनल एवं दूरसंचार, पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से आमंत्रित की जाती है। **नि० सूचना संख्या — 13 वर्ष 2026**, कार्य का विवरण : गोरखपुर छावनी—लखनऊ जंक्शनः— रिले/आईपीएस/एसएम कक्ष के लिए TAN 3006 संस्करण 3.0 के अनुसार रिंग अर्थ और बाड़ लगाने के प्रावधान के लिए शेष कार्य।, अनुमानित लागत : ₹3,52,09,384.88, बयाना राशि : ₹3,26,100.00, निविदा प्रपत्र का मूल्य : रू. 00.00, कार्य समापन अवधि: 06 माह, (1) निविदाओं के बन्द होने की अंतिम तिथि एवं समय : **03.03.2026 को 15.00 बजे। नोटः—** इस निविदा के विरुद्ध मैनुअल आफर स्वीकार नहीं किया जायेगा। ऐसे प्राप्त मैनुअल आफर को उपेक्षित कर दिया जायेगा। विस्तृत विवरण व निविदा जमा करने हेतु, कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** को देखें।
वमसिदूई / पूउरे / लखनऊ
मुजाधि / सिगनल - 99
गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

# महज एक घंटे में बुजुर्ग महिला की वरासत समस्या का समाधान लिपिकीय त्रुटि सुधारकर डीएम ने खुद सौंपी खतौनी

जन एक्सप्रेस। जौनपुर

लिपिकीय त्रुटि के कारण महीनों से वरासत दर्ज कराने के लिए भटक रही 82 वर्षीय बुजुर्ग महिला की समस्या का समाधान आखिरकार महज एक घंटे में हो गया। जनसुनवाई के दौरान मामला संज्ञान में आते ही जिलाधिकारी डॉ0दिनेश चन्द्र ने तत्परता दिखाते हुए न सिर्फ संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए, बल्कि स्वयं फरियादी को खतौनी उपलब्ध कराकर प्रशासन की संवेदनशीलता का उदाहरण पेश किया। मामला तहसील केराकत के ग्राम पंचायत रामपुर निवासी श्यामदुलारी 82 से जुड़ा है। उन्होंने जनसुनवाई में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि पति की मृत्यु के बाद लिपिकीय त्रुटियों के चलते वरासत दर्ज नहीं हो पा रही है, जिससे उन्हें भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी केराकत और तहसीलदार को तत्काल अन्य अभिलेखों के आधार पर त्रुटि सुधार के निर्देश दिए। निर्देश मिलते ही राजस्व अभिलेखों की जांच कर लिपिकीय त्रुटि को दुरुस्त किया गया और महज एक घंटे के भीतर वरासत दर्ज कर खतौनी तैयार कर दी गई। बुधवार को जिलाधिकारी ने जनसुनवाई कक्ष में श्यामदुलारी को स्वयं खतौनी सौंपी। ठंड को देखते हुए उन्होंने बुजुर्ग महिला को कंबल और जूते भी प्रदान किए। इस मानवीय पहल से भावुक हुई श्यामदुलारी ने जिलाधिकारी को आशीर्वाद देते हुए शासन-प्रशासन के प्रति आभार जताया। इस अवसर पर जिलाधिकारी डॉ0दिनेश चन्द्र ने बताया कि श्यामदुलारी जी कई महीनों से वरासत के लिए प्रयास कर रही थीं।

### आयोग की सदस्य ने की जन सुनवाई

जन एक्सप्रेस। सीतापुर। उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य सुजीता कुमारी की सदर तहसील सभागार में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में उपस्थित हुईं, जिसमें 19 शिकायतें प्राप्त हुयीं। उन्होंने जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों से आईं महिलाओं की समस्याएं सुनीं और उन्हें आश्वस्त किया कि हर पीड़ित महिला को न्याय दिलाना महिला आयोग की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सदस्य ने शिकायतकर्ता महिला को कम्बल देते हुये आर्थिक सहायता प्रदान की।

सूचना

मेरी हाई स्कूल वर्ष- 2015 (रोल नम्बर- 3002056) व इन्टरमिडिएट वर्ष -2018 (रोल नम्बर- 2545826) की मार्कशीट मूलरूप में दिनांक 14/11/2025 को पट्टीनरेन्द्रपुर में गुम हो गई है। काफी खोजने का प्रयास किया लेकिन वह नहीं मिली। मार्कशीट गुमशुदगी की सूचना पुलिस को दी जा चुकी है।

-आशिया खान
पुत्री श्री असलम खान
पता छीतम पट्टी, सुइथाकला, जौनपुर।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से कार सवार महिला सहित दो युवक की दर्दनाक मौत

जन एक्सप्रेस। गोला गोकर्णनाथ खीरी



कोतवाली गोला क्षेत्र के जलालपुर डगरा मोड पर अज्ञात वाहन से चार पहिया वाहन से जोरदार टक्कर से चार पहिया वाहन सवार दो युवक एक महिला की मौत एक गम्भीर घायल एक बच्ची और युवक सुरक्षित बहुत दर्द नाक सड़क हादसा स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना पर पहुंची गोला पुलिस जिसमें घायल लोगों को आनन फानन में सीएचसी गोला एम्बुलेंस भेजा गया। जहां पर चिकित्सक द्वारा दो युवकों और एक महिला को मृतक घोषित कर दिया गया है मृतक सुनील सिंह पुत्र बिंद्रा सिंह उम्र 30 वर्ष निवासी धर्मकुंडा थाना रामगाव जनपद बहराइच, सुधा सिंह पत्नी सुनील सिंह निवासी धर्मकुंडा थाना रामगाव जनपद बहराइच, उम्र 27 वर्ष। सन्तोष सिंह पुत्र रमेश सिंह उम्र 30 बर्ष, घायल मुकेश सिंह पुत्र रमेश सिंह उम्र 25 वर्ष मृतक सन्तोष और मुकेश दोनों सगे भाई थे निवासी बहराइच मुकेश गम्भीर हालत देखते हुए गोला सीएचसी से बेहतर उपचार हेतु पुलिस की देखरेख में जिला अस्पताल लखीमपुर खीरी रेफर किया गया। जिला अस्पताल से भी चिकित्सक ने नाजुक हालत देखते हुए लखनऊ रेफर किया। परवेश सिंह पुत्र अजय पाल सिंह उम्र 25 वर्ष निवासी गरेथी थाना हल्दी जिला बहराइच व एक बच्ची मानवी पुत्री सुनील सिंह उम्र करीब 3 वर्ष निवासी धर्मकुंडा थाना रामगाव जनपद बहराइच दोनों सुरक्षित/ स्वस्थ है। व गाड़ी चालक जो गाड़ी में फंसा हुआ था तत्काल गाड़ी से निकाला गया जिसका नाम संतोष सिंह पुत्र रमेश सिंह उम्र 30 वर्ष निवासी धर्मकुंडा थाना रामगाव जनपद बहराइच जिला बहराइच को भी तत्काल सीएचसी गोला उपचार हेतु लाया गया जहां डॉथ द्वारा संतोष उपरोक्त को भी मृत घोषित करा दिया गया। पुलिस ने शवों का पंचनामा भरकर कर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। गाड़ी पर सवार कुल 6 व्यक्ति एक ही परिवार के हैं जो दिल्ली राजौरी गार्डन में रहते हैं वहां से घायल मुकेश के तिलक के कार्यक्रम में दिल्ली से बहराइच जा रहे थे। यह घटना लगभग सुबह 8बजे की है। उस समय कोहरा भी अत्यधिक पड़ रहा था। कोहरे के कारण यह दर्दनाक घटना घटित हुई। सभी के घर पर सूचना कर दी गई है। क्षेत्राधिकारी रमेश तिवारी ने बताया कार में 6 लोग सवार थे जिन्हें गैस कटर से काटकर निकाला गया ।सभी 6 लोग थे जो कि एक ही परिवार के थे है।

जिसमे दो सगे भाई थे। जिसमे मृतक में चालक, बहन बहनोई थे। परिजन गोला पहुंचकर परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों का रो रो के बुरा हाल था। इस मौके पर क्षेत्राधिकारी रमेश कुमार तिवारी, नयाब तहसीलदार भीम सिंह, प्रभारी निरीक्षक अम्बर सिंह, सहित तमाम पुलिस बल मौजूद रहा। अज्ञात वाहन की जांच पड़ताल में जुटा प्रशासन।

## विकास भवन में सीडीओ अभिषेक कुमार का औचक निरीक्षण- दो दर्जन मिले अनुपस्थित



जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी

विकास भवन में सीडीओ अभिषेक कुमार का औचक निरीक्षण- दो दर्जन मिले अनुपस्थित बताते चलें अनुपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों की काटी एक दिन की वेतन- मचा हड़कंप सीडीओ अभिषेक कुमार ने विकास भवन का औचक निरीक्षण में 03 अधिकारी और 24 कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए। सभी के लिए बायोमेट्रिक उपस्थिति अनिवार्य। अवकाश प्रार्थना पत्र मानव सम्पदा पोर्टल पर प्रातः 10 बजे तक दर्ज करना जरूरी। लापरवाही करने पर सख्त कार्रवाई। सीडीओ का संदेश- अब कोई ढील नहीं! अनुशासन और समयपालन अनिवार्य।

# आईसीएआर-एनबीएफजीआर की पहल से महिलाओं में सूक्ष्म उद्यमिता को नई उड़ान



जन एक्सप्रेस। झांसी

ग्रामीण महिलाओं की आजीविका संवर्धन और सूक्ष्म उद्यमिता को बढ़ावा देने की दिशा में आईसीएआर-राष्ट्रीय मत्स्य आनुवंशिक संसाधन ब्यूरो (एनबीएफजीआर) द्वारा सराहनीय पहल की जा रही है। एससीएसपी घटक के अंतर्गत मिशन नवशक्ति कार्यक्रम के तहत महिलाओं को पारंपरिक जरी-जरदोजी (जीआई टैग प्राप्त कढ़ाई शिल्प) पर आधारित मछली रूपांकन 'मत्स्यकृतिका' के डिजाइन और विकास की सुविधा प्रदान की गई है।

इस विशिष्ट मछली रूपांकन को महिलाओं के नेतृत्व वाले स्वयं सहायता समूह ओम नमः शिवाय द्वारा डिजाइन किया गया है। यह पहल पारंपरिक कारीगरी ज्ञान और मत्स्य पालन आधारित शिल्प के सफल अभिसरण को दर्शाती है, जिससे ग्रामीण महिलाओं के लिए कौशल विकास, आय सृजन और बाजारोन्मुख उत्पादों के निर्माण के नए अवसर सृजित हो रहे हैं।

मंगलवार को रानी लक्ष्मी बाई केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, झांसी में आयोजित एक समारोह के दौरान इंटरनेशनल क्रॉप्स रिसर्च इंस्टिट्यूट फॉर सेमी एरिड ट्रॉपिक्स (इक्रीसैट) के महानिदेशक हिमांशु पाठक ने इस 'मत्स्यकृतिका' रूपांकन का लोकार्पण किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति ए. के. सिंह तथा आईसीएआर-एनबीएफजीआर की निदेशक काजल चक्रवर्ती भी उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम में आईसीएआर-एनबीएफजीआर के वैज्ञानिक एवं तकनीकी अधिकारी पूनम जयंत सिंह, एल. के. त्यागी, संतोष कुमार, रवि कुमार,

विकास साहू और रंजन सिंह की भी सक्रिय सहभागिता रही।

यह पहल महिला स्वयं सहायता समूहों को आत्मनिर्भर बनाने, पारंपरिक कला को संरक्षित करने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

# राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज के प्राचार्य पर चोरी से पेड़ काट लेने का आरोप

## वन विभाग ने कार्रवाई शुरू की



जन एक्सप्रेस। मोहम्मदी खीरी

राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज परिसर में खड़े कीमती पेड़ों को चोरी से काट ले जाने का प्रधानाचार्य पर आरोप लगते ही हड़कंप मच गया जांच को पहुंची वन विभाग की टीम और मीडिया कर्मियों को परिसर में घुसने से रोक दिया जिससे मामला तूल पड़ गया घटना की सूचना उच्च अधिकारियों को दी गई रेंजर के कड़े रुख के चलते काफी समय बाद वन विभाग की टीम परिसर में जाने की अनुमति मिली मामला देख टीम के होश उड़ गए कीमती पेड़ काटे जा चुके थे अधिकारियों ने मौके से बरामद लकड़ी को कॉलेज के सुरक्षा अधिकारी की अभिरक्षा में देकर कार्रवाई शुरू की है।

राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में गुरुवार को सूचना पर पहुंचे वन विभाग के अधिकारी वन दरोगा अखिलेश सिंह, उप क्षेत्र वन अधिकारी मित्र पाल सिंह तोमर अपनी टीम के साथ जांच को पहुंचे तभी प्राचार्य प्रवेश वर्मा ने उनसे आइडेंटी कार्ड की मांग कर दी जिससे मामला तूल पकड़ गया उन्होंने रेन्जर निर्भय प्रताप शाही को घटना की जानकारी दी उनके आदेश के बाद भी टीम को दाखिल नहीं होने दिया जिस पर उन्होंने मामले की जानकारी डीएफओ ,सी ओ अरुण कुमार सिंह, और एसडीएम को दी है। अधिकारियों के कड़े रुख अख्तियार करने पर टीम ने परिसर में दाखिल होकर मामला देख उनके होश उड़ गए मौके से बरामद लकड़ी को रसायन विभाग के प्रवक्ता सुरक्षा अधिकारी भूपेंद्र कुमार सिंह की अभिरक्षा मे दी गई है। डिप्टी रेंजर मो उमर और वन दरोगा अखिलेश सिंह ने मौके से 15 पेड़ सागौन,1 पेड़ शीशम, 3 पेड़ चांदनी,4 पेड़ अमरूद, और पांच पेड़ बकैना प्रजाति के कटे पेड़ों के अवशेष मौके से बरामद हुए हैं बरामदगी का एक प्रपत्र प्रधानाचार्य को रिसीव कराया गया है। मामले की सूचना शिक्षा विभाग के अधिकारियों को भी दी गई है। रेंजर निर्भय प्रताप शाही ने बताया मामले की जानकारी मिलते ही उच्च अधिकारियों को बताया गया है विधिक कार्रवाई की जा रही है। करवाई होते देखा गिड़गिड़ाने लगे प्रधानाचार्य वन अधिकारियों को कानून का पाठ पढ़ाने लगे जिससे उन्हें कार्रवाई के लिए प्रवेश की अनुमति नहीं दी उच्च अधिकारियों की फटकार लगाते ही गिड़गिड़ाने लगे हैं।

# तेंदुए ने बकरी पर किया हमला



जन एक्सप्रेस। निघासन खीरी

> तेंदुआ की दस्तक से ग्रामीणों में दहशत, वन विभाग से मुआवजे और पेट्रोलिंग की मांग

कोतवाली तिकुनियां क्षेत्र स्थित ग्राम पंचायत कड़ियां में बीती रात एक तेंदुए ने घर में घुसकर पालतू बकरी पर हमला कर दिया। हमले में बकरी की गर्दन कटने से उसकी मौत हो गई। घटना के बाद से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है और उन्होंने वन विभाग से मुआवजे की मांग की है।ग्राम कड़ियां किशन नगर निवासी भिफ्फू ने बताया कि रात करीब दो बजे उनके घर में बंधी बकरियों के चिल्लाने की आवाज सुनाई दी। जब उन्होंने देखा तो एक तेंदुआ बकरी को उठाकर ले जा रहा था। भिफ्फू के शोर मचाने पर अन्य ग्रामीण भी इकट्ठा हो गए, जिसके बाद तेंदुआ बकरी को छोड़कर जंगल की ओर भाग गया। इस घटना से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि वन विभाग की उदासीनता के कारण तेंदुए का आतंक बढ़ रहा है। उन्होंने वन विभाग से गांव के आसपास तेंदुए की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए कैमरे लगाने और रात में संवेदनशील रास्तों पर गश्त (पेट्रोलिंग) करने की मांग की है।सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। डिप्टी रेंजर हरी लाल ने अपनी टीम के साथ घटनास्थल का जायजा लिया। उन्होंने पंजों के निशान देखकर तेंदुए के हमले की पुष्टि की। वन विभाग ने मृत बकरी का पोस्टमार्टम कराने और पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा देने का आश्वासन दिया, जिसके बाद ग्रामीण शांत हुए।

# मुख्यमंत्री से भेट कर डीएम खीरी ने जनपद में चल रहे विकास कार्यों की प्रगति से अवगत कराया

## गोला गोकर्णनाथ धाम की शिवलिंग प्रतिमा भेंट की

जन एक्सप्रेस। सुनहरा



**मुख्य बिंदु**

- मिशन मैदान- जिले के 1,000 प्राथमिक विद्यालयों में खेल के मैदानों का निर्माण कर 12त्न उपस्थिति बढ़ाई गई।
- बाढ़ राहत- सीएम के निर्देश पर बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में 5,000 सीएसआर (ष्टस्क्र) स्पेशल किट का वितरण।
- अवैध कब्ज़ा- नेपाल सीमा से सटे इलाकों में बुलडोजर चलाकर अवैध अतिक्रमण पर कड़ी कार्रवाई।
- शिक्षा व विकास- डीएम खीरी की पाठशाला के तहत 9,000 लड़कियों के लिए विशेष कार्यक्रम।

**लखीमपुर खीरी।** डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी से भेंट कर लखीमपुर खीरी में चल रहे विकास कार्यों की प्रगति से अवगत कराया और महत्वपूर्ण विषयों पर मार्गदर्शन प्राप्त किया।जनपद की ओर से गोला गोकर्णनाथ धाम की शिवलिंग प्रतिमा भेंट की।गौरतलब है कि जिला अधिकारी खीरी दुर्गा शक्ति नागपाल ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर जिले में चल रहे विकास कार्यों, जैसे मिशन मैदान (स्कूलों में खेल के मैदान) और बाढ़ राहत कार्यों (सीएसआर स्पेशल किट वितरण) की रिपोर्ट साझा की है। उन्होंने सीएम के निर्देशों के अनुरूप अवैध कब्बों के खिलाफ चल रही कार्रवाई और जन कल्याणकारी योजनाओं की जमीनी स्थिति पर चर्चा की। इन मुलाकातों के माध्यम से डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने लखीमपुर खीरी में कानून व्यवस्था और प्रशासनिक सुधारों में सीएम योगी की प्राथमिकताओं को लागू करने की प्रतिबद्धता जताई है।

## रात में सड़कों पर उतरे ष्टष्ठह्र, राजापुर से लालपुर तक मिली अंधेरी सड़के

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी। गुरुवार को ठंड और कोहरे के बीच सड़क पर निकलकर जन सुरक्षा सुनिश्चित करने वाले सीडीओ अभिषेक कुमार ने राजापुर-छाउछ आरओबी से लालपुर तक सड़क मार्ग का रात में औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान ज्यादातर स्ट्रीट लाइटें बंद पाई गईं, जिस पर सीडीओ ने एनएच अधिशासी अभियंता शुभ नारायण को जमकर फटकार लगाई और सभी लाइट तुरंत चालू कराने के सख्त आदेश दिए।सीडीओ ने स्पष्ट निर्देश दिए कि अब सड़कें अंधेरे और कोहरे में लोगों के लिए खतरे का कारण नहीं बनेंगी। उन्होंने भविष्य की तैयारियों पर भी जोर देते हुए कहा कि राजापुर चौराहे से नहर पटरी तक फोरलेन मार्ग पर समुचित प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। पीडब्ल्यूडी को प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश देते हुए सीडीओ ने कहा कि अब सड़कें सिर्फ गाड़ी चलाने का माध्यम नहीं, बल्कि जनता की सुरक्षा का पैमाना होंगी। रात की इस कार्रवाई ने दिखा दिया कि सीडीओ अभिषेक कुमार जन सुरक्षा के मामले में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं करेंगे।

# गंगाघाट पुलिस ने किया तीन दिनों में चोरी की वारदात का खुलासा किया



जन एक्सप्रेस। उन्नाव

नगर कोतवाली गंगाघाट क्षेत्र के चम्पापुरवा पश्चिमी चौकी मोहल्ला मन्सुख खेड़ा में 2 फरवरी 2026 को हुई चोरी की वारदात का गंगाघाट कोतवाली पुलिस ने आज तीसरे दिन चोरी का खुलासा करते हुए बताया की सेल्स का काम करने वाले जय कुमार ठाकुर पुत्र स्व मंगनू ठाकुर की पत्नी द्वारा ताला लगा कर शाम 7 बजे मायके जाने के बाद जब 8 बजे घर लौटी तो घर का ताला टूटा और अलमारी का समान बिखरा हुआ पाया और सोने व चांदी के जेवरात गायब थे घर रात 7 बजे से 8 बजे के बीच हुई चोरी की वारदात में तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर माल बरामद कर लिया है गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान सूरज पुत्र जगन्नाथ, विकास पुत्र अंगनू, करन पुत्र बबुआ के रूप में हुई है ट्रांस गंगा सिटी के पास से गिरफ्तार कर मरामद माल 2.5900 रूपये नगद एक अंगूठी एक गले की चेन घूँघरू 2 नाक की कील के साथ जेल भेजा गया वही एक अभियुक्त मटरू फरार है और माल खरीदने वाला सुनार पोनी रोड गुप्ता मार्केट के सामने स्थित दुकान बन्द कर परिवार समेत फरार है कोतवाली प्रभारी अजय कुमार सिंह के नेतृत्व में चौकी प्रभारी पश्चिमी राजेन्द्र सिंह चौहान व कोतवाली गंगाघाट पुलिस को जिनकी तलाश में है जल्द ही गिरफ्तार कर घटना का पटाक्षेप किया जायेगा।

# सरकारी बंजर भूमि पर कब्जा कर प्लाटिंग कर रहे भूमाफिया



जन एक्सप्रेस। उन्नाव

नगर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कटहा दल नारायन के मौजा कुशाल खेड़ा में भूमि संख्या 162 जो की बंजर दर्ज है जिसपर भूमाफियाओ द्वारा कब्ज़ा कर प्लाटिंग की जा रही थी पूर्व में भी लेखपाल द्वारा नाप जोख कर प्लाटिंग कर रहे लोगो को आगाह किया था उसके बावजूद निरंतर कार्य जारी रहा जिसकी लेखपाल आशु कुमार श्रीवास्तव फत्तेपुर द्वारा भूमि नापजोख कर भूमि का सीमांकन कर सरकारी बंजर दर्ज भूमि निकली गई और ग्राम प्रधान दीपचंद्र निषाद को बेरीकेटिंग कराने के लिए चिन्हित कराया गया जबकि उक्त प्लाटिंग कृषिक भूमि है जिसपर 80 धारा की कार्यवाही भी नही कराई गई और ना ही प्लाटिंग का नक्शा अप्रूव कराया गया भूमाफियाओ द्वारा अवैध तरीके से भूमि की बिक्री की जा रही जब की उसी स्थान पर भूमि संख्या भूमि संख्या 161,159 भी सरकारी दर्ज है मौके पर पूर्व प्रधान के साथ गांव के साभ्रान्त व्यक्तियो की मौजूदगी में भूमि की नाप जोख व चिन्हाकन कराया गया।

# उन्नाव जनपद में समाजिक संस्थान को मिली अगल पहचान, बुजुर्गों की आंखों का दीपक पुत्तन लाल पाल

जन एक्सप्रेस। उन्नाव



सामाजिक संस्था नवयुग जन चेतना सेवा संस्थान द्वारा विकास खण्ड हसनगंज के ग्राम भिखारी खेड़ा में विगत 3 फ़रवरी को आयोजित हुए निःशुल्क पन्द्रहवें मोतियाबिन्द आई कैम्प में मोतियाबिन्द के पाए गए 112 मरीजों को साईं आई हॉस्पिटल उन्नाव में भर्ती कराया गया जिनमे से तीन मरीजों का रक्तचाप अधिक हो जाने के कारण मोतियाबिन्द का आपरेशन नहीं हो सका शेष 119 मरीजों को फेको विधि से लेंस डालकर मोतियाबिन्द का आपरेशन संस्था द्वारा नि- शुल्क कराने के बाद संस्था अध्यक्ष पुत्तन लाल पाल और अस्पताल के डॉ राम ने निःशुल्क चश्मा पहनाकर और दवा वितरित कर अस्पताल से सकुशल विदा किया। नेत्र ज्योति पाकर बुजुर्गों के चेहरे जहाँ खिलखिला उठे वहीं सभी के मुख से दुआ के स्वर एक साथ निकले जुग जुग जियो बेटवा पुत्तन लाल पाल दुआ के स्वर सुन कर पुत्तन लाल पाल ने भावुक स्वर में कहा कि जब तक मेरा जीवन रहेगा तब तक ये निःशुल्क आई कैम्प अनवरत होता रहेगा। नेत्र ज्योति पाने वालों में गुड्डी रज्जो देवी सरिता रावत प्रेमा चंदाना रावत सुखलाल पाल विशेश्वर यादव बिहारी लाल शर्मा माधुरी रामरती फूल दुलारी जनक दुलारी के अलावा सुदूर क्षेत्रों पिपरसन लखनऊ भौली बगहरी नारायणपुर कोडरा रैनापुर बरौना ताला सराय टीकर गढ़ी सफीपुर विधान सभा के धाऊकल खेड़ा ओगरा पुर मरोचा परेंदा रावतपुर सरौहा नाना मऊ गौसपुर नेटरा के साथ साथ भारत खेड़ा मदनापुर लखौरा भारत खेड़ा हुलास खेड़ा उधवा खेड़ा दोस्ती नगर लखनापुर सधीरा गजफ़्फ़र नगर लालपुर करसेमऊ आदि सैकड़ो गांवो के मरीजों ने इस आई कैम्प में नेत्र ज्योति पायी। उक्त जानकारी देते हुए संस्था के संस्थापक पुत्तन लाल पाल ने बताया कि आगामी रविवार 8 फ़रवरी को सभी मरीज पुन- ग्राम भिखारी खेड़ा आयेंगे जहाँ अस्पताल के डाक्टरों को गांव में ही बुलाकर सभी की आंखों की नेत्र ज्योति का परीक्षण किया जाएगा ताकि किसी मरीज को किसी प्रकार की समस्या भविष्य में न हो। आपरेशन होने के बाद चश्मा मिला तो संस्थान की सराहना की व संस्था के संस्थापक को आशीर्वाद दिया।

# प्रख्यात गीतकार संतोष आनंद और आईपीएस नवनीत सिकेरा सहित ब्रज की 12 विभूतियों को मिलेगा 'ब्रज रत्न अवार्ड'

- ट्रॉफी के अनावरण के साथ हुई अवार्डीज के नामों की उद्घोषणा
- बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान और केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल करेंगे शिरकत

जन एक्सप्रेस । आगरा



इनक्रेडिबल इंडिया फाउंडेशन द्वारा आयोजित किए जा रहे 'ब्रज रत्न अवार्ड' के 9वें संस्करण में ब्रज मंडल की उन विशिष्ट विभूतियों को सम्मानित किया जाएगा, जिन्होंने अपनी प्रतिभा, परिश्रम और समर्पण के बल पर समाज, कला, संस्कृति और राष्ट्र को गौरवान्वित किया है।

कला, साहित्य, संस्कृति, संगीत, अभिनय, खेल और समाजसेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाली ब्रज की 12 विभूतियों को इस प्रतिष्ठित सम्मान से अलंकृत किया जाएगा। समारोह के मुख्य अतिथि बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान तथा विशिष्ट अतिथि केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल चयनित अवार्डियों को सम्मानित करेंगे।

गुरुवार को होटल लेमन ट्री, आगरा में आयोजित उद्घोषणा समारोह में चयनित अवार्डियों के नामों की घोषणा के साथ-साथ 'ब्रज रत्न अवार्ड' की ट्रॉफी का विधिवत अनावरण भी किया गया। ट्रॉफी का अनावरण इनक्रेडिबल इंडिया फाउंडेशन के चेयरमैन पूरन डावर, सलाहकार समिति के चेयरमैन स्क्वाड्रन लीडर ए.के. सिंह, फाउंडेशन के वाइस चेयरमैन राजेश गर्ग, डॉ. सुशील गुप्ता, एसबीआई के एजीएम पुनीत शर्मा, डॉ. अशोक शर्मा, राममोहन कपूर, शकुन बंसल एवं राजीव वासन द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।

### ब्रज के सितारों से नई पीढ़ी ले प्रेरणा

इस अवसर पर फाउंडेशन के चेयरमैन पूरन डावर ने कहा कि ब्रज की उन विभूतियों को सम्मानित करना, जिन्होंने अपने कार्य से समाज में सकारात्मक बदलाव लाया है, 'ब्रज रत्न अवार्ड' का मूल उद्देश्य है। उन्होंने बताया कि अवार्ड का 9वां संस्करण आगामी 12 फरवरी को होटल जेपी पैलेस कन्वेंशन सेंटर, आगरा में आयोजित किया जाएगा।

### 9 श्रेणियों में प्रदान किया जाता है अवार्ड

सलाहकार समिति के चेयरमैन स्क्वाड्रन लीडर ए.के. सिंह ने बताया कि वर्ष 2016 से ब्रज मंडल की विशिष्ट प्रतिभाओं को 9 विभिन्न श्रेणियों में यह सम्मान प्रदान किया जा रहा है। इनमें आध्यात्म एवं दर्शन, साहित्य, खेल, संगीत, अभिनय, गायन एवं नृत्य जैसी विधाएं शामिल हैं।

चयन प्रक्रिया लगभग तीन दर्जन सदस्यों की निर्णायक मंडल द्वारा पूरी पारदर्शिता के साथ संपन्न की जाती है। फाउंडेशन के वाइस चेयरमैन राजेश गर्ग ने बताया कि इस वर्ष प्रख्यात गीतकार संतोष आनंद, पद्मश्री गौसेवक फ्रेडरिक इरिना ब्रूनिंग, हिंदी सिनेमा के प्रसिद्ध गीतकार स्व. शैलेन्द्र कुमार, फिल्म एवं टीवी अभिनेता पंकज कालरा, आईपीएस अधिकारी नवनीत सिकेरा, गायक हेमंत बृजवासी सहित कुल 12 विभूतियों को विभिन्न श्रेणियों में सम्मानित किया जाएगा। डॉ. सुशील गुप्ता ने कहा कि बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान एवं केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल की गरिमामयी उपस्थिति समारोह को विशेष ऊँचाई प्रदान करेगी और चयनित अवार्डियों का मनोबल बढ़ाएगी।

**इनको किया जाएगा अलंकृत**

**राष्ट्र गौरव सम्मान**
- पद्मश्री फ्रेडरिक इरिना ब्रूनिंग - गौसेवक
- आईपीएस नवनीत सिकेरा - उत्तर प्रदेश पुलिस सेवा

**अमरत्व सम्मान**
- स्व. श्री शैलेन्द्र कुमार - हिंदी सिनेमा के प्रसिद्ध गीतकार

**ब्रज रत्न अवार्ड**
- संतोष आनंद - प्रख्यात गीतकार
- पंकज कालरा - फिल्म एवं टीवी अभिनेता
- हेमंत बृजवासी - गायक
- डॉ. (ब्रिगेडियर) अमरजीत सिंह - चिकित्सक, शिक्षक एवं पूर्व सैन्य अधिकारी
- प्रो. डॉ. शशि तिवारी - साहित्यकार एवं कवयित्री
- डॉ. नीलू शर्मा - कथक नृत्यांगना एवं तबला वादन
- सोनिया शर्मा - पैराशूटर

**ब्रज श्री सम्मान**
- भगवताचार्य पं. मृदुलकांत शास्त्री

**ब्रज विशिष्ट सम्मान**
- डॉ. आर. सी. मिश्रा, वरिष्ठ न्यूरोसर्जन

### मुख्य रूप से रहे मौजूद

कार्यक्रम का संचालन डॉ. तरुण शर्मा ने किया इस दौरान इनक्रेडिबल इंडिया फाउंडेशन के महासचिव अजय शर्मा, संयोजक ब्रजेश शर्मा, डीजीसी अशोक चौबे, कवि पवन आगरी, रंजीत सामा, डॉ. कैलाश सारस्वत, डॉ. सुरेंद्र सिंह भगौर, डॉ. अरुण शर्मा, रिंकेश अग्रवाल, सचिन शंकर, मोहित जैन, योगेश गोयल, डॉ. एमपीएस वर्ल्ड स्कूल की प्रिंसिपल राखी जैन, काव्या सिंह, डॉ. विक्रांत शास्त्री, डॉ. एके गोयल, आदर्श नंदन गुप्ता, डॉ. महेश धाकड़, अविनाश वर्मा प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# 'किसानों के हित पूरी तरह से सुरक्षित'

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**



भारत और अमेरिका के बीच लंबे समय के अटके व्यापार समझौते पर सहमति बन गई है। राष्ट्रपति ट्रंप ने पीएम मोदी से फोन पर बातचीत के बाद इसकी घोषणा की। हालांकि विपक्ष लगातार ट्रेड डील पर सवाल उठा रहा है कि कृषि क्षेत्र को खोलने से 'किसानों की सुरक्षा' कैसे सुनिश्चित होगी। जिस पर अब कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान का बयान आया है।

## भारतीय किसानों के हित पूरी तरह से सुरक्षित: कृषि मंत्री

न्यूज एजेंसी एएनआई से बातचीत में भारत-अमेरिका व्यापार समझौते के बारे में अमेरिकी ट्रेजरी सेक्रेटरी स्कॉट बेसेंट के एक्स पोस्ट पर कहा कि, 'हमारे मंत्री पीयूष गोयल ने भी संसद में सारी स्थिति स्पष्ट कर दी है। मैं फिर दोहराता हूं कि भारतीय किसानों के हित पूरी तरह से सुरक्षित हैं। चाहे वे छोटे किसान हों या बड़े किसान, हमारे सभी कृषि उत्पाद सुरक्षित रहेंगे। ऐसी किसी भी चीज के लिए बाजार नहीं खोला गया है।' वहीं भारत के कृषि क्षेत्र, खासकर किसानों पर अमेरिका-भारत व्यापार समझौते के असर के बारे में शिवराज सिंह चौहान ने आगे कहा, 'यह व्यापार समझौता कूटनीति, विकास और सम्मान का एक नया उदाहरण है। हम विवाद नहीं, संतुलित संवाद में विश्वास करते हैं। किसानों के हितों की पूरी तरह से संरक्षित किया गया है। किसानों के हित पूरी तरह से सुरक्षित हैं।

## विपक्ष पर गलत सूचना फैलाने का आरोप

उन्होंने आगे कहा कि, 'हमारे मुख्य अनाज, फल, प्रमुख फसलें और बाजरा सब सुरक्षित हैं। डेयरी उत्पाद सुरक्षित हैं। कृषि मंत्री ने कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए उन पर गलत सूचना फैलाने और 'अंध विरोध' करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि अनिश्चितता और अव्यवस्था का माहौल बनाने के लिए अफवाहें फैलाई गईं। कृषि मंत्री ने अपने बयान में कहा कि कांग्रेस और विपक्ष निराश हैं। मानसिक रूप से परेशान हैं। वे मैदान मुकाबला नहीं कर सकते। इसलिए अंधाधुंध विरोध कर रहे हैं। वे अफवाहें फैलाकर अराजकता का माहौल पैदा करना चाहते हैं।

### राहुल गांधी-बिट्टू विवाद पर बोले शिवराज

वहीं संसद के मकर द्वार पर एक दिन पहले यानी बुधवार (04 फरवरी) को हुई राहुल गांधी और केंद्रीय मंत्री के बीच हुई नोकझोंक पर कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा, 'आज मेरा मन दर्द और पीड़ा से भरा हुआ है। मैं यह देखकर हैरान हूं कि नेता प्रतिपक्ष (राहुल गांधी) एक मंत्री को 'गद्दार' कह रहे हैं। ऐसे तुच्छे टिप्पणी कर रहे हैं। वे पीएम के पद का अपमान कर रहे हैं। ये 'छिछोरापन' है। राहुल गांधी और कांग्रेस ने लोकतंत्र को कलंकित करने का काम है। देश सब देख रहा है। जब भी कांग्रेस ने पीएम का अपमान किया है, जनता ने हमेशा उन्हें सबक सिखाया है। कांग्रेस कहां तक गिरेगी?'

राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस, महाशिवरात्रि व रंगों का पर्व होली की हार्दिक शुभकामनाएं।
दिनेश पासवान (ग्राम विकास अधिकारी) ब्लाक-रतनपुर नौतनवाँ, जनपद-महराजगंज

राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस, महाशिवरात्रि व रंगों का पर्व होली की हार्दिक शुभकामनाएं।
जय हिन्द
वेदप्रकाश शुक्ल (पनियरा ब्लाक प्रमुख) एवं अध्यक्ष प्रमुख संघ-महराजगंज

राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस, महाशिवरात्रि व रंगों का पर्व होली की हार्दिक शुभकामनाएं।
रविन्द्र कुमार गुप्ता (प्रधानाचार्य) सुभागी देवी इण्टर कालेज एवं एस.डी.एस. विद्यापीठ, इलाहाबाद पनियरा-महराजगंज
अमरनाथ वर्मा (प्रधानाध्यापक) एस.डी.एस. विद्यापीठ, इलाहाबाद पनियरा-महराजगंज

कार्यालय नगर पंचायत पनियरा जनपद-महराजगंज
स्वच्छ भारत — एक कदम स्वच्छता की ओर
26 जनवरी 2026 गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर समस्त नगरवासियो को हार्दिक शुभकामनाए
नगर पंचायत पनियरा जनपद-महराजगंज दिन प्रतिदिन प्रगति के पथ पर अग्रसर
न रहें गंदगी,न खुले में शौच,स्वच्छ होगा भारत स्वच्छ होगे हम सब लोग
ज्ञानेन्द्र सिंह विधायक-पनियरा
सन्तोष कुमार शर्मा जिलाधिकारी,महराजगंज
प्रशांत कुमार अपर जिलाधिकारी, महराजगंज
अवनीश यादव अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत पनियरा, महराजगंज
* नगर पंचायत पनियरा में समस्त दुकानदार भाईयों, ठेला, फेरी विक्रेता एवं नगर में निवास कर रहे सम्मानित जनता से अनुरोध है कि कूड़े हेतु कूडेदान का प्रयोग करें।
* सभी प्रकार के प्लास्टिक, थर्माकोल के बैग, गिलास,प्लेट,थाली आदि प्रतिबंधित कर दिये गये है। इसका विक्रय व उपयोग वर्जित है।
* सफाईकर्मी के आने से पूर्व ही अपने घरो का कूड़ा आदि निर्धारित स्थान पर ही डालें, ताकि सफाई कार्य में सहयोग मिल सके। सड़कों, नालियों एंव रास्तों पर कूड़ा-करकट न डालें।
* भवन निर्माण से पूर्व भवन के मानचित्र की एन०ओ०सी० कराना सुनिश्चित करें।
* जन्म-मृत्यु का पंजीकरण कार्यालय मे 21 दिन के अन्दर (जन्म/मृत्यु के दिनांक से) अवश्य करायें।
* शासन द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक/पालीथिन का उपयोग प्रतिबंधित है। जनहित में इसका उपयोग न करें।
* शादी-विवाह या किसी भी शुभ अवसर पर मोबाइल शौचालय का प्रयोग करें।
* नगर के सड़को एवं नालियों पर अतिक्रमण न करें।
* जल ही जीवन है, उसे बर्बाद एंव दूषित न करें।
* नगर मे निर्मित सामुदायिक शौचालयों, सार्वजनिक शौचालयों,/यूरिनल निर्मित पिंक शौचालय का सदैव प्रयोग करें।
उमेश चन्द्र जायसवाल अध्यक्ष नगर पंचायत पनियरा, महराजगंज
शर्मिला देवी सदस्य-वार्ड नं.1 | सुनील सदस्य-वार्ड नं.2 | राधिका सदस्य-वार्ड नं.3 | अर्चना सदस्य-वार्ड नं.4 | रामनरेश सदस्य-वार्ड नं.5 | रमजान सदस्य-वार्ड नं.6 | राघवेन्द्र प्रताप सिंह सदस्य-वार्ड नं.7
अनीता सदस्य-वार्ड नं.8 | राजेश सदस्य-वार्ड नं.9 | सुनीता सदस्य-वार्ड नं.10 | संजय कुमार सदस्य-वार्ड नं.11 | आशिया सदस्य-वार्ड नं.12 | राजू पाल सदस्य-वार्ड नं.13 | रामानन्द सदस्य-वार्ड नं.14

जय हिन्द
राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस, महाशिवरात्रि व रंगों का पर्व होली की समस्त जनपदवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
महा शिवरात्रि

अरुण कुमार (इंस्पेक्टर) स्थल सीमा शुल्क चौकी कस्टम-ठूठीबारी | भगवान शाह (इंस्पेक्टर) सीमा शुल्क सचल निवारण ईकाई (कस्टम) निचलौल, महराजगंज
त्रिलोकीनाथ गुप्ता (प्रोपराईटर) एस.एस. ट्रेडर्स खुदहा रोड रामजानकी नगर वार्ड नं.-1 नगर पंचायत पनियरा, जनपद महराजगंज
DRX. सैफ अली भारत मेडिकल स्टोर्स नगर पंचायत-पनियरा जनपद-महराजगंज
रामचन्द्र यादव (प्रबन्धक) रामरतन पी.जी कालेज रामपुर मंसुरगंज, पनियरा जनपद-महराजगंज
विपेश तिवारी प्रबन्धक सेक्रेड हार्ट स्कूल ठूठीबारी, जनपद-महराजगंज
डा. हेमन्त गुप्ता गुप्ता क्लीनिक नगर पंचायत-पनियरा जनपद-महराजगंज
ईश्वरचन्द ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत-इलाहाबाद वि.ख.-पनियरा, महराजगंज
विरेन्द्र कुमार निषाद ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत-कुंआचाप वि.ख.-पनियरा, महराजगंज
अजीत कुमार ग्राम प्रधान ग्राम सभा-ठूठीबारी, महराजगंज सचिव पिन्टू रौनियार
सुरेन्द्र चौरसिया (मैनेजिंग डायरेक्टर) न्यू ज्योति हास्पिटल एण्ड ट्रामा सेन्टर एवं न्यू राज अल्ट्रासाउण्ड सेन्टर न.पं.-पनियरा, जनपद-महराजगंज
आनन्द कुमार त्रिपाठी (प्रधानाध्यापक) प्राथमिक विद्यालय बरबसपुर नर्सरी (महुअवाँ शुक्ल) वि.ख.-पनियरा, महराजगंज
ओमप्रकाश कनौजिया ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत-गेहुंअना वि.ख.-पनियरा, महराजगंज
उमेश प्रजापति ग्राम प्रधान ग्राम सभा-मनिकापुर नौतनवाँ, जनपद-महराजगंज
अजय कुमार वर्मा चेयरमैन प्रत्याशी नगर पंचायत पनियरा समाजवादी पार्टी-महराजगंज
कृष्ण मुरारी उर्फ बबलू यादव ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत-रजौड़ा खुर्द वि.ख.-पनियरा, महराजगंज
अदालत सहानी ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत-जंगल बाकी टुकड़ा नं.-14 वि.ख.-पनियरा, महराजगंज
बैजनाथ यादव ग्राम प्रधान ग्राम सभा-भरवलिया निचलौल, जनपद-महराजगंज
दूधनाथ वर्मा ग्राम प्रधान ग्राम सभा-हसखोरी विकास खण्ड-पनियरा, जनपद-महराजगंज
दीनानाथ गुप्ता ग्राम प्रधान ग्राम सभा-महुअवाँ शुक्ल विकास खण्ड-पनियरा, जनपद-महराजगंज
शिवशंकर यादव (गामा यादव) ग्राम प्रधान प्रतिनिधि ग्राम पंचायत-नेवासपोखर विकास खण्ड-पनियरा, जनपद-महराजगंज
ऋषिकेश यादव ग्राम प्रधान ग्राम सभा-राजाबारी नौतनवाँ, जनपद-महराजगंज
रामकेश सिंह प्रधानाचार्य सरस्वती इण्टर कालेज इलाहाबाद, पनियरा, जनपद-महराजगंज
डा. एजाज अहमद (फीजिशियन एण्ड सर्जन) हरमैन हास्पिटल एण्ड अल्ट्रासाउण्ड सेन्टर निकट टैक्सी स्टैण्ड पनियरा बाजार जनपद-महराजगंज 24 घण्टे सेवा उपलब्ध। Mob.:7379420156
राम अशीष यादव ग्राम प्रधान प्रतिनिधि नरकटहां विकास खण्ड पनियरा, जनपद-महराजगंज